संयुक्त प्रांत पंचायत राज अधिनियम, 1947

{संयुक्त प्रांतीय अधिनियम सं0 26, 1947}

THE UNITED PROVINCES PANCHAYAT RAJ ACT, 1947

[U. P. ACT No. XXVI OF 1947]

संयुक्त प्रांत पंचायत राज अधिनियम, 1947[1]

{संयुक्त प्रांतीय अधिनियम सं0 26, 1947}

उ0प्र0अधिनियम संख्या 10, 1950
उ0प्र0अधिनियम संख्या 6, 1952
उ0प्र0अधिनियम संख्या 18, 1952
उ0प्र0अधिनियम संख्या 6, 1954
उ0प्र0अधिनियम संख्या 2, 1955
उ0प्र0अधिनियम संख्या 19, 1957
उ0प्र0अधिनियम संख्या 15, 1960
उ0प्र0अधिनियम संख्या 3, 1961
उ0प्र0अधिनियम संख्या 33, 1961
उ0प्र0अधिनियम संख्या 9, 1962
उ0प्र0अधिनियम संख्या 20, 1963
उ0प्र0अधिनियम संख्या 10, 1965
उ0प्र0अधिनियम संख्या 20, 1966
राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 38, 1968
उ0प्र0अधिनियम संख्या 14, 1968
उ0प्र0अधिनियम संख्या 6, 1969
उ0प्र0अधिनियम संख्या 19, 1970
उ0प्र0अधिनियम संख्या 18, 1971
उ0प्र0अधिनियम संख्या 31, 1972
उ0प्र0अधिनियम संख्या 3, 1973
उ0प्र0अधिनियम संख्या 37, 1978

द्वारा संशोधित

{यू0पी0 विधानसभा ने 5 जून, 1947 को तथा यू0 पी0 विधान परिष्द ने 16 सितम्बर, 1947 को पारित किया ।

गवर्नमेंट आफ इंडिया ऐक्ट, 1935 की धारा 76 के अधीन डोमीनियन आफ इंडिया के गर्वनर जनरल की स्वीकृति 7 दिसम्बर, 1947 को प्राप्त हुई तथा यू0पी0 गवर्नमेंट गजट में दिनांक 27 दिसम्बर, 1947 को प्रकाशित किया गया।}

संयुक्त प्रांत के ग्राम्य क्षेत्रों में स्थानीय स्वायत्त शासन स्थापित करने और विकसित करने के लिये,

अधिनियम

भूमिका

यह इष्टकर है कि संयुक्त प्रांत के ग्राम्य क्षेत्रों में स्थानीय स्वायत्त शासन स्थापित करने और विकसित किय व्यवस्था की जाये,

अतः एतदद्वारा निम्नलिखित अधिनियम बनाया जाता है :––

1. उददेश्यों और कारणों के विवरण दिनांक 8 अगस्त, 1946 का सरकारी गजट देखें ।

अध्याय 1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम

1––(1) यह संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947 कहलायेगा।

सं0प्रां0 अधिनियम सं0 2, 1916

(2) यह, विस्तार उत्तर प्रदेश में होगा, सिवाय उस क्षेत्र के {उत्तर प्रदेश नगर महापालिका अधिनियम, 1959 के उपबंधों के अधीन नगर अथवा}[5] जो संयुक्त प्रान्त म्यूनिसीपैलिटी ऐक्ट, 1916 के उपबंधों के अधीन म्यूनिसीपैलिटी {या}[1] नोटिफाइड एरिया अथवा ऐक्ट सं0 2, 1924

कैन्टोनमेन्टस ऐक्ट, 1924 के उपबंधों के अधीन कैन्टोनमेन्टस अथवा संयुक्त प्रांत टाउन एरियाज ऐक्ट, 1914 के उपबंधो के अधीन टाउन एरिया के रूप में घोषित किया जा चुका हो या उसमें सम्मिलित है या एतदपश्चात् घोषित या सम्मिलित किया जाये। सं0प्रां0 अधिनियम सं0 2, 1914

{***}[6]

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

परिभाषाएं

2––जब तक विषय या प्रसंग में कोई बात विरूद्ध न हो, इस अधिनियम में ––

(क) ''न्याय पंचायत'' का तात्पर्य धारा 42 के अधीन स्थापित न्याय पंचायत से है और इसके अन्तर्गत इसकी न्यायपीठ से है ;

(ख) ''वयस्क'' का तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जिसने {इक्कीस वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो}[2] ;

{(ख ख) पिछड़े वर्गों का तात्पर्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 की अनुसूची एक में विनिर्दिष्ट नागरिकों के पिछड़े वर्गों से है;}[9]

(ग) {''आपराधिक वाद''}[3] का तात्पर्य न्याय पंचायत द्वारा विचारणीय किसी अपराध के संबंध में दांडिक कार्यवाही से है {और इसके अन्तर्गत धारा 53 के अन्तर्गत कोई कार्यवाही भी है}[7] ;

(घ) ''सर्किल'' का तात्पर्य उस सर्किल से है जिसके भीतर कोई न्याय पंचायत धारा 42 के अधीन अधिकारिता का प्रयोग करती हो ;

(ङ) किसी {ग्राम सभा}[8] के अभिदेश में ''कलेक्टर'' अथवा ''जिला मजिस्ट्रेट'' या ''सब–डिवीजनल मजिस्ट्रेट'' का तात्पर्य यथास्थिति उस जिले के या उस सब डिवीजन मजिस्ट्रेट'' से है, जिसमें ऐसी {ग्राम सभा}[8] संघटित हो {और उसके अन्तर्गत क्रमशः अतिरिक्त कलेक्टर, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट भी होगें ;}[4]

{(च) ''जिला पंचायत'' का वही तात्पर्य होगा, जो उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 2 के खण्ड (ii) के अधीन इसके लिये दिया गया हो ;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 2 के खण्ड 1 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. उपर्युक्त की धारा 3 (1) द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उपर्युक्त की धारा 3 (2) द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 19, 1957 की धारा 2 (1) द्वारा बढ़ाया गया और सदैव से बढ़ाया गया समझा जाय।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 2 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट ।
6. उपर्युक्त की धारा 2 (ख) द्वारा निकाला गया ।
7. उपर्युक्त की धारा 3 (क) द्वारा अन्तर्विष्ट ।
8. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उपर्युक्त की धारा 3(क) द्वारा बढाया गया।

(छ) ''ग्राम सभा'' का तात्पर्य किसी ग्राम पंचायत के क्षेत्र के भीतर समाविष्ट किसी ग्राम की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों से गठित और धारा 3 के अधीन स्थापित किसी निकाय से है ;

(ज) ''ग्राम पंचायत'' का तात्पर्य धारा 12 के अधीन {संघटित}[9] ग्राम पंचायत से है ;}[6]

{(जज) वित्त आयोग का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 348–झ के अधीन संघटित वित्त आयोग से है;

(जजज) क्षेत्र पंचायत' का वही तात्पर्य होगा, जो उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 2 के खण्ड (6) के अधीन इसके लिए दिया गया है;}[7]

{(झ) ''निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी'' का तात्पर्य धारा 9 की उपधारा (1) के अधीन इस रूप में नाम–निर्दिष्ट या पदाभिहित अधिकारी से है;}[3]

(ञ) {* * *}[1]

{(ट) किसी न्याय पंचायत के निर्देश में, ''मुन्सिफ'' और ''न्यायिक मजिस्ट्रेट'' का तात्पर्य यथास्थिति उस मुन्सिफ या मजिस्ट्रेट से है जिसकी ऐसे न्याय पंचायत के सर्किल में क्रमशः सिविल या आपराधिक वादों के संबंध में स्थानीय अधिकारिता हो;}[4] {(टट) ''राज्य निर्वाचन आयोग'' का तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–ट में निर्दिष्ट राज्य निर्वाचन आयोग से है;

{(टटट) 'मुख्य निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)' का तात्पर्य राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी से है, जिसे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा, राज्य सरकार के परामर्श से, इस रूप में पदाभिहित या नाम–निर्दिष्ट किया गया हो;}[10]

(ठ) ''जनसंख्या का तात्पर्य ऐसी अन्तिम पूर्ववर्ती जनगणना में अभिनिश्चित की गई जनसंख्या से है, जिसके सुसंगत आंकड़े प्रकाशित हो गए हैं ;

(ठठ) 'पंचायत क्षेत्र' का तात्पर्य धारा 11–च की उपधारा (1) के अधीन इस रूप में घोषित किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक क्षेत्र से है;}[8]

(ड) {***}[5]

{(डड) ''सार्वजनिक सम्पत्ति'' और ''सार्वजनिक भूमि'' का तात्पर्य किसी ऐसे सं0 1, सार्वजनिक भवन पार्क या उद्यान या अन्य स्थान से जिसमें चाहे भुगतान करके या अन्यथा जनता की पहुँच तत्समय हो अथवा पहुँचने की अनुज्ञा दी जाती हो ;}[2] उ0प्र0 अधिनियम 1951

(ढ) ''लोक सभा'' का तात्पर्य दण्ड संहिता, 1860 की धारा 21 के अधीन सं0 45 यथापरिभाषित लोक सेवक से है ; 1860 का ऐक्ट

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 3 के उपखण्ड 3 द्वारा निकाला गया । 2. उपर्युक्त की धारा 3 की उपधारा (5) द्वारा बढ़ाया गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 3 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उपर्युक्त की धारा 3 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित ।
5. उपर्युक्त की धारा 3 (घ) द्वारा निकाला गया ।
6. उ0प्र0अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 3 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 3 (ग) द्वारा बढाया गया।
8. उपर्युक्त की धारा 3(घ) द्वारा प्रतिस्थापित।
9. उ0प्र0 अधिनियम सं0 29 वर्ष 1995 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
10. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 2 द्वारा बढ़ाया गया।

(ण) ''सार्वजनिक सड़क'' का तात्पर्य किसी मार्ग, पुल गली, चौक, बीथिका या पथ से है जिस पर जनता को आने जाने का अधिकार हो तथा इसके अन्तर्गत दोनों ओर की नालियां या नाले तथा उससे मिली हुई किसी सम्पत्ति को नियम सीमा तक की भूमि भी है भले ही ऐसी भूमि पर किसी बरामदे या अन्य अधिरचना का कोई प्रक्षेप हो {किन्तु इसके अन्तर्गत कोई ऐसा मार्ग पुल गली, चौक, बीथिका या पथ नहीं है जो राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी के स्वामित्व में हो या जिसका अनुरक्षण या मरम्मत उनके द्वारा किया जाता हो ;}[1]

(त) ''नियत'' का तात्पर्य इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये नियमों द्वारा नियत से है ;

{(थ) ''नियत प्राधिकारी'' का तात्पर्य निम्नलिखित से है) :––

(1) {उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961}[10] की अनुसूची 3 में उल्लिखित इस अधिनियम के उपबंधों के उपबंधों के प्रयोजनों के लिये, {जिला पंचायत}[9] या {क्षेत्र पंचायत}[9] जैसा कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट किया जाये ; तथा

(2) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबंध के संबंध में, वह प्राधिकारी जो राज्य सरकार द्वारा चाहे सामान्यतया या किसी विशेष प्रयोजन के लिये इस रूप में अधिसूचित किया जाये ;}[7]

(द) { *** }[2]

(ध) {सिविल वाद}[3] का तात्पर्य न्याय पंचायत द्वारा विचाराणीय सिविल वाद से है ;

{(धध) ''सब डिवीजनल'' के अन्तर्गत उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा नामोदिष्ट या नियुक्त अतिरिक्त सब डिविजनल अधिकारी भी है;}[6]

(न) ''गांव'' का तात्पर्य किसी ऐसे स्थानीय क्षेत्र से है, जो उस जिले के जिसमें वह स्थित हो, राजस्व संबंधी अभिलेखों में गांव के रूप में अभिलिखित हो {और इसके अन्तर्गत ऐसा क्षेत्र भी है, जिसे राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों के निमित्त या विशेष आदेश द्वारा गांव घोषित करें}[4] ;

(प) { * * * }[5]

(फ) { * * * }[5]

(ब) { * * * }[6]

{(भ) ''भूमि प्रबन्धक समिति'' का तात्पर्य उस भूमि प्रबन्धक समिति से है, जो धारा 28–क के अधीन स्थापित की गई हो या स्थापित की गई समझी जाती हो।}[8]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 3 की उपधारा 6 द्वारा बढ़ाया गया । 2. उपर्युक्त की धारा 3 की उपधारा 7 द्वारा निकाला गया ।
3. उपर्युक्त की धारा 3 की उपधारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उपर्युक्त की धारा 3 की उपधारा 9 द्वारा बढ़ाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 3 की उपधारा 10 द्वारा निकाला गया।
6. उ0प्र0अधिनियम सं0 19, 1957 की धारा 2 (2) द्वारा बढ़ाया गया।
7. उ0प्र0अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8 द्वारा प्रतिस्थापित ।
8. उपर्युक्त की अनुसूची 8 (2) द्वारा प्रतिस्थापित ।
9. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
10. उपर्युक्त की धारा 3(ङ) द्वारा प्रतिस्थापित।

अध्याय 2

{ग्राम सभा}[1] की स्थापना और संघटन

ग्राम सभा

{3–– (1) राज्य सरकार, सरकारी गजट में अधिसूचना द्वारा, किसी ग्राम के लिए या ग्रामों के समूह के लिए एक ग्राम सभा, ऐसे नाम से, जैसा विनिर्दिष्ट किया जाय, स्थापित करेगी:

प्रतिबन्ध यह है कि जहां ग्राम सभा ग्रामों के समूह के लिए स्थापित की जाय वहां सबसे अधिक जनसंख्या वाले ग्राम का नया ग्राम सभा के नाम के रूप में विनिर्दिष्ट किया जाएगा।}[2]

4–– {***}[3]

5–– {***}[3]

{अध्याय 2–क

ग्राम पंचायत के सदस्यों की अनर्हता और निर्वाचक नामावली इत्यादि}[4]

ग्राम पंचायत की सदस्यता के लिये अनर्हता

{5–क–– कोई व्यक्ति, किसी ग्राम पंचायत का सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए अनर्ह होगा, यदि ––

(क) वह राज्य सरकार विधान मण्डल के निर्वाचनों के प्रयोजनों के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि द्वारा या उसके अधीन अनर्ह हो :

प्रतिबन्ध यह है कि कोई व्यक्ति इस आधार पर अनर्ह नहीं होगा कि वह पच्चीस वर्ष से कम आये का है, यदि उसने इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो;

(ख) वह ग्राम पंचायत या किसी न्याय पंचायत का वैतनिक सेवक हो;

(ग) वह किस राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार या {ग्राम पंचायत या न्याय पंचायत से भिन्न, किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन किसी बोर्ड, निकाय या निगम}[5] के अधीन लाभ का कोई पद धारण करता हो;

(घ) वह किसी राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी न्याय पंचायत की सेवा से दुराचरण के कारण पदच्युत कर दिया गया हो;

(ङ) उस पर ऐसी अवधि के लिए, जैसी नियत की जाय, ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत या जिला पंचायत का कोई कर, फीस, शुल्क या कोई अन्य देय बकाया हो, या वह ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत या जिला पंचायत के अधीन कोई पद धारण करने के कारण प्राप्त उसके किसी अभिलेख या सम्पत्ति को उसे देने में, उसके द्वारा ऐसा किए जाने की अपेक्षा किये जाने पर भी, विफल रहा हो;

(च) वह अनुन्मोचित दिवालिया हो,

(छ) वह नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया हो;

(ज) उसे आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अधीन दिए गए किसी आदेश का उल्लंघन करने के कारण तीन मास से अधिक की अवधि के कारावास का दण्ड दिया गया हो;

1- उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

2- उपर्युक्त की धारा 4 द्वारा प्रतिस्थापित।

3. उपर्युक्त की धारा 5 द्वारा निरसित।

4. उपर्युक्त की धारा 6 द्वारा अध्याय 2–क बढ़ाया गया।

5. उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 21, 1998 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

(झ) उसे एसेंशियल सप्लाइज (टेम्पोरेरी पावर्स) ऐक्ट, 1946 अथवा यू0पी0 कंट्रोल आफ सप्लाईज (टेम्पोरेरी पावर्स) ऐक्ट, 1947 के अधीन दिये गये किसी आदेश का उल्लंघन करने के कारण छः मास से अधिक की अवधि के कारावास का या निर्वासन का दण्ड दिया गया हों,

(ञ) उसे संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 के अधीन तीन मास से अधिक की अवधि के कारावास का दण्ड दिया गया हो;

(ट) उसे स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अधीन किसी अपराध के लिये दोषसिद्ध ठहराया गया हो,

(ठ) उसे निर्वाचन सम्बन्धी किसी अपराध के लिये दोषसिद्ध ठहराया गया हो,

(ड) उसे संयुक्त प्रांत सामाजिक निर्योग्यताओं का निराकरण अधिनियम, 1947 या सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अधीन दोषसिद्ध ठहराया गया हो; या

(ढ) उसे धारा 95 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) के उपखण्ड (3) या (4) के अधीन पद से हटा दिया गया हो, जब तक कि ऐसी अवधि, जैसी कि उक्त धारा में इस निमित्त व्यवस्था की गई हो या ऐसी न्यूनतम अवधि, जैसी कि राज्य सरकार ने किसी विशेष मामले में आदेश दिया हो, व्यतीत न हो गई हो :

प्रतिबंध यह है कि खण्ड (घ), (च), (छ), (ज), (झ), (ञ), (ट), (ठ) या (ड) के अधीन अनर्हता की अवधि ऐसे दिनांक से, जिसे नियत किया जाय, पाचं वर्ष होगी :

अग्रत्तर प्रतिबन्ध यह है कि यथास्थिति बकायों का भुगतान कर दिए जाने या अभिलेख या संपत्ति दे दिए जाने पर खण्ड (ङ) के अधीन अनर्हता न रह जाएगी :

प्रतिबन्ध यह भी है कि प्रथम प्रतिबन्धात्मक खण्ड में निर्दिष्ट किन्हीं भी खण्डों के अधीन अनर्हता राज्य सरकार द्वारा नियत रीति से हटाई जा सकती है ।}[5]

5–ख–– { *** }[6]

सदस्यता का न रह जाना

{6–– (1) {ग्राम पंचायत का कोई सदस्य}[7] उसका सदस्य नहीं रह जायेगा यदि उस सदस्य से संबंधित प्रविष्टि {ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली}[8] से निकाल दी जाये ।}[4]

{(2) यदि कोई व्यक्ति उपधारा (1) के अधीन {ग्राम पंचायत}[9] का सदस्य नहीं रह जाये, तो वह किसी ऐसे पद पर भी जिस पर वह {ग्राम पंचायत}[9] का सदस्य होने के कारण निर्वाचित, नाम–निर्दिष्ट अथवा नियुक्त किया गया हो, बना न रहेगा।}[1]

अनर्हता संबंधी प्रश्न का निर्णय

{6–क–– यदि ऐसा कोई प्रश्न उठे कि कोई व्यक्ति {धारा 5–ए}[3] या धारा 6 की उपधारा (1) में उल्लिखित किसी अनर्हता का भागी हो गया है या तो ऐसा प्रश्न नियत प्राधिकारी को उसके निर्णय के लिये अभिर्दिष्ट किया जायेगा और किसी ऐसी अपील, जो नियत की जाये, के परिणाम के अधीन रहते हुये, अन्तिम होगा ।}[2]

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1955 की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. उपर्युक्त की धारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 19, 1957 की धारा 3 (2) द्वारा बढ़ाया गया
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 38, 1968 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थपित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 8 द्वारा निकाला गया।
7. उपर्युक्त की धारा 9(क) (एक) द्वारा प्रतिस्थापित ।
8. उपर्युक्त की धारा 9(क)(दो) द्वारा प्रतिस्थापित ।
9. उपर्युक्त की धारा 9(ख) द्वारा प्रतिस्थापित ।

7–– { * * * }[1]

{7–क–– (क) जहाँ 3 जुलाई, 1989 को विद्यमान किसी {ग्राम पंचायत}[4] में महिला सदस्यओं की संख्या, चाहे निर्वाचित या सहयोजित हो, {ग्राम पंचायत}[4] के लिए नियत सदस्यों की कुल संख्या के तीस प्रतिशत से कम हो, वहां {ग्राम सभा}[4] के सदस्यगण अनुपूरक निर्वाचन में, जो ऐसे दिनांक के पश्चात् यथाशीघ्र होगा, अपनी महिला सदस्यों में से उतनी महिला सदस्याओं को निर्वाचित करेंगे, जितनी {ग्राम पंचायत}[4] के लिए नियत सदस्यों की कुल संख्या के तीस प्रतिशत से कम हो और तदुपरान्त {ग्राम पंचायत}[4] के संघटन में उस सीमा तक परिवर्तन हो जायेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे अनुपूरक निर्वाचन में अनुसूचित जातियों की महिलाओं के लिए उतने स्थान आरक्षित रखे जायेंगे, जितने अनुपूरक निर्वाचन में भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या से यथासम्भव वही अनुपात होगा, जो {ग्राम सभा}[4] के क्षेत्र में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या का ऐसे क्षेत्र की कुल जनसंख्या से हो :

अग्रत्तर प्रतिबन्ध यह है कि जहां किसी {ग्राम पंचायत}[4] में अनुसूचित जाति की कोई महिला सदस्य, चाहे निर्वाचित या सहयोजित हो, नहीं है, वहां पूर्ववर्ती प्रतिबन्धात्मक खण्ड के अधीन आरक्षण ऐसे किया जायगा, जिससे कि कम से कम एक स्थान अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित हो।

(ख) {ग्राम पंचायत}[4] के लिए नियत सदस्यों की कुल संख्या के तीस प्रतिशत के बराबर महिला सदस्याओं की गणना करने के प्रयोजनार्थ, आधे या उससे कम की किसी भिन्न को छोड़ दिया जायगा और आधे से अधिक की भिन्न को एक गिना जायगा;

(ग) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अधीन तैयार की गई सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली, जैसी वह अनुपूरक निर्वाचन के लिए नाम–निर्देशन करने के लिए अन्तिम दिनांक को प्रवृत्त हो, जहां तक उसका सम्बन्ध किसी {गांव सभा}[4] के क्षेत्र से है, उस {गांव सभा}[4] के लिए निर्वाचक नामावली समझी जायगी और धारा 9–क, 12–क, 12–खख, 12–ख ग, 12–ख घ, 12–ग और 12–ञ के उपबन्ध ऐसे अनुपूरक

निर्वाचन पर यथावश्यक परिवर्तन सहित उसी प्रकार लागू होंगे, जिस प्रकार {गावं पंचायत}4 के सदस्यों के साधारण निर्वाचन पर लागू होते हैं;

(घ) यदि इस उपधारा के अधीन कोई अनुपूरक निर्वाचन करने में इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए किसी नियम के किसी उपबन्ध के निर्वाचन में या किसी ऐसे विषय के सम्बन्ध में, जिसकी व्यवस्था इस अधिनियम या तद्धीन बनाए गए नियमों में न की गई हो, कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार कठिनाई को दूर करने के लिए ऐसे आदेश, जो इस अधिनियम के उपबन्धों से असंगत न हों और जिसे वह उचित समझे, दे सकती है।}3

जनसंख्या में परिवर्तन अथवा {ग्राम पंचायत}4 के क्षेत्र की म्यूनिसीपैलिटीज आदि में सम्मिलित हो जाने का प्रभाव

8–– यदि किसी {ग्राम पंचायत}4 का सम्पूर्ण क्षेत्र किसी {नगर, म्युनिसीपैलिटी}2, नोटिफाइड एरिया अथवा कैन्टोनमेन्टस या टाउन एरिया में सम्मिलित कर लिया जाये, तो {ग्राम पंचायत}4 न रह जायेगी और उसकी परिसम्पत्ति तथा दायित्व नियत रीति से निस्तारित किये जायेगें। यदि ऐसे क्षेत्र का कोई भाग इस प्रकार सम्मिलित कर लिया जाये तो उतना भाग अधिकारिता में से कम हो जायेगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1955 की धारा 9 द्वारा निकाला गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित
3. उ0 प्र0 अधिनियम संख्या 27 वर्ष 1989 के अध्याय–तीन की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया। 4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 9}

प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली

1{9–– (1) ग्राम पंचायत के प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक नामावली, {इस अधिनियम के उपबन्धों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार,}2 राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अधीन तैयार की जाएगी।

{(1–क) राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण के अधीन रहते हुए, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार राज्य में निर्वाचक नामावलियों के तैयार किए जाने, पुनरीक्षण और शुद्धि का पर्यवेक्षण और उनसे संबंधित समस्त कृत्यों का सम्पादन करेगा।

(1–ख) निर्वाचक नामावलियों का तैयार किया जाना, पुनरीक्षण और शुद्धि ऐसे व्यक्तियों द्वारा और ऐसी रीति से की जायेगी, जैसी नियत की जाय।}3

(2) उपधारा (1) में निर्दिष्ट निर्वाचक नामावली नियत रीति से प्रकाशित की जाएगी और प्रकाशित कर दिए जाने पर वह इस {इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार,}4 किसी परिवर्तन, परिवर्द्धन या परिष्कार के अधीन रहते हुए, इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार तैयार की गई उस प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली होगी।

(3) उपधारा (4), (5), (6) और (7) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, प्रत्येक व्यक्ति, जिसने उस वर्ष की, जिसमें निर्वाचक नामावली तैयार या पुनरीक्षित की जाय, पहली जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और जो ग्राम पंचायत के किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में मामूली तौर से निवासी हो, उस प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण का हकदार होगा।

स्पष्टीकरण ––

(एक) किसी व्यक्ति के संबंध में केवल इसी कारण कि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में उसका किसी निवास–गृह पर स्वामित्व या कब्जा है, यह न समझ लिया जाएगा कि वह उस प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में मामूली तौर से निवासी है।

(दो) अपने मामूली निवास स्थान से अपने आपको अस्थायी रूप से अनुपस्थित रखने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में केवल इसी कारण यह न समझा जायगा कि वह वहां मामूली तौर से निवासी नहीं रहा।

(तीन) संसद या राज्य के विधान मण्डल का सदस्य, ऐसे सदस्य के रूप में अपने कर्तव्यों के सम्बन्ध में किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से अनुपस्थित रहने के कारण, अपनी पदावधि के दौरान उस क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी होने से परिविरत नहीं समझा जाएगा।

(चार) यह विनिश्चय करने के लिए कि किन व्यक्तियों को किसी सुसंगत समय पर किसी विशिष्ट क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी समझा जाय या न समझा जाय किन्हीं तथ्यों पर, जिन्हें नियत किया जाय, विचार किया जाएगा।

(पांच) यदि किसी मामले में यह प्रश्न उठे कि किसी सुसंगत समय पर कोई व्यक्ति मामूली तौर से कहां का निवासी है तो उस प्रश्न का अवधारण मामले के सभी तथ्यों के निर्देश में किया जाएगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित तथा धारा 9–क बढ़ाया गया। 2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 4 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 4 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 4 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

(4) कोई व्यक्ति किसी निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण के लिए अनर्ह होगा, यदि वह ––

(क) भारत का नागरिक न हो; या

(ख) विकृत चित्त हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो, या

(ग) निर्वाचनों सम्बन्धी भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मत देने के लिए तत्समय अनर्ह हो।

(5) जो व्यक्ति रजिस्ट्रीकरण के पश्चात् उपधारा (4) के अधीन अनर्ह हो जाय, उसका नाम उस निर्वाचक नामावली से तत्काल काट दिया जायगा, जिसमें वह दर्ज है :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे व्यक्ति के नाम को, जो ऐसी किसी अनर्हता के कारण निर्वाचक नामावली से काट दिया गया हो, उस नामावली में तत्काल फिर से रख दिया जायगा यदि ऐसी अनर्हता उस अवधि के दौरान, जिसमें ऐसी नामावली प्रवृत्त रहती है, किसी ऐसी विधि के अधीन हटा दी जाती है, जो ऐसा हटाना प्राधिकृत करती है।

(6) कोई व्यक्ति एक से अधिक गांव सभा की निर्वाचक नामावली में या एक ही गांव सभा की निर्वाचक नामावली में एक से अधिक बार रजिस्ट्रीकरण का हकदार न होगा।

(7) कोई व्यक्ति किसी गांव सभा की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण काहकदार नहीं होगा, यदि उसका नाम किसी नगर, म्यूनिसिपैलिटी या छावनी से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में दर्ज हो जब तक कि वह यह प्रदर्शित न करे कि उसका नाम ऐसी निर्वाचक नामावली से काट दिया गया है।

(8) जहां राज्य निर्वाचन आयोग का, चाहे उसको दिए गए किसी आवेदन–पत्र पर या स्वप्रेरणा से ऐसी जांच, जिसे वह उचित समझे, करने के पश्चात् यह समाधान हो जाए कि निर्वाचक नामावली की कोई प्रविष्टि सुधारी या निष्कासित की जानी चाहिए या रजिस्ट्रीकरण के हकदार किसी व्यक्ति का नाम निर्वाचक नामावली में परिवर्द्धित किया जाना चाहिए, वहां वह इस अधिनियम और इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों और आदेशों के अधीन, किसी प्रविष्टि का यथास्थिति सुधार, निष्कासन या परिवर्द्धन करेगा ––

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसा कोई सुधार, निष्कासन या परिवर्द्धन ग्राम पंचायत के किसी निर्वाचन के लिए नामांकन देने के अंतिम दिनांक के पश्चात् और उस निर्वाचन के पूर्ण होने के पूर्व नहीं किया जायगा :

अग्रत्तर प्रतिबन्ध यह है कि किसी व्यक्ति से सम्बन्धित प्रविष्टि का ऐसा कोई सुधार या निष्कासन, जो उसके हित पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला हो, उसे उसके विरूद्ध प्रस्तावित काग्रवाही के सम्बन्ध में सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा।

(9) राज्य निर्वाचन आयोग, यदि वह सामान्य या उप निर्वाचन के प्रयोजन के लिए ऐसा करना आवश्यक समझे, किसी ग्राम पंचायत के किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का ऐसी रीति से, जिसे वह उचित समझे, विशेष पुनरीक्षण करने का निदेश दे सकता है :

प्रतिबन्ध यह है कि इस अधिनियम के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली, जैसी कि वह कोई ऐसा निदेश दिए जाने के समय प्रवृत्त हो, प्रवृत्त बनी रहेगी जब तक कि इस प्रकार निदेशित विशेष पुनरीक्षण पूरा न हो जाए।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 9}

(10) {जहां तक कि इस अधिनियम या नियमों द्वारा उपबन्ध न किया गया हो, राज्य निर्वाचन आयोग,}[1] आदेश द्वारा निर्वाचक नामावली से सम्बन्धित निम्नलिखित विषयों के सम्बन्ध में उपबन्ध बना सकता है, अर्थात् :–

(क) इस अधिनियम के अधीन तैयार की गई निर्वाचक नामावली के प्रवृत्त होने के दिनांक और उसके प्रवर्तन की अवधि;

(ख) निर्वाचक नामावली में सम्बद्ध निर्वाचक के आवेदन–पत्र पर किसी वर्तमान प्रविष्टि की शुद्धि;

(ग) निर्वाचक नामावलियों में लिपिकीय या मुद्रण सम्बन्धी त्रुटियों की शुद्धि;

(घ) निर्वाचक नामावली में किसी ऐसे व्यक्ति का नाम सम्मिलित करना–

(एक) जिसका नाम प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित क्षेत्र की विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो किन्तु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित न हो या जिसका नाम किसी अन्य प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में गलती से सम्मिलित किया गया हो, या

(दो) जिसका नाम इस प्रकार की विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित न हो किन्तु जो प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण के लिए अन्यथा अर्ह हो;

(ङ) निर्वाचक नामावलियों की अभिरक्षा और उनका परिरक्षण;

(च) नाम सम्मिलित करने या हटाने के लिए आवेदन–पत्र पर देय फीस;

(छ) निर्वाचक नामावलियां तैयार और प्रकाशित करने से सम्बन्धित सामान्यताया सभी विषय।

(11) पूर्वगामी उपधाराओं में दी गई किसी बात के होते हुए भी, राज्य निर्वाचन, आयोग किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने के प्रयोजनों के लिए, तत्समय प्रवृत्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अधीन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए तैयार की गई निर्वाचक नामावली को अपना सकता है, जहाँ तक उसका सम्बन्ध उस प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के क्षेत्र से हो:

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली में ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन के नाम–निर्देशन के अन्तिम दिनांक के पश्चात् और उस निर्वाचन के पूरा होने के पूर्व, किसी संशोधन, परिवर्तन या शुद्धि को सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

(12) किसी सिविल न्यायालय को निम्नलिखित की अधिकारिता न होगी ––

(क) इस प्रश्न को ग्रहण करना या उस पर निर्णय देना कि कोई व्यक्ति किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकरण के लिए हकदार है या नहीं; या

(ख) निर्वाचक नामावली के तैयार करने और प्रकाशन के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा या उसके प्राधिकार के अधीन की गई किसी कार्यवाही {या इस निमित्त नियुक्त किए गए किसी प्राधिकारी या अधिकारी द्वारा किए गए किसी विनिश्चय}[2] की वैधता पर आपत्ति करना।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 4 (घ) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 4 (ङ) द्वारा बढ़ाया गया।

मत देने अधिकार

9–क–– इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन अन्यथा उपबन्धित के सिवाय प्रत्येक इत्यादि का व्यक्ति, जिसका नाम किसी {ग्राम पंचायत के किसी}[6] प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में तत्समय सम्मिलित हो, {उस ग्राम पंचायत या संबंधित न्याय पंचायत}[7] में किसी निर्वाचन में मत देने का हकदार होगा और उसमें किसी पद पर निर्वाचन, नाम–निर्देशन या नियुक्ति किए जाने के लिए पात्र होगा :

प्रतिबन्ध यह है कि कोई व्यक्ति, जिसने इक्कीस वर्ष की आयु पूरी न कर ली हो, किसी ग्राम पंचायत के सदस्य या पदाधिकारी के रूप में निर्वाचित होने के लिए अर्ह नहीं होगा।}[3]

{ग्राम सभा}[2] स्थापित करने और {ग्राम पंचायम}[2] के कार्यकरण में उत्पन्न होने वाली कठिनाई दूर किया जाना

10–– यदि कोई {ग्राम सभा}[2] स्थापित करने में या किसी {ग्राम पंचायत}[2] के कार्यकरण में इस अधिनियम के किसी उपबंध के या इसके अधीन बनाये किसी नियम के निर्वचन अथवा ऐसे निर्वचन से या उसके संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी विषय के संबंध में का जिसके लिये इस अधिनियम में व्यवस्था न हों, कोई विवाद या कठिनाई उत्पन्न हो तो उसे राज्य सरकार को अभिदिश्ट किया जायेगा, जिसका उस पर दिया गया निर्णय अन्तिम और निश्चायक होगा।

अध्याय 3

{ग्राम सभा}[2] – उसकी बैठकें तथा कृत्य

{ग्राम सभा की बैठकें और कृत्य}[4]

{11–– (1) प्रत्येक {ग्राम सभा}[2] की प्रतिवर्ष दो सामान्य बैठकें होगी, एक बैठक खरीफ की फसल काटने के तुरन्त बाद (जो एतद्पश्चात खरीफ की बैठक कही जायेगी) और दूसरी रबी की फसल काटने के तुरन्त बाद {जिनकी अध्यक्षता सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा की जाएगी}[5] :

प्रतिबंध यह है कि नियत प्राधिकारी द्वारा लिखित रूप से मांग किये जाने पर अथवा सदस्यो की संख्या के कम से कम एक बटा पांच की मांग पर, ऐसी मांग के दिनांक से तीस दिन के भीतर किसी भी समय एक असाधारण सामान्य बैठक बुला सकता है। {ग्राम सभा}[2] की समस्त बैठक का समय और स्थान नियत रीति से प्रकाशित किया जायेगा :

अग्रेतर प्रतिबंध यह है कि प्रधान यथा पूर्वोक्त बैठक बुलाने में चूक करे तो नियत प्राधिकारी नियत की जाने वाली अवधि के भीतर ऐसी बैठकें बुला सकती है ।

(2) {ग्राम सभा}[2] की किसी बैठक के लिये गणपूर्ति की संख्या सदस्यों की संख्या की एक बटा पांच होगी, किन्तु प्रतिबंध यह है कि गणपूर्ति के अभाव में स्थगित की गयी किसी बैठक के लिये गणपूर्ति की आवश्यकता न होगी।}[1]

¿(3) ग्राम सभा निम्नलिखित मामलों पर विचार करेगी और ग्राम पंचायत को सिफारिश और सुझाव दे सकती है :––

(क) ग्राम पंचायत के खातों का वार्षिक विवरण, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की प्रशासन की रिपोर्ट और अन्तिम लेखा परीक्षा टिप्पणी और उस पर दिए गए, उत्तर, यदि कोई हो;

(ख) पूर्ववर्ती वर्ष से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के विकास कार्यक्रमों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान लिए जाने के लिए प्रस्तावित विकास कार्यक्रमों की रिपोर्ट;

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1955 की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित तथा धारा 9–क बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 12 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

5. उपर्युक्त की धारा 12 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 5 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 5 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

(ग) ग्राम में समाज के सभी वर्गों के बीच एकता और समन्वय की अभिवृद्धि;

(घ) ग्राम के भीतर प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम;

(ङ) ऐसे अन्य मामले, जैसे नियत किए जाएं।

(4) ग्राम पंचायत ग्राम सभा की सिफारिशों और सुझावों पर सम्यक विचार करेगी।

(5) ग्राम सभा निम्नलिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी, अर्थात् :–

(क) सामुदायित कल्याण कार्यक्रमों के लिए स्वैच्छिक श्रम और अंशदान जुटाना;

(ख) ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए हिताधिकारी की पहचान;

(ग) ग्राम से सम्बन्धित विकास योजनाओं के कियान्वयन में सहायता पहुंचाना।}[1]

{अध्याय 3–क

ग्राम पंचायत}[2]

ग्राम पंचायत का प्रधान और उपप्रधान

{11–क–– ग्राम पंचायत का एक प्रधान और एक उपप्रधान होगा, जो क्रमशः उसके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष होंगे।

(2) राज्य सरकार, आदेश द्वारा, प्रधान के पदों को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित करेगी :

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित प्रधानों के पदों की संख्या का अनुपात प्रधानों की कुल संख्या से यथाशक्य वही होगा, जो राज्य की अनुसूचित जातियों की या राज्य की अनुसूचित जनजातियों की या राज्य के पिछड़े वर्गों की जनसंख्या का अनुपात राज्य की कुल जनसंख्या से है;

अग्रत्तर प्रतिबन्ध यह है कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण प्रधानों के पदों की कुल संख्या के {चौदह}[5] प्रतिशत से अधिक नहीं होगा :

{प्रतिबन्ध यह भी है कि यदि पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के आँकडें उपलब्ध न हों तो नियत रीति से सर्वेक्षण करके उनकी जनसंख्या अवधारित की जा सकती है।}[4]

(3) उपधारा (2) के अधीन आरक्षित प्रधानों के पदों की कुल संख्या के {आधे से अन्यून}[6] पद यथास्थिति,, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

(4) प्रधानों के पदों की कुल संख्या के {आधे से अन्यून}[6] पद, जिसमें उपधारा (3) के अधीन आरक्षित प्रधानों के पदों की संख्या सम्मिलित है, महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

(5) इस धारा के अधीन आरक्षित प्रधानों के पद भिन्न–भिन्न ग्राम पंचायतों में चक्रानुक्रम द्वारा ऐसे क्रम में, जैसा नियत हो, आवंटित किए जायेंगे।

(6) इस धारा के अधीन अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए प्रधानों के पदों का आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 334 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेगा।

स्पष्टीकरण–– यह स्पष्ट किया जाता है कि इस धारा में कोई बात अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों और महिलाओं को अनारक्षित स्थानों से निर्वाचन लड़ने से नहीं रोकेगी।}[3]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 12 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

2. उपर्युक्त की धारा 13 द्वारा बढ़ाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 14 द्वारा प्रतिस्थापिता।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 30 वर्ष 2005 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 07 वर्ष 2008 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रधान का निर्वाचन तथा कार्यकाल

{11–ख–– (1) ग्राम प्रधान का प्रधान, किसी पंचायत क्षेत्र के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नियमावली में रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों द्वारा, अपने में से, निर्वाचित किया जाएगा।

(2) यदि किसी ग्राम पंचायत के सामान्य निर्वाचन में, प्रधान का निर्वाचन नहीं किया जाता है और ग्राम पंचायत के कुल सदस्यों की संख्या के दो–तिहाई से कम सदस्य निर्वाचित किए जाते हैं तो राज्य सरकार या इसके द्वारा तदर्थ प्राधिकृत कोई अधिकारी, आदेश द्वारा या तो ––

(एक) प्रशासनिक समिति, जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों के रूप में निर्वाचित किए जाने के लिए, ऐसी संख्या में, जैसी वह उचित समझे, अर्ह व्यक्ति होंगे,

या

(दो) प्रशासक नियुक्त कर सकता है।

(3) प्रशासनिक समिति के सदस्य या प्रशासक छः माह से अनधिक ऐसी अवधि के लिए, जैसा कि राज्य सरकार, उपधारा (2) में निर्दिष्ट आदेश में विनिर्दिष्ट करे, पद धारण करेगा।

(4) उपधारा (2) के अधीन प्रशासनिक समिति या प्रशासक की नियुक्ति पर ऐसी नियुक्ति के पूर्व ग्राम पंचायत के प्रधान या सदस्य के रूप में चुने एग व्यक्ति, यदि कोई हो, ऐसे प्रधान या यथास्थिति सदस्य नहीं रह जायेंगे और ग्राम पंचायत, इसके प्रधान और समितियों की समस्त शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य ऐसी प्रशासनिक समिति या प्रशासक में निहित होंगे और उनके द्वारा उनका प्रयोग, सम्पादन और निर्वहन किया जायगा।

(5) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए प्रशासनिक समिति का प्रशासक सम्यक रूप से संघटित ग्राम पंचायत समझी जाएगी :

प्रतिबंध यह है कि उपधारा (2) के अधीन प्रशासनिक समिति या प्रशासक की नियुक्ति के पश्चात् यदि किसी समय राज्य सरकार का यह समधान हो जाय कि ग्राम पंचायत के सम्यक रूप से संघटित किए जाने में कोई कठिनाई नहीं है, राज्य सरकार इस बात के होते हुए भी कि जिस अवधि के लिए प्रशासनिक समिति या प्रशासक नियुक्त किया गया था, समाप्त नहीं हुई है, राज्य चुनाव आयोग को ग्राम पंचायत संघटित करने के लिए निर्वाचन कराने का निदेश दे सकती है।

(6) इस अधिनियम में अन्यथा उपबन्धित के सिवाय, प्रधान की पदावधि ग्राम पंचायत के कार्यकाल के साथ समाप्त होगी।}₂

उपप्रधान का निर्वाचन और उसका कार्यकाल

{11–ग–– (1) उपप्रधान {ग्राम पंचायत}₁ के सदस्यों द्वारा अपने सदस्यों में से ऐसी रीति से निर्वाचित किया जायेगा जो नियत की जाये ;

प्रतिबंध यह है कि {ग्राम पंचायत}₁ तदर्थ नियमों द्वारा या उनके अधीन नियत समय के भीतर उपप्रधान को इस प्रकार निर्वाचित करने में चूक करे तो नियत प्राधिकारी {ग्राम पंचायत}₁ के किसी सदस्य को उपप्रधान नामनिर्दिष्ट कर सकता है, और इस प्रकार नाम निर्दिष्ट व्यक्ति सम्यक रूप से निर्वाचित किया गया समझा जायेगा ।

(2) उपप्रधान का कार्यकाल चाहे वह उत्तर प्रदेश ग्राम्य स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अधिनियम, 1972 के प्रारम्भ के पूर्व अथवा पश्चात् निर्वाचित या नाम निर्दिष्ट हुआ हो, यथास्थिति उसके निर्वाचन या नाम निर्देशन के दिनांक से प्रारम्भ होगा, और जब तक वह उसे इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन अन्यथा समाप्त न कर दिया जाये, {ग्राम पंचायत}₁ के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा ।

(3) {***}3

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 15 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 13 वर्ष 2006 की धारा 2 द्वारा निकाला गया।

{11–घ–– कोई व्यक्ति एक साथ हो ––

{धारा 11घ–11च}

कतिपय पदों को एक साथ धारण करने का प्रतिबन्ध

(क) ग्राम पंचायत का प्रधान और न्याय पंचायत का पंच न होगा; या

(ख) एक से अधिक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से ग्राम पंचायत का सदस्य न होगा;

(ग) ग्राम पंचायत का सदस्य और न्याय पंचायत का पंच न होगा; या

(घ) एक से अधिक ग्राम पंचायतों या न्याय पंचायतों में कोई पद धारण न करेगा;

और किसी व्यक्ति द्वारा, जो ऐसे पदों को भरने के लिये चुना गया हो, जिन्हें वह एक साथ धारण न कर सकता हो, एक के अतिरिक्त सभी पदों को रिक्त किये जाने की व्यवस्था नियमों की जा सकती है ।

एक साथ दो पद धारण करने पर अग्रेतर रोक

11–ङ –– (1) कोई व्यक्ति ग्राम पंचायत का प्रधान या सदस्य या न्याय पंचायत का पंच निर्वाचित होने या ऐसा पद धारण करने के लिये अनर्ह होगा, यदि वह––

(क) संसद का या राज्य विधान मंडल का सदस्य है, या

{(ख) किसी क्षेत्र पंचायत का सदस्य, प्रमुख या उपप्रमुख है ; या

(ग) किसी जिला पंचायत का सदस्य, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष है; या}1

(घ) किसी सहकारी समिति का अध्यक्ष या उपाध्यक्ष है।

(2) कोई व्यक्ति, यदि बाद में उपधारा (1) के खण्ड (क) से (घ) में उल्लिखित किसी पद पर निर्वाचित होता है, तो वह ऐसे अनुवर्ती निर्वाचन के दिनांक से, यथास्थिति ग्राम पंचायत के प्रधान या सदस्य या न्याय पंचायत के पंच के पद पर नहीं रह जायेगा और तदुपरान्त यथास्थिति, ऐसे प्रधान, सदस्य या पंच के पद में आकस्मिक रिक्ति हो जायेगी।

{(3) इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए भी, उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के पश्चात् ग्राम, खण्ड और जिला स्तर की पंचायतों को संघटित करने के लिए हुए प्रथम निर्वाचनों में यदि कोई व्यक्ति दो या अधिक स्तरों की पंचायतों का सदस्य चुना जाता है तो वह निर्वाचनों के परिणामों की घोषणा के दिनांक से साठ दिन के भीतर या यदि उक्त दो या अधिक स्तर की पंचायतों के सम्बन्ध में निर्वाचनों के परिणों की घोषणा भिन्न–भिन्न दिनांकों को की गई है तो अन्तिम घोषणा के दिनांक से साठ दिन के भीतर एक स्थान को छोड़कर अन्य सभा स्थानों से अपना त्याग–पत्र प्रस्तुत करेगा और इस तरह से त्याग–पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहने की स्थिति में, जिन स्तरों की पंचायतों के लिए वह निर्वाचित हुआ है उनमें से सर्वोच्च स्तर की पंचायत में उसके स्थान को दोड़कर अन्य सभी पंचायतों में उसका स्थान रिक्त समझा जायेगा।}2

'पंचायत क्षेत्र' की घोषणा

{11–च–– (1) राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, अधिसूचना द्वारा किसी ग्राम या ग्रामों के समूह, जिनकी जनसंख्या राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में यथासाध्य 300 तथा मैदानी क्षेत्रों में यथासाध्य 1000 हो, में समाविष्ट किसी क्षेत्र को ऐसे नाम से, जैसा विनिर्दिष्ट किया जाये, 'पंचायत क्षेत्र' घोषित कर सकती है :

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में अधिकतम जनसंख्या यथासाध्य 1000 तथा मैदारी क्षेत्रों में यथासाध्य 5000 से अधिक नहीं होगी :

अग्रेत्तर प्रतिबन्ध यह है कि किसी राजस्व ग्राम या उसके किसी मजरे को 'पंचायत क्षेत्र' की घोषणा के प्रयोजनों के लिए विभाजित नहीं किया जायगा :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 29 वर्ष 1995 की धारा 3 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 3 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 12}

प्रतिबन्ध यह भी है कि यदि व्यवहारिक दृष्टि से उक्त प्रतिबन्धों का पालन किया जाना सम्भव न हो तो अपरिकार्य एवं विशिष्ट परिस्थितियों में, राज्य सरकार आदेश द्वारा प्रतिबन्ध शिथिल कर सकती है।

(2) राज्य सरकार, संबंधित ग्राम पंचायत के अनुरोध पर या अन्यथा और प्रस्ताव के पूर्व प्रकाशन के पश्चात् अधिसूचना द्वारा, किसी भी समय––

(क) किसी पंचायत क्षेत्र में किसी ग्राम या ग्रामों के समूह को सम्मिलित करके या उससे निकालकर, परिष्कार कर सकती है;

(ख) पंचायत क्षेत्र के नाम में परिवर्तन कर सकती है; या

(ग) यह घोषणा कर सकती है कि कोई क्षेत्र पंचायत क्षेत्र नहीं रह गया है।}[5]

ग्राम पंचायत

{12–– (1) (क) प्रत्येक पंचायत क्षेत्र के लिए उस पंचायत क्षेत्र के नाम पर एक ग्राम पंचायत {संघटित}[4] की जायगी;

(ख) प्रत्येक ग्राम पंचायत एक निगमित निकाय होगी;

{(ग) किसी ग्राम पंचायत में एक प्रधान और किसी पंचायत क्षेत्र की स्थिति में, जिसकी जनसंख्या––

(एक) 500 तक, 5 सदस्य होंगे;

(दो) 501 से 1000 तक, 7 सदस्य होंगे;

(तीन) 1001 से 2000 तक, 9 सदस्य होंगे;

(चार) 2001 से 3000 तक, 11 सदस्य होंगे;

(पांच) 3001 से 5000 तक, 13 सदस्य होंगे;

(छः) 5001 से 2000 तक, 15 सदस्य होंगे;}[6]

(घ) ग्राम पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन के प्रयोजन के लिए, प्रत्येक पंचायत क्षेत्र को ऐसी रीति से प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित किया जायगा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या और उसको आवंटित स्थानों की संख्या के बीच अनुपात समस्त पंचायत क्षेत्र में यथासाध्य एक ही हो;

(ङ) ग्राम पंचायत के प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व ग्राम पंचायत में एक सदस्य द्वारा किया जायगा;

{(च) किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन नियत रीति से किया जा सकता है और यदि आवश्यक हो तो इस सम्बन्ध में नियम भूतलक्षी प्रभाव से, किन्तु उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अधिनियम, 1994 के प्रारम्भ के दिनांक के पूर्व से नहीं, बनाये जा सकते हैं।}[2]

(2) {***}[3]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1995 की धारा 8(क)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 8 (क)(दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 8 (ख) द्वारा निकाला गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 29 वर्ष 1995 की धारा 4 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 08 वर्ष 2002 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 4 द्वारा प्रतिस्थापित।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 12}

(3) (क) कोई ग्राम पंचायत, जब तक कि उसे धारा 95 की उपधारा (1) के खण्ड (च) के अधीन पहले ही विघटित न कर दिया जाय, अपनी प्रथम बैठक के लिए नियत दिनांक से पांच वर्ष तक, न कि उससे अधिक, बनी रहेगी;

(ख) किसी ग्राम पंचायत के संघटन के लिये निर्वाचन ––

(एक) खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट उसके कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व;

(दो) उसके विघटन के दिनांक से छः मास के अवधि की समाप्ति के पूर्व; पूरा कराया जायगा :

प्रतिबन्ध यह है कि जहां विघटित ग्राम पंचायत की शेष अवधि तब तक कि ग्राम पंचायत बनी रह सकती थी, छः मास से कम हो, वहां ग्राम पंचायत का संघटन करने के लिये इस उपधारा के अधीन कोई निर्वाचन कराना आवश्यक नहीं होगा;

(ग) किसी ग्राम पंचायत के कार्यकाल की समाप्ति के पूर्व विघटन पर संघटित की गई ग्राम पंचायत उस अवधि के केवल शेष भाग के लिए, जिस अवधि तक विघटित ग्राम पंचायत खण्ड (क) के अधीन बनी रहती, यदि उसे इस प्रकार विघटित न किया जाता, बनी रहेगी;

(घ) ग्राम पंचायत का संघटन ऐसी रीति से अधिसूचित किया जायगा, जो नियत की जाय और तदुपरान्त ग्राम पंचायत को सम्यक रूप से संघटित समझा जायगा, भले ही उसमें कोई रिक्ति हो :

प्रतिबन्ध यह है कि ग्राम पंचायत के संघटन को तब तक इस प्रकार अधिसूचित नहीं किया जायेगा जब तक कि ग्राम पंचायत के प्रधान और कम से कम दो तिहाई सदस्य निर्वाचित न हो जायं।

{(3–क) इस अधिनियम के किन्हीं अन्य उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी, जहां अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण या लोकहित में किसी क्रमशः ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत का संघटन करने के लिए उसके कार्यकाल के अवसान तथा उसके बाद बढ़ी हुई छः माह की अवधि के पूर्व निर्वाचन कराना साक्ष्य नहीं है, वहां राज्य सरकार या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी आदेश द्वारा, प्रशासक नियुक्त कर सकता है और प्रशासक छः माह से अनधिक ऐसी अवधि के लिए जैसा कि उक्त आदेश में विनिर्दिष्ट की जाये, पद धारण करेगा और क्रमशः ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत उसके क्रमशः प्रधान, प्रमुख तथा अध्यक्ष और समितियों की समस्त शक्तियां, कृत्य और कर्तव्य, तथा स्थिति, ऐसे प्रशासक में निहित होंगे और उसके द्वारा उनका प्रयोग, सम्पादन और निर्वहन किया जायगा।}[1]

(4) ग्राम पंचायत के किसी सदस्य का कार्यकाल, जब तक कि इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन अन्यथा समाप्त न कर दिया जाय, ग्राम पंचायत के कार्यकाल के साथ समाप्त हो जायेगा।

(5)(क) प्रत्येक ग्राम पंचायत में, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए स्थान आरक्षित किये जायेंगे और इस प्रकार आरक्षित स्थानों की संख्या का अनुपात, ग्राम पंचायत में स्थानों की कुल संख्या में यथाशक्य वही होगा, जो पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जातियों की या पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों की या पंचायत क्षेत्र में पिछड़े वर्गों की जनसंख्या का अनुपात ऐसे क्षेत्र की कुल जनसंख्या में हो और ऐसे स्थान किसी ग्राम पंचायत के विभिन्न प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे क्रम में चक्रानुक्रम में आवंटित किये जायेंगे, जैसा नियत किया जाय :

प्रतिबन्ध यह है कि पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण ग्राम पंचायत में कुल स्थानों की संख्या के {चौदह}[2] प्रतिशत से अधिक नहीं होगा :

1. उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 15 वर्ष 2002 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 30 वर्ष 2005 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{अग्रत्तर प्रतिबंध यह है कि यदि पिछड़े वर्गों की जनसंख्या के आंकड़े उपलब्ध न हो तो नियत रीति से सर्वेक्षण करके उनकी जनसंख्या अवधारित की जा सकती है।}[7]

(ख) खण्ड (क) के अधीन आरक्षित स्थानों के {आधे से अन्यून}[9] स्थान क्रमशः अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे;

(ग) खण्ड (ख) के अधीन महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या को सम्मिलित करते हुए, किसी ग्राम पंचायत में कुल स्थानों की संख्या के {आधे से अन्यून}[9] स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे और ऐसे स्थान किसी ग्राम पंचायत के विभिन्न प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे क्रम में चक्रानुक्रम में आवंटित किये जायेंगे, जैसा नियत किया जाय;

(घ) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 334 में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पर प्रभावी नहीं रहेगा।

स्पष्टीकरण–– यह स्पष्ट किया जाता है कि इस धारा में कोई बात अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों और महिलाओं को अनारक्षित स्थानों से निर्वाचन लड़ने से नहीं रोकेगी।

(6) प्रधान को ग्राम पंचायत का सदस्य समझा जायगा।}[3]

निर्वाचन की रीति

{12–क–– {***}[4] प्रधान या उपप्रधान अथवा {ग्राम पंचायत}[2] के किसी सदस्य के पद के लिये निर्वाचन नियत रीति से गुप्त मत पत्र द्वारा होगा।}[1]

प्रधान, उपप्रधान और सदस्यों के भत्ते

{12–कक–– (1) ग्राम पंचायत का प्रधान और उप प्रधान ऐसे भत्ते और मानदेय, जैसा कि नियत किया जाय, प्राप्त करेगा।

(2) प्रधान और उपप्रधान से भिन्न ग्राम पंचायत का सदस्य ऐसे भत्तों को, जैसा नियत किया जाय, प्राप्त करेगा।}[5]

ग्राम पंचायत की बैठकें

{12–ख–– (1) कार्य सम्पादन के लिए ग्राम पंचायत की बैठक सामान्यतया प्रत्येक मास में कम से कम एक बार होगी, किन्तु दो लगातार बैठकों के बीच दो मास का अन्तर नहीं होगा :

परन्तु यह कि किसी ग्रम पंचायत की प्रथम बैठक के लिए नियत की जाने वाली तारीख उसके गठन की तारीख से तीस दिन के भीतर होगी।

(2) ग्राम पंचायत की बैठकें, ऐसे स्थान पर और ऐसी रीति से, आयोजित की जायेंगी, जैसी निहित की जाय।}[10]

ग्राम पंचायत के निर्वाचनों का अधीक्षण इत्यादि

{12–खख–– {(1)}[8] ग्राम पंचायत के प्रधान, उप प्रधान और सदस्यों के निर्वाचन के संचालन का अधीक्षण, निदेशन और नियन्त्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होगा।}[6]

{(2) राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण के अधीन रहते हुए, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) राज्य में प्रधान, उप प्रधान या किसी ग्राम पंचायत के किसी सदस्य के पद पर निर्वाचन के संचालन का पर्यवेक्षण और उससे संबंधित समस्त कृत्यों का सम्पादन करेगा।}[8]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 38, 1968 की धारा 6 द्वारा प्रतिस्थापित ।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 17 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 18 द्वारा मिटाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 19 द्वारा बढ़ाया गया।
6. उपर्युक्त की धारा 21 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 21 वर्ष 1995 की धारा 8 (ग) द्वारा बढ़ाया गया।
8. उपर्युक्त की धारा 9 द्वारा पुनर्संख्यांकित और बढ़ाया गया।
9. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 07 वर्ष 2008 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
10. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 14 वर्ष 2008 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(3) राज्य सरकार, राज्य निर्वाचन आयोग के परामर्श से, अधिसूचना द्वारा, किसी ग्राम पंचायत के प्रधान, उपप्रधान या सदस्यों के सामान्य निर्वाचन या उपनिर्वाचन के लिए दिनांक या दिनांकों को नियत करेगी।}[4]

निर्वाचनों का अधीक्षण

{12–ख ग–– {(1) राज्य निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन रहते

हुए, जिला मजिस्ट्रेट जिले में ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान और सदस्यों के सभी निर्वाचनों के संचालन का पर्यवेक्षण करेगा।}[1]

(2) जिले में प्रत्येक निर्वाचन निदेशक (पंचायत) राज्य में उपर्युक्त समस्त या किसी भी स्थानीय प्राधिकारी से और उपर्युक्त संस्थाओं के प्रबन्धाधिकरण जब जिला मजिस्ट्रेट द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाये उसे अथवा जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्ति किसी अन्य अधिकारी को ऐसे कर्मचारी उपलब्ध करेगा, जो ऐसे निर्वाचन के संबंध में किन्ही कर्तव्यों का पालन करने के लिये आवश्यक हों ।

(3) इसी प्रकार {राज्य निर्वाचन आयोग}[2] राज्य में उपर्युक्त समस्त या किसी भी स्थानीय प्राधिकारी से और उपर्युक्त संस्थाओं के प्रबन्धाधिकारियों से उपधारा (2) के अभिदिश्ट किसी अधिकारी को ऐसे कर्मचारी उपलब्ध कराने की अपेक्षा कर सकताहै जो ऐसे निर्वाचन के संबंध में किंही कर्तव्यों का पालन करने के लिये आवश्यक हो और वे प्रत्येक ऐसी अधियाचना का पालन करेगें ।

(4) यदि उपधारा (2) या (3) में अभिदिश्ट किसी स्थानीय प्राधिकरण या संस्था का कोई कर्मचारी ऐसे निर्वाचनों के संबंध में किसी कर्तव्य का पालन करने के लिये नियुक्त किया जाये तो वह ऐसे कर्तव्य का पालन करने के लिय बाध्य होगा ।

परिसर, यानों आदि का निर्वाचन के प्रयोजन के लिए अधिग्रहण

[3]{12–खगक–– (1) यदि जिला मजिस्ट्रेट को यह प्रतीत हो कि जिले के भीतर इस अधिनियम के अधीन होने वाले किसी निर्वाचन के संबंध में–

(क) इस प्रयोजन के लिए कि उसका मतदान स्थल के रूप में या मतदान होने के पश्चात् मतपेटियों के रखने के लिए उपयोग किया जाय, किसी परिसर की आवश्यकता है या आवश्यकता होनी संभाव्य है, अथवा

(ख) किसी मतदानर स्थल से या, को मतपेटियों के परिवहन के प्रयोजन के लिए या ऐसे निर्वाचन के संचालन के दौरान व्यवस्था बना रखने के लिए पुलि बल के सदस्यों के परिवहन के या ऐसे निर्वाचन के संबंध में किन्हीं कर्तव्यों के पालन के लिए किसी अधिकारी या अन्य व्यक्ति के परिवहन के लिए किसी यान, जनयान या जीवजन्तु की आवश्यकता है या आवश्यकता होनी संभाव्य है तो वह ऐसे परिसर या, यथाझिथति, ऐसे यान, जनयान या जीवजन्तु का अधिग्रहण लिखित आदेश द्वारा कर सकेगा और ऐसे अतिरिक्त आदेश दे सकेगा जैसे कि अधिग्रहण के संबंध में उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत होः

परन्तु ऐसा कोई यान, जलयान या जीवजन्तु, जिसे उम्मीदवार या उसका अभिकर्ता ऐसे उम्मीदवार के निर्वाचन से संसक्त किसी प्रयोजन के लिए विधि पूर्णतः उपयोग में ला रहा है, इस उपधारा के अधीन तब तक अधिगृहीत न किया जायगा जब तक ऐसे निर्वाचन में मतदान समाप्त न हो जाए।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 21(क) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 22(ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 29 वर्ष 1995 की धारा 5 द्वारा बढ़ाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 22 वर्ष 2000 की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया।

(2) अधिग्रहण उस व्यक्ति को संबोधित लिखित आदेश किया जायेगा जिसकी बावत् जिला मजिस्ट्रेट यह समझता है कि वह उस सम्पत्ति का स्वामी है या उस पर कब्जा रखने वाला व्यक्ति है और ऐसे आदेश को उस व्यक्ति पर तामील, जिसे वह संबोधित है, विहित रीति में की जायेगी।

(3) जब कभी कोई सम्पत्ति उपधारा (1) के अधीन अधिगृहीत की जाये तब ऐसे अधिग्रहण की कालावधि उस कालावधि के परे विस्तृत न होगी, जिसके लिए ऐसी सम्पत्ति उस उपधारा में वर्णित प्रयोजनों में से किसी के लिए अपेक्षित है।

(4) इस धारा में ––

(क) ''परिसर'' से कोई भूमि, भवन या भवन का भाग अभिप्रेत है और झोपड़ी, शेड़ या अन्य संरचना या उसका कोई भाग इसके अन्तर्गत आता है;

(ख) ''यान'' से ऐसा कोई यान अभिप्रेत है, जो सड़क परिवहन के प्रयोजन के लिए उपयोग में आता है या उपयोग में लाए जाने योग्य है, भले ही वह यांत्रिक शक्ति से नोदित हो या न हो।

प्रतिकर का संदाय

12–खगख–– (1) जहां धारा 12–खगक के अनुसरण में जिला मजिस्ट्रेट किसी परिसर का अधिग्रहण करे, तब हितबद्ध व्यक्ति को प्रतिकर संदत्त किया जायेगा, जिसकी रकम का अवधारण निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखकर किया जायेगा; अर्थात् :–

(एक) परिसर की बावत् देय भाटक या यदि कोई भाटक ऐसे देय न हो तो उस परिक्षेत्र में वैसे ही परिसर के लिए देय भाटक;

(दो) यदि हितबद्ध व्यक्ति परिसर के अधिग्रहण के परिणामस्वरूप अपने निवास स्थान या कारबार के स्थान को बदलने के लिए विवश हुआ हो तो ऐसे बदलने से आनुषंगिक युक्तियुक्त व्यय (यदि कोई हो) :

परन्तु जहां कि कोई हितबद्ध व्यक्ति ऐसे अवधारित प्रतिकर की रकम से व्यथित होते हुए जिला मजिस्ट्रेट से विहित समय के अन्दर यह आवेदन करता है कि वह मामला मध्यस्थ को निर्देशित कर दिया जाये वहां दिए जाने वाले प्रतिकर की रकम ऐसी रकम होगी, जैसी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त नियुक्त मध्यस्थ अवधारित करेः

परन्तु यह और भी कि जहां प्रतिकर पाने के हक की बाबत या प्रतिकर की रकम के प्रभाजन की बाबत कोई विवाद है वहां अवधारण के लिए उसे जिला मजिस्ट्रैट अपने द्वारा इस निमित्त नियुक्त मध्यस्थ को निर्दिष्ट करेगा और वह विवाद ऐसे मध्यस्थ के विनिश्चय के अनुसार अवधारित किया जायेगा।

स्पष्टीकरण–– इस उपधारा में ''हितबद्ध व्यक्ति'' पद से वह व्यक्ति, जो धारा 12–खगक के अधीन अधिगृहीत परिसर पर अधिग्रहण के अव्यवहितपूर्व वास्तविक कब्जा रखता था या जहां कि काई व्यक्ति ऐसा वास्तविक कब्जा नहीं रखता था वहां ऐसे परिसर का स्वामी अभिप्रेत है।

(2) जब कभी जिला मजिस्ट्रेट कोई यान, जलयान या जीवजन्तु धारा 12–खगक के अनुसरण में अधिगृहीत करे तब उसके स्वामी को प्रतिकर संदत्त किया जायेगा, जिसकी रकम का अवधारण जिला मजिस्ट्रेट ऐसे यान, जलयान या जीव–जन्तु को भाड़े पर लेने के लिए उस परिक्षेत्र में प्रचलित भाड़े या दरों के आधार पर करेगा :

परन्तु जहां कि ऐसे यान, जलयान या जीवजन्तु का स्वामी ऐसे अवधारित प्रतिकर की रकम से व्यस्थित होते हुए जिला मजिस्ट्रैट से विहित समय के भीतर यह आवेदन करता है कि वह मामला मध्यस्थ को निर्दिष्ट कर दिया जाये वहां दिये जाने वाले प्रतिकर की रकम ऐसी रकम होगी, जैसी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त नियुक्त मध्यस्थ अवधारित करे :

परन्तु यह और भी कि जहां अधिगृहीत किए जाने से अव्यवहितपूर्व यान या जलयान स्वामी से भिन्न व्यक्ति के कब्जे में अवक्रय करार के आधार पर था, वहां अधिग्रहण के बारे में संदे कुल प्रतिकर के रूप में इस उपधारा के अधीन अवधारित रकम उस व्यक्ति और स्वामी के बीच में ऐसी रीति में, जिसके लिए वे सहमत हो जायें और ऐसी सहमति के अभाव में, ऐसी रीति में जैसी जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त नियुक्त मध्यस्थ विनिश्चित करे, प्रभावित की जायेगी।

जानकारी अभिप्राप्त करने

12–खगग–– जिला मजिस्ट्रैट किसी संपत्ति को धारा 12 खगक के अधीन अधिगृहीत करने की या धारा 12–खगख के अधीन संदेय प्रतिकर को अवधारित करने की दृष्टि से सिी व्यक्ति से आदेश द्वारा अपेक्षा कर सकेगा कि वह ऐसी सम्पत्ति संबंधी अपने कब्जे की ऐसी जानकारी जैसी आदेश में विनिर्दिष्ट की जाये, ऐसे प्राधिकारी को दे, जो ऐसे विनिर्दिष्ट किया जाये।

की शक्ति

किसी परिसर आदि में

12–खगघ–– (1) यह अवधारण करने के प्रयोजन के लिए कि क्या किसी परिसर

किसी यान, जलयान या जीवजन्तु के संबंध में धारा 12–खगक के अधीन आदेश किया जाये और यदि किया जाए तो किस रीति में किया जाये या इस दृष्टि से कि उस धारा के अधीन किए गए किसी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, कोई व्यक्ति, जो जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया है, ऐसे परिसर में प्रवेश कर सकेगा और ऐसे परिसर और उनमें से किसी यान, जलयान या जीवजन्तु का निरीक्षण कर सकेगा। प्रवेश करने और उनके निरीक्षण की शक्तियां

(2) इस धारा में ''परिसर'' तथा ''यान'' पदो के वही अर्थ हैं, जो धारा 12–खगक में है।

12–खगङ–– (1) जो कोई व्यक्ति किसी अधिगृहीत परिसर पर धारा 12–खगक के अधीन किए गए किसी आदेश के उल्लंघन में कब्जा किए रहता है, उसे जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस निमित्त सशक्त कोई अधिकारी उस परिसर में से संक्षेपतः बेदखल कर सकेगा। अधिगृहीत परिसर से बेदखली

(2) ऐसे सशक्त कोई अधिकारी, ऐसी स्त्री को जो लोक समक्ष नहीं आती, युक्तियुक्त चेतावनी और हट जाने के लिए सुविधा देकर किसी भवन के किसी ताले या चटखनी को हटा या खोल सकेगा और किसी द्वार को तोड़ सकेगा या ऐसी बेदखली के प्रयोजन के लिए कोई अन्य आवश्यक कार्य कर सकेगा।

12–खगच–– (1) जबकि धारा 12–खगक के अधीन अधिगृहीत कोई परिसर अधिग्रहण से निर्मुक्त किये जाने हों, तब उनका कब्जा उस व्यक्ति को, जिससे परिसर के अधिगृहीत किये जाने के समय कब्जा लिया गया था, या यदि कोई ऐसा व्यक्ति नहीं था तो उस व्यक्ति को, जिसकी बाबत जिला मजिस्ट्रेट यह समझता है कि वह ऐसे परिसर का स्वामी है, परिदत्त किया जायेगा और कब्जे का ऐसे परिदान जिला मजिस्ट्रेट को उन सब दायित्वों से, जो ऐसे परिदान के बारे में है, पूर्णतः उन्मोचित कर देगा, किन्तु उससे परिसर की बाबत ऐसे किन्हीं अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़ेगा, जिन्हें कोई अन्य व्यक्ति उस व्यक्ति के खिलाफ, जिसे परिसर का कब्जा ऐसे परिदत्त किया गया है, विधि की सम्यक प्रक्रिया प्रवर्तित कराने के लिए हकदार हो। अधिगृहण से परिसर की निर्मुक्ति

(2) जहां कि वह व्यक्ति, जिसे धारा 12–खगक के अधीन अधिगृहीत किसी पसिर का कब्जा उपधारा (1) के अधीन दिया जाना है, पाया नहीं जा सकता या जिसका आसानी से अभिनिश्चय नहीं हो पाता या उसकी ओर से परिदान प्रतिगृहीत करने के लिए सशक्त कोई अभिकर्ता या कोई अन्य व्यक्ति नहीं है, वहां जिला मजिस्ट्रेट यह घोषणा करने वाली सूचना कि ऐसे परिसर अधिग्रहण से निर्मुक्त कर दिए गए हैं, ऐसे परिसर के किसी सहजदृश्य भाग में लगवायेगा और सूचना को शासकीय राजपत्र में प्रकाशित करेगा।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 12बी डी–12 ग}

(3) जबकि उपधारा (2) में निर्दिष्ट सूचना शासकीय राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है तब ऐसी सूचना में विनिर्दिष्ट परिसर ऐसे अधिग्रहण के अध्यधीन ऐसे प्रकाशन की तारीख हो और से न रहेंगे और उनकी बाबत यह समझा जायगा कि वे उस व्यक्ति को परिदत्त कर दिए गए हैं, जो उन पर कब्जा रखने का हकदार है और जिला मजिस्ट्रेट उक्त तारीख के पश्चात् किसी कालावधि के लिए ऐसे परिसर के संबंध में किसी प्रतिकर या अन्य दावे के लिए दायित्वाधीन न होगा।}7

{12––खघ–– (1) यदि कोई व्यक्ति जिस पर यह धारा लागू होती हो, अपने पदीय पदीय कर्तव्य भंग करने में युक्तियुक्त कारण बिना किसी कार्य या लोप का दोषी हो तो उसे अर्थ दण्ड दिया जा सकेगा, जो पांच सौ रूपये तक हो सकता है । निर्वाचन के संबंध में कर्तव्य भंग

(2) उपधारा (1) के अधीन दण्डनीय कोई अपराध संज्ञेय होगा ।

(3) उपर्युक्त किसी ऐसे कार्य के संबंध में हानिपूर्ति के लिये किसी ऐसे व्यक्ति के विरूद्व कोई वाद या अन्य विधिक कार्यवाही प्रस्तुत न की जा सकेगी ।

(4) जिन व्यक्तियों पर यह धारा लागू होती है वे निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी, मतदान अधिकारी और कोई ऐसा अन्य व्यक्ति है, जो नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति या उम्मीदवारो के नाम वापिस लेने या किसी निर्वाचन में मतो को अभिलिखित या उनकी गणना करने के संबंध में किसी कर्तव्य का पालन करने के लिये

नियुक्त किया जाये और इस धारा के प्रयोजनार्थ पद ''पदीय कर्तव्य'' का तदनुसार अर्थ लगाया जायेगा, किन्तु इसके अन्तर्गत इस अधिनियम द्वारा या इसके अधीन किये गये कर्तव्यारोपण से अन्यथा आरोपित कर्तव्य नही है।}[4]

निर्वाचनों पर आपत्ति के लिए आवेदन–पत्र

[1]{12–ग–– (1) {***}[6] प्रधान के रूप में अथवा {ग्राम पंचायत}[5] के सदस्य के रूप करने में किसी व्यक्ति के निर्वाचन के संबंध में जिसके अन्तर्गत धारा 43 के अधीन {न्याय पंचायत}[2] के पंच के रूप में {नियुक्त किये गये किसी व्यक्ति}[3] का निर्वाचन भी है, सिवाय किसी ऐसे आवेदन पत्र द्वारा जो ऐसे प्राधिकारी को ऐसे समय के भीतर और ऐसी रीति से जो नियत की जाये, प्रस्तुत किया जाये, निम्नलिखित आधार पर आपत्ति न की जायेगी कि––

(क) यह निर्वाचन इस कारण निर्वाध निर्वाचन नही है कि इसमें रिश्वत अथवा अनुचित प्रभाव डालने का भ्रष्ट आचरण व्यापक रूप से व्याप्त था, अथवा

(ख) निर्वाचन के परिणम पर––

(1) किसी नाम निर्देशन पत्र को अनुचित रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने से अथवा

(2) इस अधिनियम के अथवा इसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों का पालन करने में घोर चूक किये जाने से,

सारवार प्रभाव पड़ा है।

(2) इस अधिनियम के प्रयोजन के लिये निम्नलिखित रिश्वत या अनुचित प्रभाव डालने के भ्रष्ट आचरण समझे जायेगें ––

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 14 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 4(क) द्वारा इस अधिनियम में जहां कही भी शब्द ''पंचायती अदालत'' आया है, शब्द ''न्याय पंचायत'' रख दिया गया ।
3. उ0प्र0अधिनियम सं0 15, 1960 की धारा 9 द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उ0प्र0अधिनियम सं0 31, 1972 की धारा 3 द्वारा अन्तर्विष्ट । 5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 23 द्वारा निरसित।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 29 वर्ष 1995 की धारा 5 द्वारा बढ़ाया गया।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 12 ग}

(क) (1) रिश्वत; अर्थात्––

(क) किसी व्यक्ति को उम्मीदवार के रूप में निर्वाचन में खड़े होने या खड़े न होने या उम्मीदवारी से नाम वापिस लेने के लिये, या

(ख) किसी निर्वाचक को निर्वाचन में मतदान करने या मतदान करने से विरत रहने के लिये––

प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूपसे उत्प्रेरित करने के उददेष्य से या किसी व्यक्ति को इस बात के लिये कि––

(1) वह इस प्रकार खड़ा हुआ या खड़ा नही हुआ कि उसने उम्मीदवारी से अपना नाम वापस ले लिया ; या

(2) निर्वाचक को इस बात के लिये कि उसने मतदान किया या वह मतदान करने से विरत रहा,

पुरस्कार स्वरूप उम्मीदवार द्वारा या उम्मीदवार की मौन सम्मति से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी व्यक्ति को, चाहे वह कोई भी क्यो न हो, कोई उपहार या कोई पारितोशित अर्पण का प्रस्ताव करना या बचन देना,

(ख) अनुचित प्रभाव डालना अर्थात् निर्वाचन संबंधी किसी अधिकार के निर्वाध प्रयोग में उम्मीदवार द्वारा या उम्मीदवार की मौन सम्मति से किसी अन्य

व्यक्ति द्वारा किया गया कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप या हस्तक्षेप करने का किया गया प्रयत्न :

प्रतिबंध यह है कि इस खण्ड के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कोई व्यक्ति जो उसमें निर्दिष्ट हो और जो––

(1) किसी उम्मीदवार या किसी निर्वाचक या किसी व्यक्ति को जिससे उम्मीदवार या निर्वाचक हितबद्व हो, किसी प्रकार की क्षति पहुँचाने की धमकी, जिसके अन्तर्गत समाजिक बहिस्कार और जाति अथवा समुदाय से बहिष्कार या निश्कासन भी है, देता है ; या

(2) उम्मीदवार या किसी निर्वाचक को यह विष्वास करने के लिये उत्प्रेरित करता है, या उत्प्रेरित करने का प्रयत्न करता है कि वह या ऐसा कोई व्यक्ति, जिससे वह हितबद्व है, देवी प्रकोप या आध्यात्मिक परिनिन्दा का पात्र हो जायेगा या बना दिया जायेगा ,

उसके संबंध में यह समझा जायेगा कि वह ऐसे उम्मीदवार या किसी निर्वाचक के निर्वाचन संबंधी अधिकार का निर्बाध प्रयोग में इस खण्ड के अर्थान्तर्गत हस्तक्षेप करता है ।

(3) उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन पत्र किसी निर्वाचन में किसी उम्मीदवार या किसी निर्वाचक द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है और उसमें ऐसे ब्यौरे होगें जो नियत किये जायें।

स्पष्टीकरण––कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसने निर्वाचन में नाम निर्देशन पत्र निवेषित किया हो, चाहे ऐसा नाम निर्देशन पत्र स्वीकार या अस्वीकार किया गया हो, निर्वाचन में उम्मीदवार समझा जायेगा ।

(4) उस प्राधिकारी को, जिसे उपधारा (1) के अधीन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाये––

(1) आवेदन पत्र की सुनवाई और ऐसी सुनवाई में अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया,

(2) निर्वाचन में रद्व करने या निर्वाचन को अमान्य घोषित करने या आवेदक को सम्यक रूप में निर्वाचित घोषित करने या किसी अन्य उपशम, जो आवेदक को प्रदान किया जाये, के विषय में ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्राप्त होगें, जो नियत किये जाये ।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 12घ–12ङ}

(5) उपधारा (4) के अधीन नियत की जाने वाली शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उपधारा (1) के अधीन आवेदन पत्र की सरसरी तौर पर सुनवाई और उसे निस्तारित करने के लिये नियमों की व्यवस्था की जा सकती है ।

{(6) उपधारा (1) के अधीन आवेदन पत्र पर विहित प्राधिकारी के किसी आदेश से व्यथित कोई पक्ष, आदेश के दिनांक से तीस दिन के भीतर निम्नलिखित किसी एक या अधिक आधार पर जिला न्यायाधीश को ऐसे आदेश के पुनरीक्षण के लिये आवेदन कर सकता है अर्थात्––

(क) विहित प्राधिकारी ने ऐसी अधिकारिता का प्रयोग किया है जो विधि द्वारा उसमें निहित नहीं है ;

(ख) विहित प्राधिकारी ने इस प्रकार अपनी अधिकारिता का प्रयोग करने में विफल रहा है ;

(ग) विहित प्राधिकारी ने अपनी अधिकारिता का प्रयोग करने में अवैध रूप या सारवान अनियमितता से कार्य किया है ।

(7) जिला न्यायाधीश पुनरीक्षण के लिये आवेदन पत्र का निस्तारण स्वयं कर सकता है या उसे अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन किसी अपर जिला न्यायाधीश, सिविल न्यायाधीश या अपर सिविल न्यायाधीश को निस्तारण के लिये सौंप सकता है और उसे किसी ऐसे अधिकारी से वापस मंगा सकता है या किसी अन्य ऐसे अधिकारी को अन्तरित कर सकता है ।

(8) उपधारा (7) में उल्लिखित पुनरीक्षित प्राधिकारी ऐसी प्रक्रिया का अनुसरण करेगा जैसा नियत की जाये, और वह विहित प्राधिकारी के आदेश की पुष्टि उसमें फेर–फार या उसे विखण्डित कर सकता है या मामले को पुनः सुनवाई के लिये विहित प्राधिकारी को प्रतिप्रेशित कर सकता है, और उस पर विनिश्चय होने तक ऐसा अन्तरिम आदेश दे सकता है जैसा उसे न्यायसंगत और सुविधाजनक प्रतीत हो ।

(9) इस धारा के अधीन दिया गया पुनरीक्षण प्राधिकारी का प्रत्येक विनिश्चय और इस धारा के अधीन पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दिये गये किसी आदेश के अधीन रहते हुये, विहित प्राधिकारी का प्रत्येक विनिश्चय अन्तिम होगा ।}[4]

{12–घ–– धारा 12 ग के उपबंध यथा आवश्यक परिवर्तनों सहित {ग्राम पंचायत के उपप्रधान}[5] के रूप में या न्याय पंचायत के सरपंच या सहायक सरपंच के रूप में किसी व्यक्ति के निर्वाचन पर लागू होंगें।}[2]

उपप्रधान सरपंच या सहायक सरपंच के निर्वाचन के संबंध में विवाद

{12–ङ–– (1) {प्रत्येक व्यक्ति}[6] धारा 11–क {12}[3] (3) 43 या 44 में अभिदिष्ट किसी पद पर आसीन होने के पूर्व, ऐसे प्राधिकारी के समक्ष, जिसे नियत किया जाये, नियत प्रपत्र में शपथ लेगा या प्रतिज्ञान करेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा।}[1]

पद की शपथ

(2) किसी ऐसे सदस्य के संबंध में जो यथा पूर्वोक्त शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने और हस्ताक्षर करने अस्वीकार करे या अन्य प्रकार से इंकार करे यह समझा जायेगा कि उसने पद को तत्क्षण रिक्त कर दिया है ।

1. उ0प्र0अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 14 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0अधिनियम सं0 15, 1960 की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37 वर्ष 1978 की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 24 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 25 द्वारा प्रतिस्थापित।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 12च–14}

{12–च–– {ग्राम पंचायत}[3] का प्रधान, उपप्रधान या कोई सदस्य ऐसे प्राधिकारी को, जो नियत किया जाये, संबंधित स्वहस्ताक्षरित पत्र द्वारा अपना पद त्याग कर सकता है और तदुपरान्त पद रिक्त हो जायेगा।}[1]

पद त्याग

12–छ–– {***}[4]

{12–ज–– यदि ग्राम पंचायत के प्रधान, उपप्रधान या किसी सदस्य का पद उसकी मृत्यु हो जाने, उसे हटाये जाने, उसे हटाए जाने, उसके पद त्याग करने, उसके निर्वाचन के अभिशून्य होने या उसके पद की शपथ लेने से इंकार करने के कारण रिक्त हो जाय तो यथासंभव उसे ऐसी रिक्ति के दिनांक से छः मास की अवधि की समाप्ति के पूर्व, उसके शेष कार्यकाल के लिये, यथास्थिति धारा 11–ख, 11–ग या 12 में उपबंधित रीति से भरा जायेगाः

आकस्मिक रिक्ति

प्रतिबन्ध यह है कि यदि ऐसी रिक्ति होने के दिनांक को ग्राम पंचायत की शेष अवधि छः मास से कम हो तो रिक्ति की पूर्ति नहीं की जायेगी।}[6]

{12–झ–– इस अधिनियम के अधीन नियुक्त किसी अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा निर्वाचन संबंधी विषयों में निर्वाचनों के संचालन के संबंध में की गई किसी कार्यवाही या दिये गये किसी निर्णय की वैधता की के संबंध में किसी सिविल न्यायालय को आपत्ति करने की अधिकारिता न होगी।}[1]

निर्वाचन संबंधी सिविल न्यायालयों अधिकारिता पर रोक

{12–ञ–– (1) जहां प्रधान का पद उसकी मृत्यु हो जाने, उसे हटाये जाने, उसके अस्थायी पद त्याग करने या अन्यथा रिक्त हो, या जहां प्रधान अनुपस्थित या बीमारी के कारण या अन्यथा कार्य करने में असमर्थ हो, वहां उप प्रधान प्रधान की समस्त शक्तियों का प्रयोग ओर कर्तव्यों का पालन करेगा।

प्रधान के पद की रिक्ति में प्रबंध

(2) जहां प्रधान और उपप्रधान का पद किसी कारण से रिक्त हो, या प्रधान और उपप्रधान दोनो ही किसी भी कारण से कार्य करने में असमर्थ है वहां नियत प्राधिकारी, जब तक कि या तो प्रधान या उप्रधान के पद की ऐसी रिक्ति भरी न जाये या जब तक कि दोनों में से किसी की असमर्थता दूर न हो जाये, तब तक प्रधान के कर्तव्यों का पालन और उसकी शक्तियों का प्रयोग करने के लिये न्याय पंचायत के किसी सदस्य को नाम–निर्दिष्ट करेगा।}[2]

12–ट– {***}[4]

13–– {***}[4]

प्रधान {***}[7] का हटाया जाना

{14–– {(1) {ग्राम पंचायत}[3] ऐसी बैठक में, जो इस प्रयोजन के लिये विशेष रूप से बुलाई जाये और जिसकी कम से कम 15 दिन की पूर्व सूचना दी जाय, ग्राम सभा के उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से प्रधान को हटा सकती है।

(1–क) धारा 11 में किसी बात के होते हुए भी, उपधारा (1) के अधीन किसी बैठक के लिए गणपूर्ति ग्राम सभा के एक तिहाई सदस्यों से होगी।}[8]

(2) प्रधान को हटाने के लिये कोई बैठक उसके निर्वाचन के {एक वर्ष}[5] के भीतर नही बुलाई जायेगी ।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 14 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 26 द्वारा निरसित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 21 वर्ष 1998 की धारा 3(ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 33 वर्ष 1999 के अध्याय–दो की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित। 7- उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 13 वर्ष 2006 की धारा 4(क) द्वारा निकाला गया। 8- उपर्युक्त की धारा 4 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

(3) यदि बैठक में गणपूर्ति के अभाव के कारण प्रस्ताव पर विचार न किया जाये अथवा वह अपेक्षित बहुमत न होने के कारण पारित न हो पाये तो उसी प्रधान को हटाने के लिये बाद में पूर्ववर्ती बैठक के दिनांक से {एक वर्ष}[6] के भीतर नही बुलाई जायेगी ।

(4) इस धारा के उपबंधों के अधीन रहते हुये प्रधान को हटाने की प्रकिया, जिसके अन्तर्गत वह प्रकिया भी है, जो बैठक में अनुसरित की जाये, वही होगी, जो नियत की जाये।}[1]

अभिलेख आदि देने में चूक

{14–क–– बहिर्गामी प्रधान का {ग्राम सभा}[4] के अभिलेख तथा धनराशि देने का दायित्व––

करने पर दण्ड

{(1) यदि कोई व्यक्ति प्रधान, सरपंच या सहायक सरपंच के रूप में कार्य की समाप्ति पर, यथास्थिति {ग्राम सभा}[4], {ग्राम पंचायत}[4] या न्याय पंचायत के सभी अभिलेख, धनराशि , या अन्य सम्पत्ति अपने उत्तराधिकारी या नियत प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति को देने में, नियत प्राधिकारी द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाने पर भी जानबूझ कर चूक करतर है तो वह कारावास से, जो तीन वर्ष तक का हो सकता है या जुर्माने से या दोनों से दण्डनीय होगा।}[3]

(2) उपधारा (1) के प्रतिबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कोई ऐसी धनराशि नियत प्राधिकारी द्वारा तदर्थ जारी किये गये प्रमाण पत्र पर भू–राजस्व की बकाया के रूप में वसूल की जा सकती है ।}[2]

उपप्रधान का हटाया जाना

{14–ख–– {(1) ग्राम सभा, ऐसी बैठक में, जो इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से बुलायी जाय और जिसकी कम से कम 15 दिन की पूर्व सूचना दी जाय, ग्राम सभा के सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से उप प्रधान को हटा सकती है।}[8]

(2) उपप्रधान को हटाने के लिए कोई बैठक उसके निर्वाचन से दो वर्ष के भीतर नहीं बुलाई जायेगी।

(3) यदि बैठक में प्रस्ताव अपेक्षित बहुमत न होने के कारण पारित न हो पाये तो उसी उपप्रधान को हटाने के लिए बाद में कोई बैठक पूर्ववर्ती बैठक के दिनांक से दो वर्ष के भीतर नहीं बुलाई जायेगी।

(4) इस धारा के उपबन्धों के अधीन रहते हुए उप प्रधान को हटाने की प्रक्रिया भी, जो ऐसी बैठक में अनुसरित की जाय, वही होगी, जो नियत की जाए।}[7]

अध्याय 4

{ग्राम पंचायत}[4] की शक्तियां, कर्तव्य, कृत्य तथा प्रशासन

ग्राम पंचायत के कृत्य

[5]{15—— ऐसे शर्तों के अधीन रहते हुए, जैसी राज्य सरकार, समय–समय पर, विनिर्दिष्ट करे, प्रत्येक ग्राम पंचायत निम्नलिखित कृत्यों का सम्पादन करेगी; अर्थात् :–

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1962 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 5 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 11 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 28 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 13 वर्ष 2006 की धारा 4 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित। 7. उपर्युक्त की धारा 5 द्वारा बढ़ाया गया।
8. उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 05 वर्ष 2007 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 15}

(एक) कृषि, जिसके अन्तर्गत कृषि विस्तार भी है;

(क) कृषि और बागवानी का विकास और प्रोन्नति;

(ख) बंजर भूमि और चारागाह भूमि का विकास और उनके अनधिकृत संक्रमण और प्रयोग की रोकथाम करना।

(दो) भूमि विकास, भूमि सुधार का कार्यान्वयन, चकबन्दी और भूमि संरक्षण –

(क) भूमि विकास, भूमि सुधार और भूमि संरक्षण में सरकार और अन्य एजेन्सियों की सहायता करना;

(ख) भूमि चकबन्दी में सहायता करना।

(तीन) लघु सिंचाई, जल व्यवस्था और जल आच्छादन विकास –

(क) लघु सिंचाई परियोजनाओं से जल वितरण में प्रबन्ध और सहायता करना; (ख) लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण, मरम्मत और अनुरक्षण सिंचाई के उद्देश्य से जलापूर्ति का विनियमन।

(चार) पशुपालन, दुग्ध उद्योग और कुक्कुट पालन;

(क) पालतू जानवरों, कुक्कुटों और अन्य पशुधनों की नस्लों का सुधार करना; (ख) दुग्ध उद्योग, कुक्कुट पालन, सूअर पालन इत्यादि की प्रोन्नति।

(पांच) मत्स्य पालनः

गावों में मत्स्य पालन का विकास।

(छः) सामाजिक और कृषि वानिकीः

(क) सड़कों और सार्वजनिक भूमि के किनारों पर वृक्षारोपण और परिरक्षण; (ख) सामाजिक और कृषि वानिकी और रेशम उत्पादन का विकास और प्रोन्नति।

(सात) लघु वन उत्पाद :

लघु वन उत्पादों की प्रोन्नति और विकास।

(आठ) लघु उद्योग :

(क) लघु उद्योगों के विकास में सहायता करना;

(ख) स्थानीय व्यापरों की प्रोन्नति।

(नौ) कुटीर और ग्राम उद्योग :

(क) कृषि और वाणिज्यिक उद्योगों के विकास में सहायता करना; (ख) कुटीर उद्योगों की प्रोन्नति।

(दस) ग्रामीण आवास :

(क) ग्रामीण आवास कार्यक्रमों का कार्यान्वयन;

(ख) आवास स्थलों का वितरण और उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का अनुरक्षण। (ग्यारह) पेयजल :

पीने, कपड़ा धोने, स्नान करने के प्रयोजनों के लिए जल सम्भरण के लिए सार्वजनिक कुओं, तालाबों और पोखरों का निर्माण, मरम्मत और अनुरक्षण और पीने के प्रयोजनों के लिए जल सम्भरण के स्रोतों का विनियमन।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 15}

(बारह) ईन्धन और चारा भूमि :

(क) ईन्धन और चारा भूमि से सम्बन्धित घास और पौंधों का विकास; (ख) चारा भूमि के अनियमित अन्तरण पर नियंत्रण।

(तेरह) सड़कें, पुलिया, पुलों, नौकाघाट, जलमार्ग और संचार के अन्य साधन :

(क) ग्राम की सड़कों, पुलियों, पुलों और नौकाघाटों का निर्माण और अनुरक्षण; (ख) जलमार्गों का अनुरक्षण;

(ग) सार्वजनिक स्थानों पर से अतिक्रमण को हटाना।

(चौदह) ग्रामीण विद्युतीकरण :

सार्वजनिक मार्गों और अन्य स्थानों पर प्रकाश उपलब्ध कराना और अनुरक्षण करना।

(पन्द्रह) गैर–पारम्परिक ऊर्जा स्रोत :

ग्राम में गैर–पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के कार्यक्रमों का विकास और प्रोन्नति और उनका अनुरक्षण।

(सोलह) गरीबी उपशमन कार्यक्रम :

गरीबी उपशमन कार्यक्रमों की प्रोन्नति और कार्यान्वयन।

(सत्रह) शिक्षा, जिसके अन्तर्गत प्रारम्भिक और माध्यमिक विद्यालय भी है : शिक्षा के बारे में सार्वजनिक चेतना।

(अट्ठारह) तकनीकी प्रशिक्षण और व्यवसायिक शिक्षा :

ग्रामीण कला और शिल्पकारों की प्रोन्नति।

(उन्नीस) प्रौढ और अनौपचारिक शिक्षा :

प्रौढ साक्षरता की प्रोन्नति।

(बीस) पुस्तकालय :

पुस्तकालयों और वाचनालयों की स्थापना की अनुरक्षण।

(इक्कीस) खेलकूद और सांस्कृतिक कार्य :

(क) सामाजिक और सांस्कृतिक क्रिया–कलापों की प्रोन्नति; (ख) विभिन्न त्यौहारों पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों का आयोजन; (ग) खेलकूद के लिए ग्रामीण क्लबों की स्थापना और अनुरक्षण।

(बाईस) बाजार और मेले :

पंचायत क्षेत्रों में मेलों, बाजारों और हाटों का विनियमन। (तेईस) चिकित्सा और स्वच्छता :

(क) ग्रामीण स्वच्छता की प्रोन्नति;

(ख) महामारियों के विरूद्ध रोकथाम;

(ग) मनुष्य और पशु टीकाकरण के कार्यक्रम;

(घ) छुट्टा पशु और पशुधन के विरूद्ध निवारक कार्यवाही; (ङ) जन्म, मृत्यु और विवाह का रजिस्ट्रीकरण।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947}

(चौबीस) परिवार कल्याण :

परिवार कल्याण कार्यक्रमों की प्रोन्नति और क्रियान्वयनः

(पच्चीस) आर्थिक विकास के लिए योजना :

ग्राम पंचायत के क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए योजना तैयार करना।

(छब्बीस) प्रसूति और बाल विकास :

(क) ग्राम पंचायत स्तर पर महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में भाग लेना;

(ख) बाल स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रमों की प्रोन्नति ;

(सत्ताइस) समाज कल्याण, जिसके अन्तर्गत विकलागों और मानसिक रूप से मंद व्यक्तियों का कल्याण भी है :

(क) वृद्धावस्था और विधवा पेन्शन योजनाओं में सहायता करना;

(ख) विकलागों और मानसिक रूप से मन्द व्यक्तियों के कल्याण को सम्मिलित करते हुए समाज कल्याण कार्यक्रमों में भाग लेना।

(अट्ठाइस) कमजोर वर्गों और विशिष्टतया अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का कल्याण :

(क) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों के लिए विशिष्ट कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में भाग लेना;

(ख) सामाजिक न्याय के लिए योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन।

(उन्तीस) सार्वजनिक वितरण प्रणाली :

(क) अत्यावश्यक वस्तुओं के वितरण के सम्बन्ध में सार्वजनिक चेतना की प्रोन्नति;

(ख) सार्वजनिक वितरण प्रणाली का अनुश्रवण।

(तीस) सामुदायिक आस्तियों का अनुरक्षण :

सामुदायिक आस्तियों का परिरक्षण और अनुरक्षण।

योजना का तैयार करना

15–क–– ग्राम पंचायत प्रतिवर्ष पंचायत क्षेत्र के लिए एक विकास योजना तैयार करेगी और उसे सम्बन्धित क्षेत्र पंचायत को ऐसे दिनांक के पूर्व और ऐसे प्रारूप और रीति में, जैसी नियत की जाय, प्रेषित करेगी।

कृत्य, जो कि किसी ग्राम पंचायत को समनुदेशित किए जा सकते हैं

16– राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जैसी उसमें विनिर्दिष्ट की जाय, निम्नलिखित में से या सभी कृत्यों को ग्राम पंचायतों को समनुदेशित कर सकती है; अर्थात् :–

(क) पंचायत क्षेत्र में स्थित किसी वन की व्यवस्था और अनुरक्षण;

(ख) पंचायत क्षेत्र के भीतर, स्थित सरकार की बंजर भूमि, चारागाह भूमि या खाली पड़ी भूमि की व्यवस्था;

(ग) किसी कर का भू–राजस्व का संग्रह और सम्बन्धित अभिलेखों का अनुरक्षण।}[1]

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

अधिकारिता के बाहर के संगठनों आदि को अंशदान देने की शक्ति

{16–क–– {ग्राम पंचायत}[3],{ग्राम पंचायत}[4] की अधिकारिता के बाहर के ऐसे संगठनों, संस्थाओं एवं कृत्यों के लिए अंशदान के रूप में ऐसी धनराशियां दे सकती है, जैसा कि राज्य सरकार सामान्य या विशेष आदेश द्वारा अनुमति दे।}[1]

सार्वजनिक सड़कों, मार्गों तथा अन्य विषयों के सम्बन्ध में {ग्राम पंचायतों}[3] की शक्ति

17–– {ग्राम पंचायत}[3] का अपनी अधिकारिता के भीतर स्थित ऐसी समस्त सार्वजनिक सड़कों, जल–मार्गों तथा पंचायतों यथा परिभाषित नहरों से भिन्न ऐसे जलमार्गों पर जो निजी सड़क अथवा जलमार्ग न हो और जो राज्य सरकार अथवा जिला परिषद् अथवा राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य प्राधिकारी के नियन्त्रण में न हो, नियन्त्रण होगा और वह उसके अनुरक्षण ओर मरम्मत के लिए समस्त आवश्यक कार्य कर सकती है और––

1873 का ऐक्ट सं0 8

(क) नए पुलों अथवा पुलियों का निर्माण कर सकती है;

(ख) किसी सार्वजनिक सड़क पुलिया अथवा पुल को दूसरी दिशा में मोड़ सकती है, विरमित कर सकती है या उसे बन्द कर सकती है;

(ग) पास–पड़ोस के खेतों को न्यूनतम क्षति पंहुचकर किसी सार्वजनिक सड़क, पुलिया अथवा पुल को चौडा़ कर सकती है, उसे खेल सकती है, उसका विस्तार कर सकती है अथवा उसमें अन्यत्र प्रकार से सुधार कर सकती है;

(घ) जल–मार्गों को गहरा कर सकती है अथवा उसका अन्य प्रकार से सुधार कर सकती है;

{(ङ) नियत प्राधिकारी की स्वीकृति से और जहां नार्दन इंडिया कैनाल ऐन्ड ड्रेनेज ऐक्ट, 1873 के अधीन कोई नहर विद्यमान हो तो सिंचाई विभाग के ऐसे अधिकारी की स्वीकृति से भी, जिसे राज्य सरकार नियत करे, धारा 15 के खण्ड (यू) के अधीन आदेश द्वारा विनिर्दिष्ट लघु सिंचाई प्रयोजनाओं के अतिरिक्त लघु सिंचाई प्रयोजनायें प्रारम्भ कर सकती है;}[2]

(च) सार्वजनिक सड़क पर निकली हुई किसी झाड़ी या किसी वृक्ष की किसी शाखा को काट सकती है;

(छ) किसी सार्वजनिक जलमार्ग को पीने अथवा पाक क्रिया सम्बन्धी प्रयोजनों के लिए पृथक किया जाना अधिसूचित कर सकती है और स्नान करने, कपड़ा धोने और पशुओं के नहलाने अथवा ऐसे अन्य कार्यों के लिए किए जाने का जिनसे इस प्रकार पृथक किए गए जलमार्ग के दूषित होने की संभावना हो, प्रतिषेध कर सकती है :

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार द्वारा तदर्थ नियत प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना खण्ड (छ) के अधीन कोई ऐसी बात न की जायगी जिसका प्रभाव नार्दन इंडिया कैनाल ऐंड ड्रेनेज ऐक्ट, 1873 द्वारा शासित नहर पर पड़े।

सफाई का सुधार

18–– सफाई के सुधार के लिए {ग्राम पंचायत}[3], नोटिस द्वारा किसी भूमि अथवा भवन के स्वामी अथवा अध्यासी को, उसकी वित्तीय स्थिति का विचार करते हुए और उसे उसके पालन का यथोचित समय देकर निम्नलिखित के लिए निदेश दे सकती है :––

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8 (2) द्वारा अन्तर्विष्ट।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10, 1965 की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 29 द्वारा प्रतिस्थापित।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 19}

(क) ऐसी भूमि अथवा भवन से सम्बन्धित किसी शौचालय, मूत्रालय, पावदान, नाली, मलकूप अथवा गलीज, सलेज–जल या मलवा या कूड़ा–करकट के अनय पात्र को बन्द करने, हटाने, परिवर्तित करने, मरम्मत करने, साफ करने, कीटाणु रहित करने अथवा अच्छी हालत में रखने अथवा ऐसे किसी शौचालय, मूत्रालय अथवा नाबदान, के, जो किसी सड़क या नाली की ओर खुलता हो, किसी दरवाजे या जाली को हटाने या परिवर्तित करने अथवा किसी नाली का निर्माण करने, अथवा ऐसे शौचालय, मूत्रालय अथवा नाबदान को पर्याप्त छत और दीवाल या घेरे से बन्द करने, जिससे उधर से आने जाने वाले तथा पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति उसे न देख सकें;

(ख) किसी निजी कुयें, तालाब, जलाशय, हौज, कुंड, गर्त, गड्ढे या उसमें किए गए खदान को, जो {ग्राम पंचायत}[3] को पास–पड़ोस के वयक्तियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकर अथवा दुर्गन्धयुक्त प्रतीत हो, साफ करने, उसकी मरम्मत करने, उसे ढकने पाटने, निस्सारित करने, गहरा करने अथवा उसका जल निकालने के लिए;

(ग) किसी वनस्पति, वृक्षों के नीचे उगी हुई झाड़ियों, नागफनी, झाड़ झंखड़ को साफ करने के लिए;

(घ) धूल, गोबर, मल, खाद अथवा कोई हानिकर या दुर्गन्धयुक्त पदार्थ को वहां से हटाने अथवा भूमि अथवा भवन को साफ करने के लिए :

प्रतिबन्ध यह है कि वह व्यक्ति, जिस पर खण्ड (ख) के अधीन नोटिस तामील की जाय, नोटिस प्राप्त करने के दिनांक से 30 दिन के भीतर जिला स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त नोटिस के विरूद्ध अपील कर सकता है जो उसे बदल सकता है, रद्द कर सकता है अथवा उसकी पुष्टि कर सकता है।

19–– (1) {ग्राम पंचायत}[3] ––

विद्यालयों तथा चिकित्सालयों का अनुरक्षण और सुधार

(क) ऐसे नियमों के अधीन हरते हुये, जो पाठयक्रम अध्यापकों के सेवायोजन तथा अर्हता और विद्यालय के पर्यवेक्षण के संबंध में नियत किये जायं, किसी विद्यमान प्रारम्भिक विद्यालय की, जिसमें उसके भवन और फर्नीचर सम्मिलित है, अनुरक्षित करेगी तथा उसके समुचित कार्यकरण के लिये उत्तरदायी होगी और इसी प्रकार वह किसी नये विद्यालय को स्थापित तथा अनुरक्षित कर सकती है अथवा किसी विद्यमान विद्यालय का सुधार कर सकती है;

(ख) ऐसे नियमों के अधीन रहते हुये जो स्थापना, अनुरक्षण तथा पर्यवेक्षण के सबंध में नियत किये जायें, किसी विद्यमान आयुर्वेदिक {होम्योपैथिक}[1] अथवा यूनानी चिकित्सालय अथवा औषधालय को, जिसमें उसका भवन और साज–सज्जा भी सम्मिलित हैं, अनुरक्षित करेगी और इसी प्रकार ऊपर उल्लिखित चिकित्सा प्रणालियों में से एक या एक से अधिक प्रणालियों के लिये नया चिकित्सालय अथवा औषधालय स्थापित और अनुरक्षित कर सकती है।

(2) ऐसे विद्यालय, चिकित्सालय अथवा औषधालय के लिये जिला परिषद् और राज्य सरकार द्वारा ऐसे अनुदान दिये जायेंगे, जो नियत किये जायें।

{***}[2]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 19 द्वारा बढाया गया।
2. उ0प्र0 अधि0 सं0 37, 1978 की धारा 15 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{20–– यदि पास–पडोस की {ग्राम पंचायतों}[8] के किसी समूह के लिए प्रारम्भिक विद्यालय या आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक या यूनानी औषधालय न हो, अथवा उसे अपने सामान्य लाभ के लिये किसी सड़क अथवा पुल की आवश्यकता हो, तो उसकी {गांव पंचायतें}[6], यदि नियत प्राधिकारी द्वारा ऐसा निदेश दिया जाय, ऐसे विद्यालय, चिकित्सालय अथवा औषधालय स्थापना को स्थापित और अनुरक्षित करने के लिए अथवा ऐसी सड़क अथवा ऐसे पुल को निर्मित या अनुरक्षित करने के लिए एक में सम्मिलित हो जायंगी और उसका प्रबन्ध तथा वित्तपोषण नियत रीति से किया जायगा। ऐसे विद्यालय चिकित्सालय, औषधालय, सड़क अथवा पुल के लिए राज्य सरकार और जिला परिषद् द्वारा ऐसे अनुदान दिये जायेंगे जो नियत किये जायं।}[7]

{ग्राम पंचायतों}[8] में किसी समूह के लिए प्रारम्भिक विद्यालय, औषधालय, सड़क अथवा चिकित्सालय, पुल की स्थापना

21–– यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसा नियत किया जाय और जहां तक व्यवहार्य हो, की {ग्राम पंचायत}[5] अपने क्षेत्र के भीतर किसी सरकारी सेवक को अपना कर्तव्य पालन करने में सहायता देगी।

सरकारी सेवकों सहायता

22–– {ग्राम पंचायत}[5] समूचित प्राधिकारी को–– अपनी अधिकारिता के भीतर निवास करने वाले व्यक्तियों के कल्याण के संबंध में कोई अभ्यावेदन दे सकती है; और

{ग्राम पंचायतों}[8] द्वारा अभ्यावेदन तथा सिफारिशें (क)

(ख) ऐसी {ग्राम पंचायत}[8] की अधिकारिता के भीतर किसी क्षेत्र में कार्य करने वाले सिंचाई विभाग के पतरौल, पटवारी {अथवा लेखपाल, गांव के चौकीदार}[1] अथवा मुखिया को नियुक्त, स्थानान्तरित अथवा पदच्युत करने के संबंध में सिफारिश कर सकती है।

कतिपय कर्मचारियों के चौकीदा

23–– किसी अमीन, आदेशिका–वाहक, टीका लगाने वाले, कास्टेबिल, {गांव के चौकीदार, प्रारम्भिक विद्यालय के अध्यापक, काजी–हाउस रक्षक, गांव के स्टाकमैन}[4] अथवा किसी सरकारी विभाग के चपरासी द्वारा {अपने}[2] सरकारी कर्तव्यों के पालन में अवचार के सम्बन्ध में गांव पंचायत की अधिकारिता में निवास करने वाले किसी व्यक्ति से परिवाद प्राप्त होने पर ऐसी {ग्राम पंचायत}[5], यदि प्रत्यक्षतः कोई साक्ष्य उपलब्ध है, उसे अपनी रिपोर्ट के साथ समुचित प्राधिकारी को भेजेगी। प्राधिकारी ऐसी अग्रेतर जांच करने के उपरान्त, जो अपेक्षित हो, समुचित कार्यवाही करेगा और {गांव पंचायत}[5] को उसके परिणाम की सूचना देगा।

करने तथा रिपोर्ट करने की शक्ति

स्वामियों के लिए कर तथा

24–– {ग्राम पंचायत}[6], जैसा कि नियत किया जाय, और अपनी अधिकारिता के भीतर किसी क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित से संविदा कर सकती है:–

अन्य क्षेत्रों की लिए संविदा करने शक्ति

वसूली के की

{(क) राज्य सरकार अथवा किसी स्थानीय प्राधिकारी से राज्य या ऐसे स्थानीय प्राधिकारी को देय किन्हीं करों अथवा देयों की वसूली करने के लिए ऐसी वसूली का व्यय भुगतान किये जाने पर, जो नियत किया जाय; या}[5]

{(ख) राज्य सरकार अथवा किसी स्थानीय प्राधिकारी से किसी कार्य को ऐसे निबन्धनों पर करने के लिए जिनके संबंध में करार किया जाय।}[6]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 20 द्वारा बढाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 21 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 21 (2) द्वारा बढाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 21 (3) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 22 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 22 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधि0 सं0 33, 1961 की अनुसूची 8 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

कर्मचारिवर्ग

{25–– (1) इस अधिनियम के किसी उपबंध, किसी उत्तर प्रदेश अधिनियम, नियम, विनियम या उपविधि में या किसी न्यायालय के किसी निर्णय डिक्री या आदेश में किसी बात के होते हुए भी ––

(क) राज्य सभा, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, ऐसे किसी कर्मचारी या कर्मचारियों के वर्ग को, जो राज्य के कार्यकलाप के संबंध में सेवारत हो, ऐसे पदनाम से, जिसे आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाय, ग्राम पंचायतों के अधीन सेवा करने के लिए स्थानान्तरित कर सकती है और तदुपरान्त ऐसे कर्मचारी या कर्मचारियों की तैनाती किसी जिले की ग्राम पंचायतों में ऐसे प्रधिकारी द्वारा ऐसी रीति से की जायेगी, जैसी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाय;

(ख) किसी ग्राम पंचायत में इस प्रकार स्थानान्तरित और तैनात किए जाने पर कर्मचारी या कर्मचारीगण उन्हीं निबंधनों और शर्तों पर और सेवानिवृत्ति लाभों और अन्य विषयों के संबंध में जिसमें पदोन्नति भी सम्मिलित है, उन्हीं अधिकारों और विशेषाधिकारों के साथ, जो ऐसे स्थानान्तरण के ठीक पूर्व उन पर प्रयोज्य होते, ग्राम पंचायत के नियंत्रण और पर्यवेक्षण के अधीन सेवा करेंगे और ऐसे कर्तव्यों का पालन करेंगे, जो उन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किए जायं।

(2) उपधारा (1) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए कोई ग्राम पंचायत, नियत प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के पश्चात् समय–समय पर ऐसे कर्मचारियों को, जिन्हें वह इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों का दक्षतापूर्ण निर्वहन करने के लिए आवश्यक समझे, ऐसी प्रक्रिया के अनुसार, जैसी नियत की जाय, नियुक्त कर सकती है :

प्रतिबंध यह है कि ग्राम पंचायत, नियत प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना किसी पद को सृजित नहीं करेगी।

(3) ग्राम पंचायत को ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए और ऐसी प्रकिया के अनुसार, जैसी नियत की जाय, उपधारा (2) के अधीन नियुक्त कर्मचारियों पर किसी भी प्रकार का दण्ड अधिरोपित करने की शक्ति होगी।

(4) ऐसी शर्तों और निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए जिन्हें नियत किया जाय, ग्राम पंचायत उपधारा (2) के अधीन नियुक्त कर्मचारियों पर किसी लघुदण्ड को अधिरोपित करने की शक्ति प्रधान हो या अपनी किसी समिति को प्रतिनिहित कर सकती है।

(5) उपधारा (3) के अधीन किसी कर्मचारी पर कोई दण्ड अधिरोपित करने के किसी आदेश के विरूद्ध अपील ऐसे अधिकारी या समिति की होगी, जिसे राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।

(6) नियत प्राधिकारी ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो नियत की जाय, उपधारा (1) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी कर्मचारी को एक ग्राम पंचायत से उसी जिले की दूसरी ग्राम पंचायत को स्थानान्तरित कर सकता है और राज्य सरकार, या ऐसा अन्य अधिकारी, जिसे इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा सशक्त किया जाय, इसी प्रकार किसी ऐसे कर्मचारी को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानान्तरित कर सकता है।

(7) न्याय पंचायत, नियत प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, किसी व्यक्ति को अपने कर्मचारिवर्ग में नियत रीति से नियुक्त कर सकती है। इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति नियत प्राधिकारी के प्रशासकीय नियंत्रण में रहेगा, जिसको उसे स्थानान्तरित करने, दण्ड देने, निलम्बित करने, सेवा–मुक्त करने या पदच्युत करने की शक्ति होगी।

(8) उपधारा (7) के अधीन किसी व्यक्ति को दण्ड देने, निलम्बित करने, सेवामुक्त करने या पदच्युत करने वाले नियत प्राधिकारी के किसी आदेश के विरूद्ध अपील राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त नियुक्त प्राधिकारी को होगी।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 25क–28}

सेक्रेटरी

25–क–– राज्य सरकार या ऐसा अधिकारी या प्राधिकारी, जिसे राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त सशक्त किया जाय, धारा 25 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) में या उपधारा (2) में, निर्दिष्ट कर्मचारियों में से सेक्रेटरी नियुक्त करेगा, जो ऐसी ग्राम पंचायत या ग्राम पंचायतों, संबंधित ग्राम सभाओं और न्याय पंचायतों, जिसकी प्रादेशिक सीमाओं के भीतर ऐसी ग्राम पंचायत स्थित हो, के सेक्रेटरी के रूप में कार्य करेगा और ऐसे अन्य कर्तव्याों का पालन करेगा, जो राज्य सरकार द्वारा या ऐसे अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा, जिसे राज्य सरकार इस निमित्त सशक्त करे, विनिर्दिष्ट किए जाएं।}[5]

पृथक–पृथक अधिकार

26–– {ग्राम पंचायत}[2] का सदस्य किसी बैठक में कोई संकल्प प्रस्तुत कर सकता है और प्रधान या उप प्रधान से {ग्राम पंचायत}[2] के प्रशासन से संबंधित विषयों के सम्बन्ध में प्रश्न नियत रीति से पूछ सकता है।

सदस्यों का

अधिभार संघटित {ग्राम पंचायत}[2]

{27–– (1) प्रत्येक {ग्राम पंचायत}[3] का, प्रधान या उपप्रधान, इस अधिनियम के अधीन प्रत्येक न्याय पंचायत का सरपंच, सहायक सरपंच या पंच, यथास्थिति {ग्राम पंचायत या न्याय पंचायत}[4] के धन या सम्पत्ति की हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोजन के लिए अधिभार का देनदार होगा, यदि ऐसी हानि, दुर्व्यय या दुरूपयोजन उसके ऐसा प्रधान, उप प्रधान, सदस्य, सरपंच, सहायक सरपंच या पंच रहने की अवधि में उसकी उपेक्षा या अवचार के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप हुआ हो :

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसी हानि दुर्व्यय या दुरूपयोजन के होने से दस वर्ष की समाप्ति या उस दिनांक से जब देनदार व्यक्ति अपने पद पर न रह जाय पांच वर्ष समाप्ति, जो भी पश्चातवर्ती हो, के पश्चात् ऐसा दायित्व समाप्त हो जायगा।

(2) नियत प्राधिकारी उस प्रकिया के अनुसार, जो नियत की जाय, अधिभार की धनराशि निश्चित करेगा और कलेक्टर को उस धनराशि का प्रमाण–पत्र भेजेगा, जो यह समाधान हो जाने पर कि धनराशि देय है, उसे भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूल करेगा।

(3) अधिभार की धनराशि नियत करने के नियत प्राधिकारी के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसे आदेश के तीस दिन के भीतर राज्य सरकार या ऐसे अन्य अपील प्राधिकारी, को, जो नियत किया जाय और आदेश के विरूद्ध अपील कर सकता है।

(4) जहां उपधारा (2) में विनिर्दिष्ट अधिभार नियत करने और उसे वसूल करने की कार्यवाही न की जाय, वहां राज्य सरकार देनदार व्यक्ति के विरूद्ध ऐसी हानि, दुव्यय या दुरूपयोजन के प्रतिकर के लिए वाद संस्थित कर सकती है।}[1]

सदस्य तथा सेवक लोक सेवक होंगे

28–– इस अधिनियम के अधीन संघटित न्याय पंचायत, {ग्राम पंचायत}[2], सयुंक्त समिति अथवा किसी अन्य समिति का प्रत्येक सदस्य अथवा सेवक भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थ अन्तर्गत लोक सेवक समझा जायगा।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 17 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 33 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 33 (ख) द्वारा बढाया गया।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 27 वर्ष 1999 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

भूमि प्रबन्धक समिति उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1, 1951

{28–क–– (1) {***}[4] {ग्राम पंचायत}[3] भूमि–प्रबन्धक समिति भी होगी और इस रूप में वह उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1950, की धारा 117 अथवा उक्त अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध के अधीन {ग्राम पंचायत की}[5] या उसमें निहित अथवा उसके द्वारा धृत सभी सम्पत्ति के रख–रखाव, संरक्षण तथा पर्यवेक्षण संबंधी कर्तव्यों का पालन करेगी।

(2) प्रधान तथा उप प्रधान भूमि–प्रबन्धक समिति के क्रमशः सभापति तथा उप सभापति होंगे, और {ग्राम पंचायत}[6] की अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र का, लेखपाल उसका सेक्रेटरी होगा।}[1]

भूमि प्रबन्धक समिति के कृत्य

{28–ख–– (1) भूमि–प्रबन्धक समिति पर, {ग्राम पंचायत}[7] के लिए तथा उसकी ओर से धारा 28–क में अभिदिष्ट समस्त सम्पत्ति, जिसके अन्तर्गत, निम्नलिखित भी है, के सामान्य प्रबन्ध, परिरक्षण तथा नियन्त्रण का भार होगा––

(क) भूमि का बन्दोबस्त तथा प्रबन्ध किन्तु इसके अन्तर्गत उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 117 के अधीन अथवा उक्त अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध के अधीन {ग्राम पंचायत}[7] में तत्समय निहित किसी सम्पत्ति का अन्तरण नहीं है;

(ख) वन तथा वृक्षों का परिरक्षण, अनुरक्षण तथा विकास;

(ग) आबादी स्थलों तथा ग्राम संचार साधनों का अनुरक्षण और विकास;

(घ) हाटों, बाजारों तथा मेलों का प्रबन्ध;

(ङ) जलाशयों और तालाबों का अनुरक्षण तथा विकास;

(च) जोत चकबन्दी में सहायता देना;

(छ) {ग्राम पंचायत}[3] द्वारा उसके विरूद्ध समिति के कृत्यों से सम्बद्ध अथवा उनसे उद्भूत होने वाले वादों तथा कार्यवाहियों का संचालन और अभियोजन;

(ज) उत्तर प्रदेश जमींदारी–विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1950 अथवा किसी अन्य अधिनियमित के अधीन भूमि–प्रबन्धक समिति को विशेषतः अभ्यर्पित कृत्यों का सम्पादन; और

(झ) ऐसे प्रबन्ध, परिरक्षण तथा नियंत्रण से सम्बद्ध कोई अन्य विषय, जो विहित किया जाय;

और वह {ग्राम पंचायत}[3] की उन सभी शक्तियों का प्रयोग कर सकती है जो ऐसे कर्तव्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक या आनुषंगिक हों।}[2]

(2) भूमि–प्रबन्धक समिति उत्तर प्रदेश जमींदारी–विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1950 ई0 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए अपने कार्य करेगी।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 7 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 8 द्वारा प्रतिस्थापित ।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 34 (क) (एक) द्वारा निरसित
5. उपर्युक्त की धारा 34 (क) (दो) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 34 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 35 द्वारा प्रतिस्थापित।

सदस्य तथा अधिकारी, भूमि प्रबन्धक समिति के साथ संविदाओं आदि में स्तत्व नहीं अर्जित करेंगे

{28–ग–– (1) {ग्राम पंचायत}[2] अन्यथा भूमि–प्रबन्धक समिति का कोई सदस्य या पटवारी, कलेक्टर की लिखित अनुमति के सिवाय, जानबूझकर स्वयं या अपने भागीदार के साथ माध्यम से या अन्यथा संबंधित समिति के साथ, उसके द्वारा या उसकी ओर से किसी लाइसेस, पटटे, विक्रय, विनिमय संविदा या सेवायोजन में कोई अंशय स्वत्व न तो अर्जित करेगा या न अर्जित करने का प्रयास करेगा या न तो उसके संबंध में अनुबन्ध करेगा या न उसे प्राप्त करने के लिए सहमत होगा या न उसे धारण करता रहेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि केवल निम्नलिखित के कारण किसी व्यक्ति को किसी संविदा सेवायोजन में कोई अंश या स्वत्व अर्जित किये हुए या अर्जित करने का प्रयास किये हुए या उसे धारण किये हुए या उसके संबंध में अनुबन्ध किये हुए या एसे प्राप्त करने के लिए सहमत हुए न समझा जायेगा कि––

(क) उसने सदस्य पदधारी होने से पूर्व कोई स्वत्व अर्जित किया है,

(ख) वह उस ज्वाइंट स्टाक सम्पनी में, जिसने संविदा किया है, कोई अंश धारण करता है, तथा

(ग) वह ऐसी वस्तु के, जिसमें वह किसी एक वर्ष में 50 रू0 से अनधिक मूल्य तक का नियमित रूप से व्यापार करता हों, संबंधित समिति के माध्यम से यदा कदा किये जाने वाले विक्रय में कोई अंश या स्वत्व धारण करता है।

(2) कोई भी न्यायालय या अन्य प्राधिकारी किसी व्यक्ति के कहने पर ऐसे किसी सौदे पर आधारित दावा प्रवर्तित नहीं करेगा, जो उपधारा (1) के उपबन्धों का उल्लंघन करता हो।}[1]

समितियां

{29–– (1) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध में या उसके अधीन बनाए गए नियमों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी प्रत्येक ग्राम पंचायत, ऐसी समिति या समितियां जैसी राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, ग्राम पंचायत के सभी या किन्हीं कृत्यों के संपादन में उसकी सहायता करने के लिए संघटित करेगी और ऐसी समिति या समितियों को अपनी ऐसी शक्तियां या कृत्य प्रतिनिहित कर सकती है, जैसी वह उचित समझे।

(2) उपधारा (1) के अधीन संघटित प्रत्येक समिति में एक सभापति और छः अन्य सदस्य होंगे, जो ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा अपने में से नियत रीति से निर्वाचित किए जायेंगे:

प्रतिबन्ध यह है कि ऐसी प्रत्येक समिति में कम से कम एक महिला, अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों का एक सदस्य और पिछड़े वर्गों का एक सदस्य होगा :

अग्रत्तर प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा, यह निदेश दे सकती है कि प्रधान या उप प्रधान या ग्राम पंचायत का कोई अन्य सदस्य ऐसी किसी समिति का सभापति होगा :}[3]

{परन्तु अग्रेतर यह भी कि किसी विषय विशेष से सम्बन्धित किस समिति में राज्य सरकार किसी सरकारी कर्मचारी को सह–सचिव पद नामित कर सकेगी।}[4]

{(3) राज्य सरकार आवश्यकतानुसार किसी विषय विशेष के लिये मुख्य समिति की सहायतार्थ उपसमिति का गठन अधिसूचना द्वारा कर सकेगी।}[5]

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 33, 1961 की अनुसूची 8 (2) द्वारा बढाया गया।

2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 9 वर्ष 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3.उ0प्र0 अधिनियम संख्या 33 वर्ष 1999 के अध्याय–दो की धारा 3 द्वारा प्रतिस्थापित।
4.उत्तराखण्ड अधिनियम सं0 28 वर्ष 2003 की धारा 2 (1) द्वारा प्रतिस्थापित तथा अन्तर्विष्ट। 5.उपर्युक्त की धारा 2(2) द्वारा बढ़ाया गया।

30–– (1) ऐसे नियमों के अधीन रहते हुए, जो नियत किये जायं, दो या अधिक {ग्राम संयुक्त समिति पंचायतें}[4] किसी ऐसे कार्य को करने के प्रयोजन से, जिसमें वे संयुक्त रूप से अभिरूचि रखती
हों, ऐसी संयुक्त समिति नियुक्त करने हेतु जिसमें उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हों, लिखित द्वारा सम्मिलित हो सकती है; और

(क) किसी संयुक्त कार्य के निर्माण तथा अनुरक्षण के सम्बन्ध में ऐसी प्रत्येक {ग्राम पंचायत}[4] पर बन्धनकारी कोई योजना तैयार करने के लिये और उस शक्ति के सम्बन्ध में जिसका किसी ऐसी {ग्राम पंचायत}[4] द्वारा ऐसी योजना के सम्बन्ध में प्रयोग किया जाय, उन शर्तों पर जिन्हें आरोपित करना वे उचित समझें, ऐसी समिति को शक्ति प्रतिनिहित कर सकती है; और

(ख) ऐसी समिति के बने रहने, उनके सदस्यों के कार्यकाल और कार्यवाहियां तथा पत्र–व्यवहार करने के ढंग के सम्बन्ध में नियम बना सकती है या उन्हें परिष्कृत कर सकती है।

(2) इस धारा के अधीन कार्य करते हुए {ग्राम पंचायतों}[4] में यदि कोई मतभेद उत्पन्न हो, तो उसे नियत प्राधिकारी को अभिदिष्ट किया जायगा, जिसका निर्णय उसके सम्बन्ध में अन्तिम होगा।

{(3) यदि नियत प्राधिकारी ऐसा निदेश दे तो दो या उससे अधिक {ग्राम पंचायतों}[4] धारा 15 और 16 में विनिर्दिष्ट किन्हीं कृत्यों का संयुक्त रूप से निर्वहन करने के लिये इस धारा के अधीन संयुक्त समिति नियुक्त करेंगी।}[2]

31–– {***}[5]

अध्याय– 5

भूमि का अर्जन, गांव निधि तथा सम्पत्ति

{32–– (1) {प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिये एक गांव निधि}[6] होगी और यह निधि धारा 41 के अधीन पारित आय और व्यय के वार्षिक अनुमान के उपबन्धों के अधीन रहते हुए {ग्राम सभा}[3] अथवा {ग्राम पंचायत}[3] अथवा उसकी किसी समिति पर इस अधिनियम या किसी अन्य अधिनियमिति द्वारा आरोपित कर्तव्यों तथा दायित्वों के निर्वहन के लिये उपयोग में लायी जायेगी}[1] : गांव निधि

{प्रतिबन्ध यह है कि 1950 ई0 का उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम के अधीन गांव निधि जमा की गयी समस्त धनराशियों के योग में से उक्त अधिनियम की धारा 125–क के अधीन संहत गांव निधि में जमा की गयी धनराशि को घटाने पर बची धनराशि तक ऐसी धनराशि, जो भूमि प्रबन्धक समिति द्वारा अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करने के लिये उपयोग में लाने के लिये अपेक्षित हो, गांव निधि में से भूमि प्रबन्धक समिति को प्रतिवर्ष उपलब्ध की जायेगी :

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 26 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 9 द्वारा अन्तर्विष्ट।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उपर्युक्त की धारा 37 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 38 द्वारा निरसित।
6. उपर्युक्त की धारा 39 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

अग्रेतर प्रतिबन्ध यह है कि भूमि प्रबन्धक समिति द्वारा निधियों की आवश्यकताओं के सम्बन्ध में एक और भूमि प्रबन्धक समिति अैर दूसरी ओर {ग्राम पंचायत}[3] अथवा {ग्राम सभा}[3] के बीच कोई मतभेद होने की दशा में मामला प्रधान द्वारा नियत प्राधिकारी को अभिदिष्ट किया जायगा जिसका निर्णय बन्धनकारी होगा।}[1]

(2) गांव निधि में निम्नलिखित जमा किये जायेंगे :––

(क) इस अधिनियम के अधीन आरोपित किसी कर से होने वाली आय;

(ख) राज्य सरकार द्वारा {ग्राम पंचायत}[3] को दी गयी समस्त धनराशियां;

(ग) ''विलेज पंचायत ऐक्ट'' के अधीन पहले से विद्यमान विलेज पंचायत के नाम जमा अवशेष, यदि कोई हो;

(घ) ऐसी सभी धनराशियां जिन्हें गांव निधि के खाते में जमा करने के लिये किसी न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो {अथवा किसी विधि के अधीन अपेक्षा की गयी हो;}[1]

(ङ) धारा 104 के अधीन प्राप्त समस्त धनराशियां;

(च) {ग्राम पंचायत}[3] के सेवकों द्वारा एकत्र समस्त धूल, गन्दगी, गोबर या कूड़ा–करकट, जिसमें पशुओं के शव भी सम्मिलित है, की बिक्री से प्राप्त होने वाली आय;

(छ) नजूल की सम्पत्ति के लगान अथवा उससे प्राप्त होने वाली अन्य आय का ऐसा भाग जिसे राज्य सरकार गांव निधि के खाते में जमा किये जाने का निदेश दे;

(ज) {जिला परिषद्}[2] अथवा किसी अन्य स्थानीय प्राधिकारी द्वारा गांव निधि में अंशदान के रूप में दी गई धनराशियां;

(झ) ऋण अथवा दान स्वरूप प्राप्त समस्त धनराशियां;

(ञ) ऐसी अन्य धनराशियां, जो राज्य सरकार द्वारा किसी विशेष या सामान्य आदेश द्वारा गांव निधि को अभ्यर्पित की जायं;

(ट) समस्त धनराशियां, जो धारा 24 अथवा किसी अन्य विधि के अधीन {ग्राम पंचायत}[3] को किसी व्यक्ति अथवा निगम अथवा राज्य सरकार से प्राप्त हुई हों;

{(ठ) राज्य की संचित निधि से सहायता अनुदान के रूप में प्राप्त समस्त धनराशियां।}[5]

(3) इस धारा में किसी बात का, {ग्राम पंचायत}[6] के किसी ऐसे दायित्व पर प्रभाव न पड़ेगा जो वैध रूप से उस पर आरोपित या उसके द्वारा स्वीकृत न्यास से उत्पन्न हो।

{(4) गांव निधि में से धन का समस्त आहरण और उसका वितरण ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।}[7]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8 (2) द्वारा बढाया गया।
2. उपर्युक्त की अनुसूची 8 (2) द्वारा इस अधिनियम में जहां कही भी शब्द 'डिस्ट्रिक्ट बोर्ड' आया है, शब्द ''जिला परिषद्'' रख दिया गया था।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित ।
4. उपर्युक्त की धारा 39(ख)(एक) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 39(ख)(दो) द्वारा बढ़ाया गया।
6. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 21, 1995 की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित ।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 33 वर्ष 1999 के अध्याय–दो की धारा 4 द्वारा बढ़ाया गया।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 32 क}

{32–क–– (1) राज्यपाल, संविधान (तिहत्तरवां संशोधन) अधिनियम, 1992 के प्रारम्भ से एक वर्ष के भीतर यथाशक्य शीघ्र और उसके पश्चात् प्रत्येक पांचवे वर्ष के अवसान पर ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन

वित्त आयोग

करने के लिए और राज्यपाल को निम्नलिखित की बाबत सिफारिशें करने के लिए एक वित्त आयोग का गठन करेगा :–

(क) सिद्धान्त, जो निम्नलिखित को शासित करेंगे :––

(एक) राज्य द्वारा उद्ग्रहीत करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों के शुद्ध आगम का राज्य और ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के बीच वितरण, जिसे उनके बीच वितरित किया जा सकेगा और ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के बीच ऐसे आगमों के अपने–अपने अंशों का आवंटन;

(दो) ऐसे करों, शुल्कों, पथकरों और फीसों का अवधारणा, जो ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों को समनुदेशित किये जा सकेंगे या उनके द्वारा विनियोजित किये जा सकेंगे;

(तीन) राज्य की संचित निधि में से ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों को सहायता अनुदान;

(ख) ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों की वित्तीय स्थिति में सुधार करने के लिए आवश्यक अध्युपाय;

(ग) कोई अन्य विषय, जो राज्यपाल द्वारा ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों की ठोस वित्त व्यवस्था के हित में वित्त आयोग को निर्दिष्ट किया जाय।

(2) वित्त आयोग के एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य होंगे, जो ऐसी अर्हताएं रखेंगे और ऐसी रीति से चयनित किये जायेंगे, जैसी कि नियत की जाय।

(3) वित्त आयोग अपनी प्रक्रिया अवधारित करेगा।

(4) वित्त आयोग का अध्यक्ष या कोई सदस्य स्वाहस्ताक्षरित और राज्यपाल को सम्बोधित पत्र द्वारा अपना पद त्याग सकता है किन्तु त्यागपत्र स्वीकृत किये जाने तक अपने पद पर बना रहेगा।

(5) वित्त आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य के पद पर किसी आकस्मिक रिक्ति को उसके पूर्वाधिकारी शेष अवधि तक के लिए भरा जा सकता है।

(6) वित्त आयोग को अपने कृत्यों के सम्पादन के लिए निम्नलिखित शक्तियां होंगी; अर्थात् :–

(क) किसी अधिकारी या प्राधिकारी से किसी अभिलेख को मांग सकता है;

(ख) साक्ष्य देने या अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए किसी व्यक्ति को बुला सकता है; और

(ग) ऐसी अन्य शक्तियां, जैसी नियत की जायं।

(7) राज्यपाल, इस धारा के अधीन वित्त आयोग द्वारा की गयी प्रत्येक सिफारिश को उस पर की गई कार्यवाही के स्पष्टीकारक ज्ञापन के साथ राज्य विधान मण्डल के दोनों सदनों के समक्ष रखवायेगा।}[1]

1.उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 40 द्वारा बढ़ाया गया।

{संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम, 1947} {धारा 33–37}

भूमि अर्जित करने की शक्ति

33–– यदि {ग्राम पंचायत}[5] अथवा ऐसी अनेक {ग्राम पंचायतें}[5] जो धारा 20 अथवा 30 के उपबन्धों के अधीन एक में सम्मिलित हुई हों, इस अधिनियम के किसी प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिये किसी भूमि की अपेक्षा करे, तो वह {ग्राम पंचायत}[5] अथवा {ग्राम पंचायतें}[5] पहले तो आपसी बातचीत द्वारा भूमि ग्रहण करने का प्रयत्न करेंगी ओर यदि सम्बन्धित पक्ष, करार करने में चूक जायं, तो ऐसी {ग्राम पंचायत}[5] या {ग्राम पंचायतें}[5] भूमि
अर्जित करने के लिये कलेक्टर की नियत प्रपत्र में आवेदन पत्र दे सकती है और कलेक्टर ऐसी भूमि को ऐसी {ग्राम पंचायत}[5] अथवा अथवा {ग्राम पंचायतों}[5] के लिये अर्जित कर सकता है।

स्पष्टीकरण– इस अध्याय में पद ''भूमि'' के अन्तर्गत भूमि से प्रोद्भूत होने वाले फायदे और पृथ्वी से संलग्न किसी चीज के साथ स्थायी रूप से जकड़ी हुई चीजें हैं।

34–– (1) राज्य सरकार द्वारा किये गये किसी विशेष आरक्षण के अधीन रहते हुए {ग्राम पंचायत}$_6$ की अधिकारिता के भीतर स्थित समस्त सार्वजनिक सम्पत्ति {ग्राम पंचायत}$_6$ में निहित होगी तथा {ग्राम पंचायत}$_6$ की होगी और ऐसी समस्त अन्य सम्पत्ति सहित, जो {ग्राम पंचायत}$_6$ में निहित हो जाय, उसके निदेश, प्रबन्ध तथा नियंत्रण में होगी। गांव सभा में निहित सम्पत्ति

(2) ऐसे समस्त बाजार तथा मेले अथवा उनके ऐसे अंश का, जो सार्वजनिक भूमि पर लगते हों, प्रबन्ध और विनियमन {ग्राम पंचायत}$_6$ द्वारा किया जायगा और {ग्राम पंचायत}$_6$, गांव
निधि के खाते में ऐसे समस्त देयों का प्राप्त करेगी जो उसके सम्बन्ध में उद्‌गहीत या आरोपित किये गये हों।

35–– यदि धारा 34 में उल्लिखित किसी सम्पत्ति के स्वामित्व के सम्बन्ध में {ग्राम पंचायत}$_6$ और किसी व्यक्ति के बीच विवाद उत्पन्न हो तो {ग्राम पंचायत}$_6$ ऐसे व्यक्तियों को सुनवाई का समुचित अवसर देगी और तब यह निर्णय करेगी कि उक्त सम्पत्ति को {ग्राम पंचायत}$_6$ की सम्पत्ति समझा जाय या नहीं। दावों का निस्तारण

{36–– कोई {ग्राम पंचायत}$_6$ राज्य सरकार से अथवा नियत प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से तथा ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो नियत की जायं, विधि द्वारा स्थापित किसी वित्तीय निगम अथवा किसी अनुसूचित बैंक या उत्तर प्रदेश को–आपरेटिब बैंक अथवा डिस्ट्रिक्ट को–आपरेटिव बैंक {या किसी अन्य गांव सभा}$_2$ से इस अधिनियम के किसी भी प्रयोजन को कार्यान्वित करने के लिये धनराशि उधार ले सकती है।}$_1$

{37–– (1) {ग्राम पंचायत}$_8$ एतद्‌पश्चात् दिये गये खण्ड (क) और (ख) में वर्णित कर लगायेगी और खण्ड (ग), (घ), (ङ), (च), (छ), (ज), (झ), (ञ) और (ट) में वर्णित सभी या कोई कर, फीस और शुल्क लगा सकती है, अर्थात् – }$_3$

{(क) उन क्षेत्रों में जहां उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1950, जौनसार बावर जमींदारी विनाश और भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1956 अथवा कुमायूं तथा उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश तथा भूमि–व्यवस्था अधिनियम, 1960 के अधीन मध्यवर्तियों के अधिकार, आगम और स्वत्व अर्जित कर लिये गये हों, भूमि पर उसके लिये देय अथवा देय समझी जाने वाली भू–राजस्व की धनराशि पर प्रति रूपया {कम से कम पचीस पैसे किन्तु पचास पैसे}$_4$ से अनधिक कर लगा सकती है:

1. उ0प्र0 अधिनियम 03, 1973 की धारा 10 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 18 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 19 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 19 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 41 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 42 तथा 43 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।

प्रतिबन्ध यह है कि यदि भूमि पर उस व्यक्ति से, जिसके द्वारा लिये भू–राजस्व देय हो अथवा देया समझा जाय, भिन्न व्यक्ति वास्तव में कृषि करता हो तो कर उस व्यक्ति द्वारा देय होगा, जो उस पर वास्तव में कृषि करता हो ;

(ख) खण्ड (क) में अभिदिष्ट क्षेत्रों से भिन्न क्षेत्रों में भौमिक अधिकार से सम्बन्धित प्रवृत्त विधि के अधीन किसी काश्तकार द्वारा वह कुछ भी कहलाता हो, देय भू–राजस्व को धनराशि में प्रति रूपया {कम से कम पच्चीस पैसे किन्तु पचास पैसे}$_5$ से अनधिक कर लगा सकती है :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि भूमि पर उस व्यक्ति से, जो उसके लिए भू–राजस्व का देनदार हो, भिन्न व्यक्ति वास्तव में कृषि करता हो तो कर उस व्यक्ति द्वारा देया होगा जो उस पर वास्तव में कृषि करता हो;}$_4$

{(ग) {ग्राम पंचायत}$_7$ के क्षेत्र में अस्थायी रूप से स्थित प्रेक्षागृह, सिनेमा अथवा इसी प्रकार के आमोद पर कोई कर, जो पांच रूपया प्रतिदिन से अधिक नहीं होगा, लगा सकती है।}$_3$

(घ) {ग्राम पंचायत}[7] के क्षेत्र के भीतर रखे गये ओर किराये पर चलाये जाने वाले पशुओं और यन्त्रचालित वाहनों से भिन्न वाहनों पर उनके स्वामियों द्वारा निम्नलिखित दर से देय कर लगा सकती है जो––

(1) जानवरों की दशा में, प्रति जानवर तीन रूपया प्रतिवर्ष से अधिक न होगा,

(2) गाड़ियों की दशा में, प्रति वाहन छः रूपया प्रतिवर्ष से अधिक न होगा;

(ङ) उन व्यक्तियों पर {कोई कर}[1] लगा सकती है, जो ऐसे व्यक्ति नहीं है जिन पर खण्ड (ग) के अधीन {कर}[1] निर्धारित किया जाता हो और जो ऐसे बाजारों, हाटों अथवा मेंलों में बिक्री के लिए सामानों को अभिदर्शित करे, जो सम्बन्धित {ग्राम पंचायत}[7] के हों अथवा उसके नियन्त्रण में हों;

(च) ऐसे पशुओं के रजिस्ट्रीकरण पर फीस लगा सकती है, जिसकी बिक्री किसी ऐसे बाजार अथवा स्थान पर की जाती हो, जो {ग्राम पंचायत}[7] के हों अथवा उसके नियंत्रण में हों;

(छ) वध–शालाओं और पड़ाओं की भूमि के प्रयोग के लिए फीस लगा सकती है;

{(ज) जल शुल्क, जहां {ग्राम पंचायत}[7] द्वारा घरेलू उपभोग के कलए जल सम्भारित किया जाता हो;}[2]

(झ) निजी शौचालयों या नालियों की सफाई के लिए कर, जो उन गृहों के जिनसे निजी शौचालय की नाली संलग्न हो स्वामियों या अभ्यासियों द्वारा देय होगा, उस दशा में ऐसी सफाई {ग्राम पंचायत}[7] के अभिकरण के माध्यम से की जायय

{(ञ) सड़कों की सफाई और उन पर रोशनी और स्वच्छता के लिये कर;}[6]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 19, 1957 की धारा 4 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10, 1965 की धारा 4 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 33, 1961 की अनुसूची 8 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 03, 1973 की धारा 11 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 19 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 19 (घ) द्वारा अन्तर्विष्ट।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(ट) सिंचाई शुल्क, जहां {ग्राम पंचायत}[2] द्वारा अपने द्वारा निमित या अनुरक्षित किसी लघु सिंचाई प्रयोजना से सिचाई के लिए जल सम्भारित किया जाता हो;}[1]

{(ठ) कोई ऐसा अन्य कर, जिसे राज्य में आरोपित करने का अधिकार राज्य विधान मण्डल को संविधान के अधीन उसके अनुच्छेद 277 को सम्मिलित करते हुए और जिसका ग्राम पंचायत द्वारा आरोपण राज्य सरकार ने प्राधिकृत किया हो।}[3]

(2) उपधारा (1) के अधीन कर, शुल्क तथा फीस ऐसी रीति से तथा ऐसे समयों पर आरोपित, निर्धारित तथा वसूल किये जायेंगे, जो नियत किये जाय।

{37–क–– (1) {ग्राम पंचायत}[4] द्वारा लगाये गये कर, शुल्क अथवा फीस के विरूद्ध अपील नियम प्राधिकारी को की जायेगी।

(2) यदि नियत प्राधिकारी की जानकारी में यह बात लाई जाय कि कर, शुल्क अथवा फीस किसी ऐसे व्यक्ति पर आरोपित नहीं किया गया है, जिस पर उसे आरोपित

किया जाना चाहिए था, तो वह {ग्राम पंचायत}[4] की उस व्यक्ति या उन व्यक्तियों पर कर, शुल्क अथवा फीस आरोपित करने का निदेश दे सकता है और {ग्राम पंचायत}[4] तदुपरान्त तद्नुसार कार्य करेगी।

करों और देयों को पंचायत

37–ख–– इस अधिनियम के अधीन आरोपित करों के कारण समस्त देयों और {ग्राम पंचायत} यदि सम्बन्धित {ग्राम पंचायत}[4] निर्धारण के दिनांक से तीन मास के भीतर इस आशय का एक संकल्प पारित करे :

रूप में वसूल किया जायगा

प्रतिबन्ध यह है कि यदि {ग्राम पंचायत}[4] उक्त तीन मास की अवधि के भीतर ऐसा संकल्प पारित करने में चूक करे, तो नियत प्राधिकारी करों के बकायों को मालगुजारी की बकायों के रूप में वसूल करने का प्राधिकार देगा।

कर, शुल्क अथवा फीस की छूट

37–ग–– (1) राज्य सरकार किसी ऐसी अवधि के सम्बन्ध में चाहे वह उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) अधिनियम, 1954 के प्रारम्भ के पूर्व की हो अथवा बाद की, {ग्राम पंचायत}[4] द्वारा लगाये गये किसी कर, शुल्क अथवा फीस की पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से छूट दे सकती है।

(2) उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा प्रयोक्तवय शक्ति नियत प्राधिकारी द्वारा भी या जो सामान्य रूप से या किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र में ऐसी परिस्थितियों में प्रयोक्तव्य होगी, जिन्हें राज्य सरकार नियत करे।

(3) {ग्राम पंचायत}[4] की संकल्प द्वारा और ऐसी परिस्थितियों में, जो नियत की जायं, किसी ऐसे कर, शुल्क अथवा फीस की पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से छूट दे सकती है जो उसके द्वारा आरोपित किया गया हो या लगाया गया हो :

किन्तु प्रतिबिन्ध यह है कि कोई ऐसा संकल्प तब तक प्रभावी नही होगा जब तक कि उसे नियत प्राधिकारी द्वारा अनमोदित न कर दिया जाय।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 10, 1965 की धारा 4 (ख) द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 43 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 44 द्वारा प्रतिस्थापित।

(4) यदि उपधारा (1) से (3) तक के अधीन किसी कर, शुल्क अथवा फीस की छूट दी गयी हो, तो इस प्रकार छूट दिये गये कर, शुल्क अथवा फीस के सम्बन्ध में निर्धारिती से वसूल की गई कोई धनराशि उसे {ग्राम पंचायत}[5] द्वारा वापस कर दी जायगी।}[1]

देयों की वसूली तथा निधियों और लेखों की अभिरक्षा

38–– गांव पंचायत ऐसी रीति से जो नियत की जाय, पंचायत के करो ंऔर देयों की वसूली, अपनी निधियों की अभिरक्षा और लेखें के अनुरक्षण का प्रबन्ध करेगी।

न्याय पंचायत के निधि पर व्यय गांव पंचायतों भारित होंगे

{39–– (1) न्याय पंचायत के व्यय गांव निधि अथवा सर्किल में समाविष्ट {ग्राम पंचायतों}[5] के गांव निधि या गांव निधियों पर ऐसे अनुपात में भारित होंगे जो नियत प्राधिकारी द्वारा अवधारित किया जाय।

(2) इस अधिनियम के अधीन विचारणीय वाद में न्यायालय फीस और जुर्माने के रूप में वसूल की गई समास्त धनराशियां राज्य सरकार के खाते में जमा की जायेगी, किन्तु राज्य सरकार इस वसूल की गई धनराशि में से संबंधित {ग्राम पंचायत}[5] को अनुदान रूप में 50 प्रतिशत से अनधिक ऐसे अंश जिसे वह निश्चित करे, का भुगतान न्याय पंचायत के व्ययों को पूरा करने के लिये करेगी।}[2]

{40–– प्रत्येक {ग्राम पंचायत}[5] और न्याय पंचायत के लेखे की परीक्षा {प्रत्येक वर्ष}[6] लेखा–परीक्षा ऐसी रीति से {और ऐसी फीस का भुगतान करने पर}[4] की जायेगी जो नियत की जाय जाय।}[3]

ग्राम पंचायत का बजट

{41–– प्रत्येक ग्राम पंचायत ऐसी अवधि के भीतर और ऐसी रीति से, जैसी नियत की

जाय, आगामी पहली अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए ग्राम पंचायत की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण तैयार करेगी, जो कि ग्राम पंचायत द्वारा उसकी बैठक में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों की साधारण बहुमत से पातिर किया जायेगा और ऐसी बैठक के लिए गणपूर्ति ग्राम पंचायत के सदस्यों की कुल संख्या के आधे के अधिक से होगी।}[7]

अध्याय– 6

न्याय पंचायत

न्याय पंचायत की स्थापना

42–– (1) राज्य सरकार अथवा नियत प्राधिकारी जिले की सर्किलों में विभाजित करेगा और {ग्राम पंचायतों}[8] की अधिकारिता के अधीन रहते हुए प्रत्येक सर्किल में उतने क्षेत्र समाविष्ट होंगे, जितने इष्टकर हों तथा ऐसे प्रत्येक सर्किल के निमित्त एक न्याय पंचायत की स्थापना करेगाः

प्रतिबन्ध यह है कि प्रत्येक सर्किल के भीतर {ग्राम पंचायत}[8] के क्षेत्र यथासंभव परस्पर संलग्न होंगे।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 29 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 30 द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 31 द्वारा बढाया गया।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 20 द्वारा अन्तर्विष्ट।
5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 45 द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 46 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 47 द्वारा प्रतिस्थापित।
8. उपर्युक्त की धारा 48 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) प्रत्येक न्याय पंचायत में सदस्यों की संख्या न्यूनतम दस तथा अधिकतम पच्चीस के अधीन रहते हुए उतनी होगी जो नियत की जाय, किन्तु न्याय पंचायत के लिये यह विधि सम्मत होगा कि उसमें किसी रिक्ति के होते हुए भी यह कार्य करती रहे :

प्रतिबन्ध यह है कि उसमे पंचों की संख्या नियत संख्या के दो–तिहाई से कम न हो।

पंचों की नियुक्ति और उनका कार्यकाल

43–– (1) नियत प्रधिकारी द्वारा {ग्राम पंचायत}[7] के सदस्यों में से उतनी संख्या में व्यक्ति न्याय पंचायत के पंच होने के लिये नियुक्त किये जायेंगे जितनी की नियत की जाय और तदुपरान्त इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति {ग्राम पंचायत}[7] के सदस्य न रह जायेंगे तथा {ग्राम पंचायत}[7] में उनके स्थान यथाशक्य धारा 12 में उपबन्धित रीति से भरे जायेंगे :

{प्रतिबन्ध यह है कि यदि न्याय पंचायत के पंच होने के लिये वांछित संख्या में {ग्राम पंचायत}[7] के सदस्य उपलब्ध न हों, तो नियत प्राधिकारी के लिये यह विधि सम्मत होगा कि वह इस प्रकार हुई रिक्तियों की, यदि कोई हो, पूर्ति गांव सभा के अन्य सदस्यों में से नामांकन द्वारा कर दे।}[6]

(2) कोई व्यक्ति न्याय पंचायत का पंच तब तक न नियुक्त किया जायगा जब तक कि उसमें व अर्हतायें न हों जो नियत की जायः

{प्रतिबन्ध यह है कि यदि ऐसी नियुक्तियों के लिये नियत अर्हतायें रखने वाले उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध न हों, तो नियत प्राधिकारी ऐसी अर्हताओं में से किसी या सभी अर्हताओं को लिखित आदेश द्वारा शिथिल कर सकता है।}[4]

सरपंच तथा सहायक

44–– {धारा 43 के अधीन नियुक्त पंच ऐसी रीति से और ऐसी अवधि के भीतर, जो नियत की जाय, अपने में से ऐसे दो व्यक्तियों को, जो कार्यवाहियों को अभिलिखित करने की क्षमता रखते हो, सरपंच तथा सहायक सरपंच के रूप में निर्वाचित करेंगे :

सरपंच का निर्वाचन

प्रतिबन्ध यह है कि यदि पंच यथापूर्वोक्त सरपंच अथवा सहायक सरपंच निर्वाचित करने में चूक करें तो नियत प्राधिकारी सरपंच या सहायक सरपंच नियुक्त कर सकती है।}[1]

पंच का कार्यकाल

45–– {न्याय पंचायत के प्रत्येक पंच का कार्यकाल इस प्रकार उसकी नियुक्ति के

दिनांक से प्रारम्भ होगा और जब तक इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन अन्यथा समाप्त न हो जाय, उस गांव पंचायत के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा, जिससे वह नियुक्त किया गया था :

प्रतिबन्ध यह है कि सरपंच तथा सहायक सरपंच अपने–अपने पदों पर तब तक बने रहेंगे तब तक उनके उत्तराधिकारी निर्वाचित अथवा नियुक्त न हो जायं।}[5]

46–– { *** }[2]

47–– {पंच, सरपंच अथवा सहायक सरपंच ऐसे प्राधिकारी को, जो नियत किया जाय, सम्बोधित स्वहस्ताक्षरित लेख द्वारा इस प्रकार अपना पद त्याग सकेगा और तदुपरान्त उसका पद रिक्त हो जायगा।}[3] पंचो का पद त्याग

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1955 की धारा 34 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 36 द्वारा निकाला गया।
3. उपर्युक्त की धारा 37 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम सं0 15, 1960 की धारा 13 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 14 द्वारा प्रतिस्थपित।
6. उ0प्र0 अधिनियम सं0 3, 1973 की धारा 12 द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।

48–– { *** }[1]

49–– {(1) सरपंच, न्याय पंचायत के समक्ष आने वाले आपराधिक वादों तथा जाचों के निस्तारण के लिये न्यायपीठें बनायेगा, जिनमें प्रत्येक में पांच पंच होंगे। न्याय पंचायत की न्यायपीठ

(2) न्यायपीठों का बनाया जाना, अवधि जिस तक वे कार्य करेंगे, जिसके अन्तर्गत आंशित रूप में सुने गये आपराधिक वादों की सुनवाई भी है, न्यायापीठों के बीच कार्य के विभाजन, अन्तरण तथा पुनः अन्तरण का ढंग और वादों तथा जांचों में उनके द्वारा सामान्य रूप से अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया नियमों के अधीन होगी।

(3) कोई पंच सरपंच अथवा सहायक सरपंच किसी ऐसे वाद के विचारण अथवा जांच में भाग न लेगा, जिसमें वह स्वयं या उसका कोई निकट संबंधी सेवायोजक, सोवायेाजित कर्मचारी, ऋणी, ऋणदाता अथवा भागीदार एक पक्ष हो अथवा जिसमें उनमें सेकोई व्यक्तिगत रूप से अभिरूचि रखता हो।

(4) इस धारा में किसी बात के होते हुए भी राज्य सरकार किसी वर्ग अथवा वर्गों के वादों के विचारण के लिये विशेष न्यायापीठों का संघटन नियत कर सकती है :

प्रतिबन्ध यह है कि राज्य सरकार किसी भी समय ऐसे विशेष न्यायपीठ के पुनसंघठन के लिये आदेश दे सकती है।

(5) न्यायपीठों के बनाये जाने अथवा उनके कार्यकरण के ढंग से संबंधित कोई विवाद नियत प्राधिकारी को अभिदिष्ट किया जायगा, जिसका निर्णय अन्तिम होगा।}[2]

{50–– (1) यदि किसी पंच का पद उसकी मृत्यु हो जाने, उसे हटाये जाने अथवा उसके पदत्याग देने के कारण रिक्त हो जाये तो उसे धारा 45 के उपबंधों के अधीन रहते हुये उसके कार्यकाल की असमाप्त अवधि के लिये नियत प्राधिकारी द्वारा {ग्राम पंचायत}[6] के तत्समय के सदस्यों में से किसी व्यक्ति को नियुक्त करके भरा जायेगा और यदि वह पंच जिसने पद रिक्त किया हो, सरपंच या सहायक सरपंच भी रहा हो तो यथास्थिति एक नया सरंपच अथवा सहायक सरपंच धारा 44 के उपबंधित रीति से निर्वाचित किया जायेगा । आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना

(2) उपधारा (1) के अधीन पंच के रूप में नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति अपनी नियुक्ति के दिनांक से गांव का सदस्य न रह जायेगा और {ग्राम पंचायत}[6] में इस प्रकार हुई कोई रिक्ति धारा 12–ज के प्रयोजन के लिये आकस्मिक रिक्ति समझी जायेगी ।}[3]

{50–क–– सहायक सरपंच, सरपंच की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा, जो नियत सहायक सरपंच की की जाये

{51–– (1) {दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973}7 में किसी बात के होते हुये न्याय पंचायत द्वारा विचारण योग्य प्रत्येक आपराधिक वाद उस सर्किल के न्याय पंचायत के सरपंच के समक्ष संस्थित किया जायेगा, जिसमें अपराध किया हो।}5

क्षेत्रीय अधिकारिता 1898 का अधिनियम सं0 5

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 2 1955 की धारा 38 द्वारा निकाला गया।
2.उपर्युक्त की धारा 39 द्वारा प्रतिस्थापित।
3.उपर्युक्त की धारा 40 द्वारा प्रतिस्थापित।
4.उपर्युक्त की धारा 41 द्वारा बढ़ाया गया।
5.उपर्युक्त की धारा 42 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
6.उ0प्र0 अधिनियम संख्या 9, 1994 की धारा 2 द्वारा प्रतिस्थापित।
7.उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 21(क) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में किसी बात के होते हुये भी इस अधिनियम के अधीन संस्थित प्रत्येक आपराधिक वाद उस सर्किल के न्याय पंचायत के सरपंच के समक्ष संस्थित किया जायेगा, जिसमें {प्रतिवादी और यदि एक से अधिक प्रतिवादी हो तो सभी प्रतिवादी, सिविल वाद के संस्थित होने के समय सामान्य रूप से निवास करते हों या व्यापार करते हों।}3, भले ही वाद कारण किसी भी स्थान में उत्पन्न हुआ हो।

1908 का अधिनियम सं0 5

(3) { ***}1

{52–– (1) निम्नलिखित अपराध तथा ऐसे अपराधों को करने के दुश्प्रेरण तथा प्रयास यदि किसी न्याय पंचायत की अधिकारिता के भीतर किये जाये तो वे ऐसे न्याय पंचायत के संज्ञेय होगें :–

न्याय पंचायत द्वारा संज्ञेय अपराध

(क) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 140, 160, 172, 174, 179, 269, 277, 283, 285, 289, 290, 294, 323, 334, 341, 352, 357, 358, 374, 379, 403 तथा 411 (जहां धारा 379, 403 तथा 411 के अधीन आपराधिक वादों में चुराई गई अथवा दुर्विनियुक्त सम्पत्ति का मूल्य 50 रू0 से अधिक न हो, 426, 428, 430, 431, 447, 448, 504, 506, 509 तथा 510 के अधीन अपराध ;

1860 का अधिनियम सं0 45

(ख) पशु अतिचार अधिनियम, 1871 की धारा 24 तथा 26 के अधीन अपराध; अधिनियम सं0 1, 1871

(ग) यूनाइटेड प्राविंसेज डिस्ट्रिक्ट बोर्ड प्राइमरी एजूकेषन ऐक्ट, 1926 की धारा 10 की उपधारा (1) के अधीन अपराध ; 1

1926 का अधिनियम सं0

(घ) सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 की धारा 3, 4, 7 तथा 13 के अधीन अपराध ;

अधिनियम सं0 3, 1867

(ड़) पूर्वोक्त अधिनियमितियों अथवा किसी अन्य अधिनियमित के अधीन ऐसा कोई अन्य अपराध, जो राज्य सरकार द्वारा सरकारी गजट में अधिसूचना प्रकाशित करके न्याय पंचायत द्वारा संज्ञेय घोषित किया जाये ; तथा

(च) इस अधिनियम अथवा उसके अधीन बनाये गये किसी नियम के अधीन कोई अपराध ।

(1–क) राज्य सरकार सरकारी गजट में आदेश प्रकाशित करके भारतीय दंड संहिता, संख्या 1860 की धारा 279, 286, 356 के अधीन अपराधों का संज्ञान करने के लिये किसी न्याया पंचायत को सशक्त कर सकती है तथा इसी प्रकार उपधारा (1) के खंड (क) से (घ) तक में अभिदिष्ट किसी अपराध को सामान्यतया न्याय पंचायतों के अथवा ऐसे न्याय पंचायतों के जो विनिर्दिष्ट की जाये, संज्ञान से वापस ले सकती है ।}2

1860 का अधिनियम 45

(2) भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 143, 145, 151 तथा 153 के अधीन किसी अपराध से संबंधित ऐसा कोई आपराधिक वाद, जो किसी न्यायालय के समक्ष विचाराधीन हो,

1860 का अधिनियम सं0 45

विचारण के लिये न्याय पंचायत को अन्तरित किया जा सकता है, यदि वह ऐसे न्यायालय की राय में गंभीर अपराध न हो ।

परिशांति कायम रखने के लिये प्रतिभूति

53–– (1) जब कभी न्यायालय के सरपंच को यह आशंका करने का कारण हो कि संभाव्य है कि कोई व्यक्ति परिशांति भंग करेगा या लोक शान्ति विक्षुब्ध करेगा, जो वह उस व्यक्ति से इस बात का कारण बताने के लिये कह सकता है, कि वह पन्द्रह दिन से अनधिक अवधि के लिये परिशान्ति कायम रखने के लिये प्रतिभूओं सहित या प्रतिभूओं के बिना 100 रु0 से अनधिक की धनराशि का बन्ध पत्र निष्पादित करने के लिये क्यों न आदिष्ट किया जाय।

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 42 (2) द्वारा निकाला गया।

2.उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 43 द्वारा प्रतिस्थापित।

3-उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 21 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) सरपंच ऐसा नोटिस जारी करने के बाद उक्त {मामले की न्यायपीठ को अभिदिष्ट करेगा।}[2] न्यायपीठ ऐसे व्यक्ति अथवा ऐसे साक्षियों की, जिन्हें वह प्रस्तुत करने की अपेक्षा करे, सुनवाई करने के बाद या तो आदेश की पुष्टि कर सकता है या नोटिस को निराकृत कर सकता है।

{(3) यदि वह व्यक्ति, जिसे उपधारा (2) के अधीन यथापूर्वोक्त बन्ध पत्र निष्पादित करने की अपेक्षा की गयी हो, ऐसा करने में चूक करे तो वह ऐसे प्रत्येक दिन के लिये, जब तक आदेश में नियत अवधि के दौरान चूक होती रहे, पांच रूपये तक, जैसा कि न्यायपीठ नियत करे, शास्ति का भुगतान करने का भागी होगा।}[3]

शास्तियां

54–– (1) कोई न्याय पंचायत कारावास का मुख्य दण्डादेश नहीं देगी।

(2) न्याय पंचायत {दो सौ पचास रूपये}[6] से अनधिक अर्थदण्ड आरोपित कर सकती है, किन्तु दण्ड भुगतान में चूक किये जाने पर कारावास का दंड नहीं दिया जायगा,

{प्रतिबन्ध यह है कि किसी अभियुक्त का एक ही आपराधिक वाद में तीन से अधिक अपराधों के लिये विचारण न किया जायगा और आपराधिक वाद में किसी एक अभियुक्त पर जुर्माना आरोपित किया जाय तो वह कुल मिलाकर {दौ सौ पचास रूपये}[6] से अधिक न होगा।}[4]

अपराधिक वादों का संज्ञान

{55–– (1) किसी क्षेत्र के लिये न्याय पंचायत की स्थापना हो जाने के पश्चात् कोई न्यायालय इस अधिनियम में अन्यथा उपबन्धित अवस्था को छोडकर, ऐसी न्याय पंचायत द्वारा विचारणयोग्य किसी आपराधिक वाद का संज्ञान नहीं करेगा।

1860 का अधिनियम सं0 45

(2) यदि कोई न्याय पंचायत धारा 95 के अधीन निलम्बित, अतिक्रमित अथवा विघटित हो जाय अथवा किसी अन्य कारण से कार्य करना बन्ध कर दे तो उसके समक्ष विचार जिन समस्त अपराधिक वाद सक्षम अधिकारिता वाले न्यायलय को अन्तरित हो जायंगे, जो उन्हें विधि के अनुसार निस्तारित करेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि न्यायालय में ऐसे समस्त आपराधिक वादों का नये सिरे से विचारण प्रारम्भ होगाः

अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि किसी न्याय पंचायत के बारे में केवल इस कारण से कि उसके पंचों का पुनः निर्वाचन होना है, यह न समझा जायेगा कि उसने कार्य करना बन्द कर दिया है।

(3) धारा 52 में तथा इस धारा की उपधारा (1) में किसी बात के होते हुये भी कोई भी न्यायालय भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 431 तथा 447 के अधीन किसी अपराध का संज्ञान कर सकता है, यदि वह ऐसा करने के लिये अन्यथा सक्षम न हो।

(4) धारा 52 में तथा इस धारा की उपधारा (1) से (3) में किसी बात के होते हुये भी, किन्तु दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 के उपबन्ध के सदैव अधीन रहते हुये, यदि

किसी न्यायलय के उक्त धाराओं में अभिदिष्ट किसी अपराध का सज्ञान किया है और ऐसे आपराधिक वाद में अभियुक्त के उपस्थित होने के लिये न्यायलय द्वारा जांच की जा सकती है और उस पर विचारण किया जा सकता है।}[5]

1.उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 43 द्वारा प्रतिस्थापित।
2.उपर्युक्त की धारा 44(1) द्वारा प्रतिस्थापित।
3.उपर्युक्त की उपधारा (2) की धारा 44 द्वारा बढाया गया।
4.उपर्युक्त की धारा 45 द्वारा बढाया गया।
5.उपर्युक्त की धारा 46 द्वारा प्रतिस्थापित।
6.उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की धारा 22 द्वारा प्रतिस्थापित।

न्यायालयों द्वारा न्याय पंचायतों को आपराधिक– वादों का अन्तरण

{56–– यदि कोई न्यायालय यह पाये कि कोई आपराधिक वाद न्याय पंचायत द्वारा विचारण योग्य है, तो वह धारा 55 की उपधारा (4) में उपबन्धित अवस्था को छोड़कर, उसे सक्षम अधिकारिता वाली न्याय पंचायत को अनतरित करेगा और तदनन्तर न्याय पंचायत उसका नये सिरे से विचारण करेगी।}[1]

परिवादों का सरसरी तौर पर 5 खारिज किया जाना

57–– न्याय पंचायत किसी परिवाद को खारिज कर सकती है यदि परिवादी का परीक्षण करने और ऐसा साक्ष्य लेने के बाद जिसे वह प्रस्तुत करे, उसका यह समाधान हो जाय कि परिवाद तुच्छ, क्षेभकारी अथवा असत्य है।

न्याय पंचायत द्वारा आपराधिक वादों का न्यायलयों को अन्तरित किया जाना

{58–– यदि न्याय पंचायत को किसी भी समय यह प्रतीत हो कि––

(क) उसके समक्ष विचाराधीन किसी आपराधिक वाद के विचारण की उसकी अधिकारिता नहीं है,

(ख) अन्तर्ग्रस्त अपराध ऐसा है कि जिसके लिये वह पर्याप्त दण्ड नहीं दे सकती है, अथवा

(ग) आपराधिक वाद का न्यायालय द्वारा अन्यथा विचारण किया जाना चाहिये,

तो वह उसे सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय को अन्तरित कर देगी और ऐसे अन्तरण की सूचना सम्बन्धित पक्षों को दे देगी।}[2]

कतिपय व्यक्तियों का विचारण न्याय पंचायतों द्वारा न किया जायगा

{59–– कोई भी न्याय पंचायत किसी ऐसे व्यक्ति के विरूद्व किसी आपराधिक वाद का संज्ञान न करेगी, यदि व्यक्ति––

(क) पहले ही किसी ऐसे अपराध में दोषसिद्व ठहराया गया हो, जो तीन वर्ष या उससे अधिक अवधि के लिये दोनों में से किसी प्रकार के कारावास से दण्डनीय हो:

(ख) जिस पर किसी न्याय पंचायत द्वारा चोरी के लिये पहले ही जुर्माना किया गया हो:

(ग) जिसे दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 की {या दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की}[4] धारा 109 अथवा 110 के अधीन सदाचार बनाये रखने के लिये आबद्व किया गया हो,

(घ) जिसे सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 के अधीन पहले ही दोषसिद्व ठहराया गया हो, अथवा

(ङ) लोक सेवक हो।}[3]

परिवादियों को प्रतिकर

60–– कोई जुर्माना आरोपित करते समय न्याय पंचायत यह आदेश दे सकती है कि वसूल किया गया सम्पूर्ण जुर्माना या उसका कोई भाग निम्नलिखित के लिये प्रयुक्त किया जाय––

(क) परिवादी द्वारा आपराधिक वाद में उचित रूप से किये गये व्यय को पूरा

करने,

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 47 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 48 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 49 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की धारा 23 द्वारा प्रतिस्थापित।

{(ख) अपराध के कारण किसी सारवन हानि अथवा क्षति के लिए किसी व्यक्ति को प्रतिकर का भुगतान करने, या }[1]

{(ग) चोरी गई संपत्ति के किसी सद्भावमय क्रेता को उसकी हानि के निमित प्रतिकर देने के लिए यदि सम्पत्ति उसके हकदार व्यक्ति के कब्जे में प्रत्यावर्तित कर दी जाय।}[2]

अभियुक्त को प्रतिकर

{61–– (1) यदि न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित किसी आपराधिक वाद में किसी व्यक्ति पर किसी ऐसे अपराध का अभियोग लगाया गया हो, जो न्याय पंचायत द्वारा विचारण योग्य हो, और न्याय पंचायत उस अभियुक्त को विमुक्त कर देती है और उसकी यह राय हो कि उस पर लगया गया अभियेग मिथ्या और तुच्छ अथवा क्षोभकारी या तो न्याय पंचायत परिवादी से तत्क्षण इस बात का कारण बताने के लिए कह सकती है कि वह ऐसे अभियुक्त को प्रतिकर का भुगतान क्यों न करे।

1938 का अधिनियम सं0 6

(2) यदि परिवादी की सुनवायी करने के बाद न्याय पंचायत का समाधान हो जाय कि अभियोग मिथ्या और तुच्छ अथवा क्षोभकारी था तो वह निदेश दे सकती है कि ऐसे परिवादी द्वारा अभियुक्त को पच्चीस रूपये से अनधिक प्रतिकर का भुगतान किया जाय।}[3]

अपराधियों का परिवीक्षा पर

62–– न्याय पंचायत द्वारा संयुक्त प्रान्त प्रथम अपराधियों की परिवीक्षा अधिनियम, 1938 की धारा 4 की शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है।

जोड़ा जाना

{63–– दण्ड प्रक्रिया संहिता, {1973}[5] में किसी बात के होते हुए भी, मजिस्ट्रेट किसी ऐसे आपराधिक वाद में, जिसमें अपराध ऐसी न्याय पंचायत की क्षेत्रीय अधिकारिता के भीतर किया गया था, उक्त संहिता की धारा 202 में अभिदिष्ट जांच न्याय पंचायत द्वारा किये जाने का निदेश दे सकता है और न्याय पंचायत आपराधिक वाद में जांच करेगी तथा उक्त मजिस्ट्रेट को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। निदेश के प्राप्त होने पर सरपंच या सहायक सरपंच और उनकी अनुपस्थिति में धारा 75 में उल्लिखित पंच, उसे धारा 49 के अधीन बनाये गये न्यायापीठ को सौंप देगा।}[4]

मजिस्ट्टों द्वारा भेजे गये आपराधिक वादों में जांच

1898 का अधिनियम सं0 5

सिविल वादों में अधिकारिता का विस्तार

{64–– (1) न्याय पंचायत, धारा 66 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, निम्न प्रकार के किसी सिविल वाद का संज्ञान कर सकती है, यदि उसका मूल्य एक सौ रूपये से अधिक न हो–––

(क) स्थावर संपत्ति के सम्बध में संविदा से भन्न किसी संविदा पर देय धन के लिये सिविल वाद,

(ख) जंगम संपत्ति की वसूली के लिए अथवा उसके मूल्य क लिए सिविल वाद,

(ग) किसी जंगम संपत्ति को दोषपूर्ण रूप से लेने या उसे क्षति पहुंचाने के सम्बन्ध में प्रतिकर के लिए सिविल वाद, अथवा

(घ) पशुओं के अनधिकृत प्रवेश से हुई क्षति के लिए सिविल वाद।

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्याा 2, 1955 की धारा 50 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 50 (3) द्वारा बढ़ाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 51 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 52 द्वारा प्रतिस्थापित।

5. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की धारा 24 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) राज्य सरकार सरकारी गजट में अधिसूचना प्रकाशित करके निवेश दे सकती है कि किसी पंचायत की अधिकारिता का विस्तार पांच सौ रूपये से अनधिक मूल्य के ऐसे समस्त सिविल वादों तक होगा।}[1]

65–– {* * *}[2]

{66–– धारा 64 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए न्याय पंचायत को निम्नलिखित सिविल वादों का संज्ञान करने के अधिकारिता न होगी,–– न्याय पंचायत की अधिकारिता का अपवर्जन

(1) भागीदार लेखे के सम्बन्ध में देय बकाया के लिये सिविल वाद, सिवाय उस दशा के जब कि बकाया पक्षों अथवा उनके अभिकर्ताओं द्वारा किया गया हो,

(2) निर्वसीयता की दशा में किसी अंष के लिये या अंश के किसी भाग के लिये अथवा वसीयत के अधीन वसीयत सम्पदा क लिए या वसीयत सम्पदा के भाग के लिये सिविल वाद,

(3) राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार अथवा किसी लोक सेवक द्वारा या उसके विरूद्व ऐसे कार्यों के लिये सिविल वाद, जो उसने पदीय हैसियत से किये हों,

(4) अवयस्क अथवा विकृत चित के व्यक्ति द्वारा अथवा उसके विरूद्व सिविल वाद, और

(5) ऐसा सिविल वाद जिसका यू0पी0 विलेज पंचायत ऐक्ट, 1920 के अधीन स्थापित किसी पंचायत द्वारा संज्ञान किया जाना यूनाइटेड प्राविंसेज डेट रिडैम्पशन ऐक्ट, 1940 की धारा 25 के अधीन वर्जित हो।}[3]

67–– (1) न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित प्रत्येक सिविल वाद में ऐसा सम्पूर्ण दावा सम्मिलित होगा जिसे वादी विवादग्रस्त मामले में करने का हकदार हो, किन्तु सिविल वाद को न्याय पंचायत की धिकारिता के भीतर लाने के लिये अपने दावे के किसी भाग का त्याग कर सकता है। सिविल वादों में सम्पूर्ण दावे सम्मिलित होंगे

(2) यदि वादी {अपने दावे के किसी भाग}[4] के सम्बन्ध में वाद लाये या उक्त {भाग}[4] का त्याग करे, तो वह तत्पश्चात् ऐसे भाग के लिये जिसके सम्बन्ध में वाद न लाया गया हो या जिसका त्याग किया गया हो, वाद प्रस्तुत न करेगा।

68–– प्रत्येक सिविलवाद जो अनुसूची में उसके लिये नियत परिसीमा की अवधि के पश्चात न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित किया गया हो, खारिज कर दिया जायगा, भले ही प्रतिवाद के रूप में परिसीमा का प्रश्न न उठाया गया हो: परिसीमा

{प्रतिबन्ध यह है कि किसी सिविलवाद के लिए नियत परिसीमा की अवधि की संगणना करने में वह समय निकाल दिया जायगा, जिसमें वादों किसी न्यायालय में प्रतिवादी के विरूद्व किसी दूसरे सिविल वाद का यथाचित तत्परता से अभियोजन कर रहा हो, यदि वह दूसरा वाद उसी वाद कारण पर आधारित हो और सद्भाव से एसे न्यायालय में अभियोजित किया गया हो जो अधिकारिता के दोष से अथवा इसी प्रकार के किसी अन्य कारण से उसे ग्रहण करने में असमर्थ हो।}[5]

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 53 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 54 द्वारा निकाला गया।
3. उपर्युक्त की धारा 55 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 56 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 57 द्वारा बढ़ाया गया।

69—— {(1)}[3] आगम, विधिक स्वरूप, संविदा अविा दायित्व के प्रश्न पर न्याय पंचायत का निर्णय पक्षों पर बन्धनकारी नही होगा सिवाय उसव सिविल वाद के सम्बन्ध में जिसमें तत्सम्बन्धी निर्णय किया गया हो। न्याय पंचायतों के निर्णय का प्रभाव

{(2) न्याय पंचायत द्वारा आदेशित कोई दोष सिद्धि तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी अनर्हता या शास्ति के रूप में न तो प्रवर्ती होगी और न उसका आधार ही होगी।}[3]

70—— {***}[2]

71—— {***}[2]

72—— {***}[2]

73—— (1) कोई भी न्याय पंचायत किसी ऐसे विषय के सम्बन्ध में, जो उन्हीं पक्षों अथवा ऐसे पक्षों के बीच, जिनके अधीन वे अथवा उनमें से कोई पक्ष दावा करे, पूर्ववर्ती सिविल वाद में सक्षम अधिकारिता वाले किसी न्यायालय में निर्णयार्थ विचाराधीन हो अथवा जिसकी सुनवाई या निर्णय उसके द्वारा किया गया हो, किसी विविल वाद, राजस्व वाद अथवा वाद पद का विचारण न करेगा। पूर्वन्याय तथा विचाराधीन वाद

(2) यदि किसी अपराध के सम्बन्ध में किसी आभयुक्त व्यक्ति के विरूद्व किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद विचाराधीन हो अथवा यदि अभियुक्त व्यक्ति का किसी अपराध के लिये विचारण किया गया हो तो कोई भी न्याय पंचायत ऐसे किसी अपराध का अथवा किसी ऐसे अन्य अपराध का उनहीं तथ्यों पर संज्ञान न करेगी, जिसके लिये अभियुक्त पर दोषारोपण किया गया होता या वह दोष सिद्ध ठहराया गया होता।

74—— यदि कोई {आपराधिक वाद या सिविल वाद}[4] एक से अधिक न्याय पंचायतों में अधिकारिता ग्रहणीय हो तो {परिवादी या वादी}[5] यथास्थिति परिवादी या वादी को ऐसी नयाय पंचायतों में से किसी एक में प्रस्तुत कर सकता है। अधिकारिता के सम्बन्ध में किसी विवाद का निर्णय यथा स्थिति अधिकारिता वाले {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[6] द्वारा किया जायगा। समवर्ती

{74—क—— सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 की धारा 10 उन विचारण जब सिविल वाद या {***}[8] सिविल वादों के विचारण पर लागू होगी जो अधिकारिता वाली दो या दो से अधिक एक में न्याय पंचायतों के समक्ष विचाराधीन हो। विचारण जब सिविल {***}[7] में वादकरण से अधिक सर्किलों उत्पन्न हो 1908 का अधिनियम सं0 5

1. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 2, 1955 की धारा 57 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 58 द्वारा निकाला गया।
3. उ0प्र0 अधिनियम संख्या 37, 1978 की 25 द्वारा पुनर्संख्यांकित तथा बढ़ाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 26 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 26 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 26 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 27 (क) द्वारा निकाला गया।
8. उपर्युक्त की धारा 27 (ख) द्वारा निकाला गया।

74—ख—— जब यह अनिश्चित हो कि कई सर्किलों में से किस सर्किल में अपराध किया गया था अथवा जब अपराध अंशतः एक सर्किल में और अंशतः दूसरे सर्किल में किया गया हो अथवा जब अपराध जारी रहने वाला अपराध हो और एक से अधिक सर्किलों में किया गया हो तो उसकी जांच उस न्याय पंचायत द्वारा की जा सकती है जिसकी ऐसे सर्किलों में से किसी सर्किल में अधिकारिता हो।}[1] विचारण जबकि अपराध स्थल अनिश्चित हो या वह अपराध सर्किल में न हो या जब कि अपराध जारी रहने वाला हो अथवा जिसमें कई कार्य सम्मिलित हों

75—— कोई व्यक्ति, जो इस अधिनियत के अधीन {कोई सिविलवाद या आपराधिक तथा वाद}[8] न्याय पंचायत के समक्ष संस्थित करना चाहे, न्याय पंचायत सरपंच को {और उसकी सिविल वादों

आपराधिक वादों का

अनुपस्थिति में सहायक सरपंच को}[2] और सर्किल से {उसकी}[3] अनुपस्थिति की दशा में ऐसे

संस्थित किया जाना

अन्य पंच को जो {सरपंच द्वारा तदर्थ नियुक्त किया गया हो}[4] मौखिक या लिखित रूप से आवेदन–पत्र दे सकता है और साथ ही वह नियत फीस का भी भुगतान करेगा। न्यायालय फीस अधिनियम, 1870 न्याय पंचायतों के सम्बन्ध में लागू नहीं होगा सिवाय उस दशा के जब ऐसा नियत किया जाय। प्रत्येक सिविल वाद में वादी मूल्य बतायेगा।

{(2) यदि कोई {* * * }[9] मौखिक रूप से संस्थित किया जाय तो आवेदन–पत्र प्राप्त करने वाल सरपंच सहायक सरपंच अथवा पंच नियत ब्योरों को अबिलम्ब अभिलिखित करेगा और उस पर आवेदक का हस्ताक्षर अथवा अंगुष्ठ छाप ले लिया जायेगा।}[5]

1870 का अधिनियम सं0 7

{76–– तदुपरान्त सरपंच, सहायक सरपंच अथवा उनकी अनुपस्थिति में धारा 75 में न्यायपीठ के उल्लिखित पंच आवेदन–पत्र को धारा 49 के अधीन बनाए गए न्यायपीठ के समक्ष निस्तारण के लिए रखेगा और उक्त न्यायपीठ के समक्ष उस आवेदन–पत्र की प्रथम सुनवाई का दिनांक भी निश्चित करेगा तथा उस दिनांक की सूचना यथास्थिति आवेदक, परिवादी अथवा वाद की ओर न्यायपीठ के सदस्यों को देगा।}[6]

आवेदन–पत्र समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा

{77–– न्यायपीठ अपने सदस्यों में से एक व्यक्ति को उस न्यायपीठ का सभापति चुनेगा, जो कि कार्यवाहियों का संचालन करेगाः

प्रतिबन्ध यह है कि यदि सरपंच अथवा सहायक सरपंच न्यायपीठ का सदस्य हो तो वह और यदि उनमें से दोनों ही उसी न्यायपीठ के सदस्य हों तो सरपंच, सभापति होगा।}[7]

न्यायपीठ का सभापति

{77–क (1) यदि धारा 49 के अधीन के अधीन संघटित न्यायपीठ में नियुक्त कोई पंच किसी सुनवाई के समय अनपस्थित हो, तो शेष पंच इस अधिनियम में किसी बात के होते हुए {आपराधिक वाद या सिविल वाद}[10] का विचारण करेंगेः

न्यायपीठ से पंच की अनुपस्थिति भी

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 60 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. उपर्युक्त की धारा 61(1) (क) द्वारा बढाया गया।
3. उपर्युक्त की धारा 61(1) (ख) द्वारा बढाया गया।
4. उपर्युक्त की धारा 61(1) (ग) द्वारा बढाया गया।
5. उपर्युक्त की धारा 61(2) द्वारा बढाया गया।
6. उपर्युक्त की धारा 62 द्वारा बढाया गया।
7. उपर्युक्त की धारा 63 द्वारा बढाया गया।
8. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37 1978 की धारा 28 (क) द्वारा बढाया गया।
9. उपर्युक्त की धारा 28 (ख) द्वारा मिटाया गया।
10. उपर्युक्त की धारा 29 द्वारा बढ़ाया गया।

प्रतिबन्ध यह है कि कम से कम तीन पंच, जिनमें सभापति भी सम्मिलित होगा, उपस्थिति हो और अग्रेतर यह भी प्रतिबन्ध है कि उपस्थिति पंचों में से कम से कम एक पंच साक्ष्य तथा कार्यवाहियों को अभिलिखित करने में सामर्थ्य हो।

(2) यथापूर्वोक्त कोई भी विचारण केवल इस कारण से अमान्य न होगा कि समस्त पांचों सदस्य, जिनसे न्यायपीठ बना है, किसी सुनवाई के समय उपस्थित न थे अथवा यह कि ये ही पंच समस्त सुनवाइयों के समय उपस्थित न थे।

(3) उपधारा (1) तथा (2) के उपबन्ध धारा 63 के अधीन न्याय पंचायत द्वारा की गई जांच पर आवश्यक परिवर्तनों सहित होंगे।}[1]

{78–– (1) यदि सुनवाई के लिए निश्चित समय और स्थान सूचित किये जाने के बाद भी, यथास्थिति वादी या परिवादी उपस्थित न हो तो न्याय पंचायत वाद को खारिज कर सकती है या ऐसा आदेश दे सकती है जैसा वह उचित समझे।}[3]

सम्बन्धित पक्षों की अनुपस्थिति में सिविल वाद और आपराधिक वादों का खारिज किया जाना

(2) न्याय पंचायत {यथास्थिति प्रतिवादी या अभियुक्त की अनुपस्थित में सिविल वाद या आपराधिक वादी}[4] की सुनवाई कर सकती है और उसके सम्बन्ध में निर्णय दे

सकती है, यदि उस पर समन तामील हो चुका हो अथवा उसे सुनवाई के लिए निश्चित समय और स्थान की सूचना दी जा चुकी हो।

न्याय पंचायत अपने निर्णय को पुनरीक्षण अथवा परिवर्तित नहीं करेगी

79–– (1) उपधारा (2) में उपबन्धित अवस्था को छोड़कर अथवा लिपिक अशुद्वि को ठीक करने के अलावा न्याय पंचायत अपने द्वारा दी गई किसी डिक्री या दिये गये किसी आदेश का विलोपन करने, उसे पुनरीक्षित करने अथवा परिवर्तित करेन के लिए सशक्त न होगी।

(2) न्याय पंचायत समन की व्यक्गित रूप से तामील न किए जाने की दशा में डिक्री अथवा आदेश के दिनांक से अथवा उनकी जानकारी प्राप्त होने के दिनांक से एक मास के भीतर आवेदन–पत्र दिये जाने पर किसी {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[5] को, जो सम्बन्धित पक्ष के चूक के कारण खारिज कर दिया गया हो या जिसमें एक पक्षीय डिक्री दी गई हो या आदेश दिया गया हो, अभिलिखित किए जाने वाले पर्याप्त कारणों से पुनः स्थापित कर सकती है।

विधि व्यवसायों न्याय पंचायत के समक्ष उपस्थित होंगे

{80–– कोई भी विधि व्यवसायी न्याय पंचायत के समक्ष किसी पक्ष की ओर से न तो उपस्थित होगा, न वकालत करेगा और न कोई कार्य ही करेगा :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी ऐसे व्यक्ति की, जो बन्दी बनाया गया हो और अभिरक्षा में निरूद्व हो, अपनी पसन्द के किसी विधि व्यवसायी से परामर्श लेने और उसके द्वारा अपना प्रतिवाद कराने का अधिकार होगा।}[2]

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0 23, 1952 की धारा 3 द्वारा बढ़ाया गया।

2.उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 65 द्वारा बढ़ाया गया।

3.उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 30 (क) द्वारा बढ़ाया गया।

4.उपर्युक्त की धारा 30 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।

5. उपर्युक्त की धारा 31 द्वारा प्रतिस्थपित।

प्रतिनिधियों द्वारा स्वयं उपस्थित होना

81–– धारा 80 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[6] में कोई पक्ष, न्याय पंचायत के समक्ष स्वयं अथवा उसके द्वारा {लिखित रूप में सम्यक रूप से प्राधिकृत}[1] ऐसे सेवक पंचायत (जो दलाल न हो,) भागीदार, सम्बन्धी अथवा मित्र द्वारा उपस्थित हो सकता है जिसे न्याय पंचायत उसका प्रतिनिधित्व करने के लिए ठीक व्यक्ति के रूप में स्वीकार करे :

{प्रतिबन्ध यह है कि धारा के अधीन निवेशित किसी मुखतारनामें के लिए कोई स्टाम्प षुल्क भुगतान करने की आवश्यकता न होगी।}[2]

कतिपय मामलों में अधिकारिता विशेष

{82–– इस अधिनियम में अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी न्याय पंचायत के लिए यह वैध होगा कि वह किसी ऐसे विवाद का जो उसके स्थानीय क्षेत्र में उत्पन हो और किसी न्यायालय में विचाराधीन न हो, किसी ऐसे निपटारे, समझौते या षपथ क अनुसार निर्णय करे जिस पर पक्षों ने लिखित रूप में सहमति दी हो।}[3]

सत्यता सुनिश्चित करने के लिए प्रकिया और शक्ति 1908 का अधनियम सं05

83–– {(1)}[4] न्याय पंचायत किसी {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[6] में ऐसा साक्ष्य प्राप्त करेगी जिसे पक्ष प्रस्तुत करे और वह ऐसा और साक्ष्य मांग सकती है जो विचारणीय विषय के अवधारण के लिए उसकी राय में आवश्यक हो। न्याय पंचायत का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे प्रत्येक विधि समस्त साधनों से, जो उसकी शक्ति में हो, अपने समक्ष प्रस्तुत प्रत्येक {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[6] के तथ्यों को सुनिश्चित करे और तत्पश्चात व्यय सहित या व्यय के बिना ऐसी डिक्री या ऐसी आज्ञा दे जो उसे न्यायोचित और वैध प्रतीत हो। वह उस {क्षेत्र}[7] में, जिससे विवाद सम्बन्धित है, स्थानीय रूप से जांच कर सकती है। यह इस अधिनियम

द्वारा या इसके अधीन नियत प्रक्रिया का अनुसरण करेगी। न्याय–पंचायत में किसी {सिविल वाद या आपरधिक वाद}[6] के सम्बन्ध में सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 दण्ड प्रक्रिया संहिता {1973}[8], भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 तथा परिसीमा अधिनियम, {1963}[9] लागू नहीं होंगे सिवाय उस
दिशा के जबकि इस अधिनियम में ऐसा उपबन्धित हो अथवा ऐसा नियत किया जाय।

{(2) इस उपधारा में कोई बात किसी पक्ष को इस बात का हकदार नहीं बनाएगी कि वह किसी ऐसे अपराध का शमन करे जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, {1973}[10] के उपबन्धों के अधीन शमन
किए जाने योग्य न हो अथवा सम्बन्धित न्यायपीठ की अनुमति के बिना किसी अपराध का शमन करे यदि वह उक्त संहिता के उपबन्धों के अधीन अनुमति से शमन किए जाने योग्य हो।}[5]

{(3) जहां न्याय पंचायत की राय में, कोई पक्ष मामले निस्तारण में जानबूझ कर विलम्ब करता है, वहां वह ऐसे पक्ष पर पांच रूपए से अनधिक का खर्च आरोपित कर सकती है जो दूसरे पक्ष को देय होगा।}[11]

बहुमत अभिभवी होगा

84–– पंचों में मतभेद होने की दशा में बहुमत की राय अविभावी होगी।

1.उ0प्र0 अधिनियम सं0. 2, 1955 को धारा 66 (1) द्वारा बढ़ाया गया।
2.उपर्युक्त की धारा 66 (2) द्वारा बढ़ाया गया।
3.उपर्युक्त की धारा 67 द्वारा बढ़ाया गया।
4.उपर्युक्त की धारा 68 (1) द्वारा पुनर्संख्यांकित।
5.उपर्युक्त की धारा 68 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
6.उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 को धारा 32 एवं धारा 33 (क) (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
7.उपर्युक्त की धारा 33 (क) (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
8.उपर्युक्त की धारा 33 (क) (3) द्वारा प्रतिस्थापित।
9.उपर्युक्त की धारा 33 (क) (4) द्वारा प्रतिस्थापित।
10.उपर्युक्त की धारा 33 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
11. उपर्युक्त की धारा 33 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

बहुमत अभिभवी होगा न्याय

{85–– (1) दोनों पक्षों में से किस पक्ष द्वारा आवेदन–पत्र दिए जाने और पक्षों को नोटिस दिए जाने के पश्चात तथा उनमें से ऐसे पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात् जो सुनवाई कराना चाहें अविा बिना नोटिस के स्वप्रेरण से {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[2] इस बात के प्रवर
शक्ति अनुसार कि न्यय पंचायत के समक्ष विचाराधीनवाद {आपराधिकवाद या सिविलवाद}[3] है, उसे किसी भी प्रक्रम पर वापस ले सकता है, तथा–

पंचायत से वादों को अन्तरित करने की न्यायालयों की

(1) उसे निस्तारित करने का प्रयत्न कर सकता है, या

(2) उसे न्याय पंचायत के किसी अन्य न्यायपीठ को अन्तरित कर सकता है,

(3) उसे विचारण के लिए अथवा निस्तारण के लिए किसी ऐसे अन्य {मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[4] को जो उसका विचारण या निस्तारण करने के लिए सखम हो, अन्तरित कर सकता है।

{(2) जहां कोई आपराधिक या सिविल वाद उपधारा (1) के अधीन वास ले लिया गया हो, वहां वह न्यायालय, जो तत्पश्चात उसका विचारण करें, या तो उसका पुनर्विचारण कर सकतहा है या उस प्रक्रम से विचारण प्रारम्भ कर सकता है, जहां से उसे वापस ले लिया गया था।}[5]

(3) यदि उपधारा (1) के अधीन दिया गया कोई आवेदन–पत्र तुच्छ अथवा क्षोभकारी हो तो आवेदक पर यथास्थिति {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[6] द्वारा पचास रूपये तक का जुर्माना किया जा सकता।}[1]

साक्षियों को समन जारी किया जाना

86–– यदि न्याय पंचायत किसी {सिविल वाद या आपराधिक वाद}[7] में किसी व्यक्ति का साक्ष्य अथवा उसके द्वारा लेख्य प्रस्तुत किया जाना आवश्यक समझे तो वह उस व्यक्ति को

उपस्थिति होने या ऐसा लेख्य प्रस्तुत करने या उसे प्रस्तुत कराने के लिए बाध्य करने के निर्भित्त एक समन जारी कर सकती है तथा उस व्यक्ति पर नियत रीति से उसकी तामील करा सकती है और वह व्यक्ति समन में दिए गए निदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होगा।

न्याय पंचायत के समक्ष उपस्थित होने में चूक करने के लिए शास्ति

87—— यदि कोई व्यक्ति, जिसे न्याय पंचायत साक्ष्य देने या अपने समक्ष कोई लेख्य प्रस्तुत करने के निभित्त उपस्थिति होने के लिए लिखित आदेश द्वारा समन करे, जानबूझ कर ऐसे समन अथवा नोटिस अथवा आदेश की अवज्ञा करे तो न्याय पंचायत अधिकरिता वाले मजिस्ट्रेट को परिवाद कर सकती है और उक्त व्यक्ति ऐसे जुर्माने से दण्डनीय होगा जो पचीस रूपए तक हो सकता है :

प्रतिबन्ध यह है कि किसी महिला को न्याय पंचायत के समक्ष स्वयं उपस्थिति होने के लिए बाध्य नहीं किया जायगा। उसकी परीक्षा नियत रीति से कमीशन द्वारा की जा सकती है:

प्रतिबन्ध यह भी है कि यदि धारा के अधीन जारी किए गए समन का पालन करके कोई लेख्य प्रस्तुत किया जाय तो न्याय पंचायत उस लेख्य की प्रतिलिपि तैयार कराएगी, मूल प्रति से मिलान करने के बाद प्रतिलिपि पर यह चिन्हित करेगी कि वह सही प्रतिलिपि है ओर मूल लेख्य को उसके प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को लौटा देगी:

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0. 2, 1955 की धारा 69 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 34 (क) (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 34 (क) (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 34 (क) (3) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 34 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 34 (ग) द्वारा प्रतिस्थापित।
7. उपर्युक्त की धारा 35 द्वारा प्रतिस्थापित।

{अग्रतर प्रतिबन्ध यह है कि यदि न्याय पंचायत को यह प्रतीत हो कि कोई साक्षी रूग्णता या शारीरिक अशक्तता के कारण उसके सम्मख उपस्थिति होने में असमर्थ है अथवा यह कि उसे बिना अनुचित विलम्ब, व्यय अथवा असुविधा के उपस्थित नहीं कराया जा सकता है, तो वह, ऐसे निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए, जो नियत किए जायं, ऐसे साक्षी का साक्ष्य लेने के लिए नियत रीति से कमीशन जारी कर सकती है। इस प्रकार लिया गया साक्ष्य वाद के अभिलेख का भाग होगा।}[1]

सिविल वादों इत्यादि का खारिज किया जाना

88—— न्याय पंचायत किसी सिविल वाद {***}[3] को खारिज कर सकती है यदि वादी अथवा आवेदक का बयान लेने के बाद उसका यह समाधान हो जाय कि सिविल {***}[3] तुच्छ, क्षोभकारी अथवा असत्य है।

पुनरीक्षण

89—— (1) {सिविल या आपराधिक वाद}[5] के अनुसार {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[4] या तो स्वप्रेरणा से अथवा किसी पक्ष द्वारा आवेदन–पत्र दिए जाने पर जो उस आदेश के दिनांक से, जिसके विरूद्व परिवाद किया गया हो, अथवा यदि आवेदक पर समन व्यक्तिगत रूप से तामील न किया गया हो तो आदेश की जानकारी होने के दिनांक से 60 दिनों के भीतर दिया गया हो, किसी ऐसे वाद के अभिलेख को मांग सकता है, जो न्याय पंचायत द्वारा निर्णीत हुआ हो और यदि उसे यह प्रतीत हो कि अन्याय हुआ है अथवा कोई सारवान अनियतितता हुई है, तो वह वाद में ऐसा आदेश दे सकता है, जिसे वह ठीक समझे।

स्पष्टीकरण– विधि द्वारा निहित अधिकारिता का प्रयोग करने में चूक करना अथवा विधि द्वारा निहित अधिकारिता से अधिक अधिकारिता का प्रयोग करना इस धारा के प्रयोजनों के लिए सारवान अनियमितता समझी जायगी।

(2) पूर्वोक्त उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यथास्थिति {न्यायिक मजिस्ट्रेट मुंसिफ}[4] :——

(क) न्याय पंचायत द्वारा दी गई डिक्री का या दिए गए आदेश को अभिखंडित कर सकता है;

(ख) आदेश का परिश्कार कर सकता है;

(ग) ऐसे निदेश के साथ, जिसे वह ठीक समझे, वाद को पुनःविचारण के लिए न्याय पंचायत को प्रतिप्रेशित कर सकता है; अथवा

(घ) वाद का स्वयं विचारण कर सकता है अथवा उसे किसी ऐसे अन्य न्यायालय अथवा अधिकारी को अन्तरित कर सकता है जो उसका परीक्षण करने के लिए सक्षम हो।

(3) यदि उपधारा (1) के अधीन कोई आवेदन–पत्र यथास्थिति {न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ}[4] द्वारा तुच्छ या क्षोभकारी पाया जाय तो, वह, अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, आवेदक द्वारा प्रतिपक्ष को प्रतिकर के रूप में पचास रूपये से अनधिक विशेष व्यय का भुगतान किए जाने का आदेश दे सकता है।

(4) यथापूर्वोक्त के सिवाय किसी {सिविल या आपराधिक वाद}[6] में न्याय पंचायत द्वारा दी गई डिक्री अथवा दिए गए आदेश के विरूद्व किसी न्यायालय में न तो अपील की जा सकेगी और न उसका पुनरीक्षण किया जा सकेगा।}[2]

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 2, 1955 की धारा 70 द्वारा बढ़ाया गया।
2. उपर्युक्त की धारा 71 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उ0प्र0 अधिनियम सं0 37, 1978 की धारा 36 द्वारा निकाला गया।
4. उपर्युक्त की धारा 37 (क) द्वारा प्रतिस्थापित।
5. उपर्युक्त की धारा 37 (ख) द्वारा प्रतिस्थापित।
6. उपर्युक्त की धारा 37(ग) द्वारा प्रतिस्थापित।

{(5) धारा 95 में किसी बात के होते हुए भी, जहां कोई न्यायिक मजिस्ट्रेट या मुंसिफ इस धारा के अधीन दिए गए किसी आदेश में यह निष्कर्ष देता है कि न्याय पंचायत के किसी पंच या पंचों ने जिसके अन्तर्गत कोई सरपंच भी है उक्त मामले के सम्बन्ध में, जिसके कारण पुनरीक्षण करना पड़ा हो, ऐसी रीति से व्यवहार किया है जो उसके या उनके पद के लिए अनुचित है, वहां नियत प्राधिकारी ऐसे निष्कर्ष के अधार पर ऐसे पंच या पंचों को हटा सकता है, और यह आवश्यक न होगा कि प्रस्तावित कार्यवाही के विरूद्ध उसे या उन्हें कारण बताने का कोई अवसर दिया जाय।}[5]

प्रतिवादी अथवा अभियुक्त व्यक्तियों को समन

90–– न्याय पंचायत धारा 75 के अधीन आवेदन–पत्र दिए जाने के पश्चात् जब तक कि वह इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन खारिज न कर दिया गया हो या अन्यथा उसका निस्तारण न कर दिया गया हो, प्रतिवादी अथवा अभियुक्त व्यक्ति {***}[6] पर नियत प्रपत्र में और नियत रीति से समन तामील करवाएगी जिसमें वह उसे ऐसे समय और ऐसे स्थान पर जो समन में अताया गया हो, उपस्थित होने और अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने की अपेक्षा करेबी और साथ ही वादी अथवा परिवादी {***}[6] को उक्त समय और स्थान पर उपस्थित होने और अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए निदेश देगी।

91 –– {***}[1]

डिक्री का भुगतान अथवा समायोजन अभिलिखित किया जायगा

92–– यदि डिक्रीधारी अथवा वाद ऋणी द्वारा आवेदन–पत्र दिए जाने पर, वह न्याय पंचायत जिसने डिक्री दी हो, जांच के पश्चात् यह पाए कि डिक्री की पूर्ण रूप से अथवा आंषिक रूप से तुष्टि हो चुकी है तो वह इस तथ्य को नियत– रजिस्टर में अभिलिखित करेगी।

डिक्रियों का निष्पादन

{93–– (1) न्याय पंचायत द्वारा दी गई डिक्री अथवा दिए गए आदेश का उसके द्वारा ऐसी रीति से निष्पादन किया जायगा जो नियत की जाय। यदि प्रतिवादी {***}[7] की सम्पत्ति डिक्री अथवा आदेश को निष्पादन के लिए उस न्याय पंचायत को नियत रीति से अन्तरित कर सकती है जिसकी अधिकारिता में उक्त सम्पत्ति स्थित हो और यदि वहां नयाय पंचायत न हो तो यथास्थति {उस मुंसिफ}[8] के न्यायालय को अन्तरित कर सकती है जिसकी अधिकारिता में वह स्थिति हो।

(2) यदि न्याय पंचायत किसी डिक्री या आदेश के निष्पादन में कोई कठिनाई पाए, तो वह उसे यथास्थिति {मुंसिफ}9 को भेज देगी और वह उसका निष्पादन इस प्रकार करेगा मानो वह उसके द्वारा दी गई डिक्री या दिया गया आदेश हो।}2

94–– {न्याय पंचायत द्वारा आरोपित कोई जुर्माना या ऐसा प्रतिकर, जिसके भुगतान के निरीक्षण लिए धारा 61 में उसके किन्तु यदि न्याय पंचायत को उसे वसूल करने में कोई कठिनाई हो, तो वह उस {न्यायिक मजिस्ट्रेट}10 से, जिसकी अधिकारिता में न्याय पंचायत स्थित हो, उसे वसूल करने का अनुरोध कर सकती है ओर वह उसे इस प्रकार वसूल करेगा मानो जुर्माने का दण्डादेश उसी के द्वारा दिया गया हो।

1. उ0प्र0 अधिनियम सं0 02, 1955 की धारा 72 द्वारा निकाला गया।
2. उपर्युक्त की धारा 73 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. उपर्युक्त की धारा 74 (1) द्वारा प्रतिस्थापित।
4. उपर्युक्त की धारा 74 (2) द्वारा प्रतिस्थापित।
